सेंसेक्स 73,745.35 ▲ +1,245.05
डॉलर 82.858 ▼ -0.051

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 33.0 | 16.0 | 23.0 |
| धनबाद | 32.0 | 15.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 17.0 | 24.0 |
| पलामू | 34.0 | 16.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 02 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-32, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय राहुल की यात्रा ने जब से कदम आगे बढ़ाये हैं... 08

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

दिल्ली की आरसीबी पर जीत का श्रेय पूरी टीम...10 खेल


### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,200

चांदी (1 किलो) 75,700

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

सिंदरी संयंत्र मोदी की गारंटी थी और आज यह गारंटी पूरी हो गई

# विकसित भारत के संकल्प का ऊर्जा स्रोत बनेगी भगवान बिरसा की भूमि

### उत्तरी कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट यूनिट एक (660 मेगावाट) राष्ट्र को समर्पित

### 35,700 करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

### 17,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को झारखंड पहुंचे और धनबाद के सिंदरी से उन्होंने राज्य के चहुंमुखी विकास को नई ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने 35,700 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन विकास परियोजनाओं में उर्वरक, रेल, विद्युत और कोयला क्षेत्र शामिल हैं। वहीं प्रधानमंत्री ने महत्वकांक्षी हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल-हर्ल) का लोकार्पण भी किया। मौके पर उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनजातीय समुदायों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के विकास को प्राथमिकता देकर झारखंड के लिए महत्वपूर्ण काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित झारखंड बनाना भी महत्वपूर्ण है। भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी। प्रधानमंत्री ने सिंदरी उर्वरक संयंत्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हिंदुस्तान उर्वरक व रसायन लि. (एचयूआरएल-हर्ल) सिंदरी उर्वरक संयंत्र का लोकार्पण



### 8900 करोड़ रुपये से हुआ हर्ल का पुनरुद्धार

प्रधानमंत्री ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी राष्ट्र को समर्पित किया। 8900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित यह उर्वरक संयंत्र यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। इससे देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा और देश के किसानों को लाभ होगा। यह रामागुंडम, गोरखपुर और बरौनी के उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार के बाद देश में पुनरुद्धार होने वाला चौथा उर्वरक संयंत्र है। पिछले 20 सालों से हर्ल कारखाना से उत्पादन बंद था। प्रतिदिन 4,100 मीट्रिक टन इसकी उत्पादन क्षमता हैं। इस साल 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया। आने वाले वर्ष में निर्धारित लक्ष्य सालाना 12 लाख मीट्रिक टन है।

### इन परियोजनाओं का भी हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

- सोन नगर-अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइन
- टोरी-शिवपुर पहली तथा दूसरी, बिराटोली-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन (टोरी-शिवपुर परियोजना का हिस्सा)
- मोहनपुर-हंसडीहा नई रेल लाइन
- धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन तथा अन्य परियोजनाएं
- देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बादामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी की मालगाड़ी
- 7500 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी) से विद्युत आपूर्ति में होगा सुधार
- पीएम ने झारखंड में कोयला क्षेत्र से संबंधित परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं।

### रेलवे क्रांति के नए अध्याय की शुरूआत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर नई रेल लाइनों की शुरूआत, मौजूदा रेल लाइनों के दोहरीकरण और कई अन्य रेलवे परियोजनाओं की शुरूआत के साथ झारखंड में रेलवे क्रांति के नए अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने इस क्षेत्र को नया रूप प्रदान करने वाली धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन और बाबा बैद्यनाथ मंदिर और मां कामाख्या शक्ति पीठ को जोड़ने वाली देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा का उल्लेख किया। पीएम मोदी ने वाराणसी में वाराणसी-कोलकाता-रांची एक्सप्रेस वे की आधारशिला रखने का स्मरण करते हुए कहा कि इससे चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो जैसे स्थानों को जोड़ने और पूरे झारखंड में यात्रा समय को कम करने के साथ-साथ पूरे पूर्वी भारत के लिए माल ढुलाई कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से झारखंड में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

## सिंदरी खाद कारखाना से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे : चंपाई सोरेन



**प्रधानमंत्री** द्वारा हर्ल को राष्ट्र को समर्पित किये जाने के मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पावन भूमि और कोयला नगरी धनबाद में प्रधानमंत्री का अभिनंदन और जोहार किया। उन्होंने कहा की झारखंड को आगे बढ़ाना है। इस राज्य को हमें संवारना है। बदलते समय के अनुरूप इस राज्य का नवनिर्माण करना है। मुझे प्रधानमंत्री से पूरी उम्मीद है कि वे झारखंड को आगे बढ़ाने में इस राज्य को पूरा सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंदरी खाद कारखाना के पुनर्जीवित होने से जहां किसान लाभान्वित होंगे, वहीं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यहां के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। इससे इलाके में समृद्धि आएगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**आज का दिन झारखंड के लिए है ऐतिहासिक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। सिंदरी खाद कारखाना का फिर से चालू होना इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाएगा। विकास का नया दरवाजा खुलेगा। किसान जब आधुनिक तकनीक और पद्धतियों से कृषि करेंगे तो उपज बढ़ेगी। खाद्यान्न उत्पादन जब बढ़ेगा तो इसका सीधा फायदा किसानों को होगा। उनकी आय बढ़ेगी और वे सशक्त होंगे।

**खनिज संपदा से धनी हैं साथ ही खेत-खलिहान पर भी है हमारी निर्भरता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का भौगोलिक परिवेश देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कई मायनों में अलग है। एक तरफ यहां लोहा, कोयला, बॉक्साइट और यूरेनियम जैसे कई खनिज प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं तो खेत-खलिहान पर भी ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी निर्भर है। ऐसे में राज्य के सम्यक विकास के लिए दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासियों-मूलवासियों और किसानों-मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा कर हम इस राज्य को मजबूती दे सकते हैं। इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार निरंतर काम करते आ रही है।

**किसानों को बना रहे हैं सशक्त और स्वावलंबी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सालों भर पानी रहे, ताकि किसान बेहतर तरीके से खेती कर सके। इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष रूप से काम हो रहा है। किसानों को आधुनिक तकनीक से कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

#### छवि रंजन को एससी से बेल नहीं, हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली/रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में अब चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में ईडी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने छवि रंजन की याचिका पर काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रार्थी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। वहीं चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन की बेल पर झारखंड हाईकोर्ट में भी सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

#### पाकुड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल और गोली बरामद

**पाकुड़।** पाकुड़ टाउन थाना पुलिस ने हथियार का भय दिखाकर कोयला ओर पत्थर कारोबारी को डराने कर धमकाने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, नौ गोली ओर चार मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तारी आरोपितों में टाउन थाना क्षेत्र के तलवाडांगा नन्दीपाड़ा निवासी देवराज सरकार उर्फ निमवा उर्फ निमाई, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुमारपुर निवासी विमान राजवंशी उर्फ बिट्ठू राजवंशी, लिट्टीपाड़ा तालझारी निवासी कन्हाई कुमार साहा और गौरी शंकर साहा उर्फ गौरव शामिल हैं।

## बेंगलुरू कैफे विस्फोट में आईईडी के इस्तेमाल की आशंका, जांच

### स्थानीय लोगों ने देखे 'संदिग्ध' व्यक्ति

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु के एक कैफे में शुक्रवार को हुए विस्फोट की प्रारंभिक जांच में कम तीव्रता वाले इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के इस्तेमाल का पता चला है। विस्फोट में कम से कम पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को व्हाइटफील्ड क्षेत्र में बेंगलुरु के लोकप्रिय भोजनालय, द रामेश्वरम कैफे में विस्फोट से पहले दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई है। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद पूरा कैफे काले धुएं से भर गया। घटना दोपहर करीब 1.15 बजे की है। दोपहर के भोजन के समय कैफे में बड़ी संख्या में लोग जमा थे। सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर ग्राहक




आईटी प्रोफेशनल थे। कैफे इंदिरानगर के पास कुंडलहल्ली गेट क्षेत्र में स्थित है, जिसे आईटी गलियारा माना जाता है। पुलिस ने मौके से नट और बैटरियों से भरा बैग बरामद किया है। अधिकारियों को यह भी संदेह है कि यह काम बिजनेस राइवेलरी का नतीजा हो सकता है। एक अधिकारी ने कहा, "हम किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं।" सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने एलपीजी सिलेंडर विस्फोट की संभावना से इनकार किया है, जैसा कि शुरू में अंदेशा था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजस्व कर्मचारी सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रांची।** एसीबी ने रांची के चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी व्यांजन मिंज उर्फ मेजामिल कुजूर को सात हजार रिश्वत लेते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि एसीबी को सुनीत उरांव ने लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि उन्होंने सनिया उरांव से पांच डिसमील जमीन खरीदा था। उक्त जमीन का म्यूटेशन कराने के ऑनलाईन आवेदन किया। इसके बाद चान्हो के राजस्व कर्मचारी से मिलकर म्यूटेशन के संबंध में बात करने पर चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी म्यूटेशन करने के एवज में 11 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। आग्रह विनती करने पर मामला सात हजार में तय हुआ। डीजी ने बताया कि आवेदन का एसीबी के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति से सत्यापन कराने पर मामला सही पाया गया।

## झारखंड विधानसभा ने राज्य सरकार के बजट को दी मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधानसभा बजट सत्र के छठें दिन शुक्रवार को सदन में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 03 लाख 50 हजार अबुआ आवास बनाने की योजना है लेकिन मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की पहल पर इस संख्या को बढ़ाकर 4 लाख 50 हजार कर दिया गया है।

आलम ने भोजनावकाश के बाद सदन में बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि आवास के लिए जिन लोगों के भी आवेदन पेंडिंग हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने गठबंधन की सरकार के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई सभी योजनाओं का जिक्र किया। ग्रामीण विकास के तहत 1500 किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा। सड़कों का जाल बनने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। भाजपा के लोग रोजगार की बात करते हैं लेकिन केंद्र सरकार ने भी तो दो करोड़ रोजगार हर साल देने की बात कही थी लेकिन हुआ क्या? हमारी सरकार ने 1932 से खतियान के आधार पर स्थानीय तय करने वाला बिल पास कराया। आलम ने कहा कि ओबीसी की आरक्षण सीमा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए बिल पास कराया। मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए बिल बनाया। हमारी नजर अपने मेनिफेस्टो पर है। उसके आधार पर बहुत सारे काम किये जा चुके हैं। आलम ने कहा कि 2019-20 तक झारखंड में 06 लाख 60 हजार लोगों को वृद्धा पेंशन मिलता था लेकिन अब 25.96 लाख लोगों को पेंशन मिल रहा है। हमारी सरकार समर्पण भाव से जनता के हित में काम कर रही है। बाद में सदन ने भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जमीन विवाद

## दो पक्षों के बीच तलवारबाजी, 5 लोग घायल

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के बंगाली टोला में शुक्रवार को जमीन विवाद मामले में जमकर तलवारबाजी भी हुई। इस घटना में करीब आधे दर्जन लोग घायल हुए हैं। इस घटना के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गई, जहां किसी को माथे में चोट, किसी का हांथ काटा था, किसी का चेहरे गाल और कंधे पर तेज हथियार से गहरे जख्म बने हुए थे। इस घटना में घायल बंगाली टोला निवासी कौशल किशोर शर्मा, पवन यादव, विजय यादव और प्रकाश यादव के अलावे दूसरे पक्ष के लोहार टोला निवासी विनोद सिंह को गंभीर चोट आई है। वही, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

### इंडिया

## निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर नए सवाल



सुनील बादल

चुनाव की आहट देश महसूस कर रहा है और 18वीं लोकसभा के चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग फिर से चर्चा में है। चर्चा का विषय निर्वाचन आयुक्तों के चयन से शुरू हो कर अब चुनावी बॉन्ड तक है। केन्द्र सरकार ने चुनाव सुधार की प्रक्रिया में जिस चुनावी बॉन्ड व्यवस्था को शुरू किया था उसे सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया। इससे पहले मार्च 2023 में सर्वोच्च न्यायलय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता एक चयन समिति के गठन का अदेश दिया था जिसमें प्रधान न्यायाधीश के प्रतिनिधि समेत लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा में प्रतिपक्ष या सबसे बड़े दल नेता को शामिल होना था। अदालती आदेश के क्रम में चयन समिति का कानून सरकार ने संसद से पास करा लिया है जिसमें प्रधान न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केन्द्रीय मंत्री को सदस्य बनाने का प्रावधान किया गया है। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 2 मार्च 2023 को कुछ याचिकाओं पर फैसला दिया था कि अब राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचन आयोग के मुख्य न्यायाधीश समेत आयुक्तों की नियुक्ति एक कमटी की सिफारिश पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा प्रधान न्यायाधीश, प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता और स्पीकर शामिल होंगे। अदालत का यह आदेश इस दिशा में नया कानून पास होने तक लागू रहना था, क्योंकि कानून बनाने का दायित्व अदालत का नहीं बल्कि संसद का है। इस दिशा में केन्द्र सरकार ने संसद से नया कानून पास करा दिया है। अब संसद द्वारा पारित मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 7 में प्रावधान किया गया है कि-मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। समिति में (ए) प्रधान मंत्री - अध्यक्ष (बी) लोक सभा में विपक्ष के नेता - सदस्य (सी) प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री - सदस्य होंगे। हालांकि इस कानून को चुनौती देते हुए इस पर रोक लगाने की मांग एडीआर नाम के एनजीओ ने सर्वोच्च न्यायालय से की थी जिस अदालत ने खारिज कर दिया लेकिन याचिका पर केन्द्र सरकार को नोटिस भी जारी कर दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में होनी है।चुनाव सुधारों की प्रक्रिया 1951 से ही शुरू हो गई थी। इसी क्रम में आयोग को निष्पक्ष बनाने एवं चुनाव में धनबल, बाहुबल जैसे अनुचित माध्यमों का इस्तेमाल रोकने के लिए 1974 में तारकुण्डे समिति से लेकर 2010 में तनखा समिति तक लगभग 8 समितियों का गठन हो चुका है। सभी ने निर्वाचन प्रक्रिया में शुचिता के लिए कई सुझाव दिए जिन पर कार्यवाही भी हुई।जैसे इलेक्शन पीटीशन के लिए ट्रिब्यूनल में जाने के बजाय हाइकोर्ट में जाना, मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करना, ईवीएम मशीनों का प्रयोग, मतदाता पहचान-पत्रों का चलन, दो से अधिक क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर रोक, मतदान कर्मियों को सीधे निर्वाचन आयोग के अधीन करना, चुनाव खर्च की सीमा तय करना और मतदान समाप्त होने से आधे घंटे पहले तक एक्जिट पोल पर रोक आदि शामिल हैं। राजनीतिक दल चुनाव हर्णे पर इवीएम पर सवाल खड़े करते हैं पर पर सबूत नहीं देते। पाकिस्तान के हालिया चुनाव ने साबित किया कि पुराना बैलेट पेपर किसी भी हाल में निष्पक्षता का विकल्प नहीं हो सकता। भ्रष्टाचार और दबंगता के आरोप भारतीय राजनीति में लगते रहे हैं और उस पर अंकुश लगाने की टीएन शेषन जैसे पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जो शुरूआत की थी उसे रोकने या कुंद करने के प्रयास भी होते रहेंगे।




## इनामी नक्सली एनेम हस्सा हथियार के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में तमाड़ थाने की पुलिस ने पचास हजार के इनामी नक्सली एनेम हस्सा पूर्ति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार नक्सली तमाड़ थाना क्षेत्र के डिमनिया बेड़ा का रहने वाला है। उसके पास से एक देसी दोनाली कट्टा और चार कारतूस बरामद किए गए हैं। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के रहरगांव एवं रंगामाटी के बीच एनएच 33 पर स्थित निर्मल होटल के बगल की चाय दुकान पर एक व्यक्ति अवैध आग्नेयास्त्र और गोली के साथ खड़ा है। सूचना के बाद तमाड़ थाना और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### ग्रामीण कांग्रेस कमिटी ने सिल्ली थाना के नए प्रभारी मोहित कुमार का किया स्वागत



**सिल्ली।** शुक्रवार के दिन सिल्ली थाना के नये थाना प्रभारी मोहित कुमार जी का रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पंचायत पिनाकी बनर्जी, लालू कोईरी, प्रकाश मुंडा इत्यादि कांग्रेस जनों ने शिष्टाचार मुलाकात की एवं स्वागत किया।

### डॉ विमल कुमार ने रामगढ़ एसपी के रूप में कार्यभार संभाला



**रामगढ़।** रामगढ़ के नए एसपी डॉ विमल कुमार ने शुक्रवार को निवर्ममान एसपी पीयूष पांडे ने प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान एसपी पीयूष पांडे द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गयी । प्रभार ग्रहण करते हुए एसपी डॉ विमल कुमार ने कहा की जिला वासियों को भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराने के साथ जिला में आपराधिक घटनाओं को रोकना उनकी प्राथमिकता होगी ।

### रामगढ़ में दिनदहाड़े 3.50 लाख की लूट जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़।** अपराधियों द्वारा शुक्रवार को दीनदहाड़े 3 लाख 50 हजार रुपए लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है । बताया जाता है की रेलीगढा निवासी फिरोज खान शुक्रवार को शहर के मेन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से 3 लाख 50 हजार रुपए निकालकर जा रहे थे। उसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधियों ने दामोदर पुल जो थाना से 300 मीटर की दुरी पर स्थित है वहा फिरोज खान की कार को रोककर उनसे रुपए लूट लिया और फरार हो गए । घटना के बाद फिरोज रामगढ़ थाना पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। वहीं, पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापमारी अभियान चला रही है।

### 4000 सीएफटी अवैध बालू के स्टॉक एवं एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा क्षेत्र में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 4000 घन फिट अवैध रूप से रखे बालू के स्टॉक एवं बालू लोड करते एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया गया।

## सीमेंट कारखाना के कामगार वेतन नहीं मिलने से भूखे मरने को विवश



**खलारी।** शुक्रवार को खलारी आए स्थानीय विधायक समरीलाल को खलारी सीमेंट कारखाना के सेवानिवृत्त कामगारों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। स्थानीय पत्रकारों द्वारा सेवानिवृत्त सीमेंट कामगारों की समस्या के बारे में पूछने पर समरीलाल ने कहा कि ये लोग 30-40 सालों से एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में सेवा दिए। इस बीच फैक्ट्री का मालिकाना हक बदलता गया लेकिन कामगारों की हालत और बदत्तर होती गई। आज नतीजा यह हुआ कि फैकट्री बंद हैं। सीमेंट का उत्पादन नहीं हो रहा है। बल्कि जिस सीमेंट कारखाना से सफेद धूल उड़ती थी वहां अब काली धूल उड़ रही है। मशीनों में जंग लग रहा है। कामगार क्वार्टर जर्जर हो गए हैं। लागों को वेतन बंद हो गया है। ग्रेच्युटी नहीं मिली है। और उनको क्वार्टर से भी बेदखल किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में वे कहां जाएंगे, किससे बोलेंगे। सेवानिवृत कामगारों का भविश्य उसी पर है। उनका आश उसी पर है। कहा कि ह्यअरे धरती तो ली है छीन, किंतु मेरा आकाश न छीनो यह आवाज है इनलोगों की। शनिवार को सीमेंट कामगारों की आवाज विधानसभा में बोलूंगा।

## कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ ने किया ढोरी क्षेत्र का दौरा



**रांची।** सतर्कता विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को ढोरी क्षेत्र में रोड सेल गाइडलाइन 2023 पर क्षमता निर्माण से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीके त्रिपाठी सीवीओ सीआईएल, पंकज कुमार, सीवीओ सीसीएल, सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। शुक्रवार को कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का दौरा एवं निरीक्षण किया। वहां वे ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्रों के जीएम व अधिकारियों के साथ चपरी गेस्ट हाउस में क्षमता निर्माण प्रोग्राम एवं न्यू रोड सेल गाइड लाइन के वर्कशॉप में शामिल हुए। इस दौरान सतर्कता विषय पर कोल इंडिया और सीसीएल के सीवीओ ने पेशेवर जीवन के सभी पहलुओं में सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया। पंकज कुमार ने अपने विभाग से संबंधित एक संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया और विभाग द्वारा की गई सतर्कता निवारक गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने 2009 के रोड सेल गाइड लाइन के कमियों को दूर करते हुए 2023 के गाइड लाइन का संक्षिप्त विवरण भी दिया। कोल इंडिया के सीवीओ श्री त्रिपाठी ने सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और संभावित सुधार के लिए कई सुझाव भी दिए। अपने संबोधन में सीवीओ सीआईएल ने कंपनी की छवि निर्माण पर जोर दिया और सभी को पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए कंपनी के हित के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कोल इंडिया व सीसीएल के सीवीओ सहित ढोरी जीएम एमके अग्रवाल ने सात दिव्यांगों को बैटरी और मैन्युअल व्हीलचेयर प्रदान किया एवं पौधारोपण भी किया। बैठक में ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके जीएम के. रामाकृष्णा और कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, एसओ पी. प्रतुल कुमार, पीओ केआर सत्यार्थी, रंजीत कुमार, शैलेश प्रसाद, मनोज कुमार सिंह तथा केएस गैवाल, एसओ सिविल उज्ज्वल कुमार सिंह, एसओ एक्सयू के. पासवान, एएफएम राजीव रंजन, एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सीएसआर अघिकारी शैलेश कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानदीप व डॉ श्वेता शरण ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोहम्मद तौकीर आलम, अभिषेक सिन्हा, आशीष अंचल एवं अच्युतानंद ने मुख्य भूमिका निभाई।

### झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को किया स्वीकृत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित उमेश कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है। इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाये। इसके बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता का नाम इस केस से हटाने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था।



### नागेडीह पंचायत में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का हुआ शिलान्यास

# गांव की आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाएगा : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
प्रखंड के नागेडीह पंचायत के ठिंगठिंग पाखना में शुक्रवार को आजसू पार्टी सिल्ली पश्चिमी (बुढ़ाआम) क्षेत्र के लोटा, गोड़ाडीह एवं नागेडीह पंचायत के क्षेत्रीय सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते विधायक ने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता है।लोटा से हुंडरु फाल तक जाने का रास्ता भी बनाए जाने की योजना है कलस्टर कोरिडोर बनेगा। 30 किमी लंबी सड़क पर्यटकों के लिए बनाए जायेंगे। इन सभी योजनाओं पर सर्वे का काम शुरू हो गया है। वहीं उन्होंने कहा कि गांव की आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाएगा। गांव में शिक्षा स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। हर पंचायत में बेहतर स्वास्थ्य एवं हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा एवं खेल के माध्यम से क्षेत्र के यूवाओं को विकसित करना है। सम्मेलन के पुर्व विधायक ने क्षेत्र के दो जर्जर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।जिसमें 6 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से लोटा से गोड़ाडीह भाया नागेडीह 9.10 कीमी पथ एवं 2 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से कोयलाडीह से अजयगढ़ 3.600 किमी पथ शामिल है। दोनों कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत किया जाएगा। सम्मेलन को जिप उपाध्यक्ष बीना चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया रेखा देवी, पुर्व मुखिया डबलु महली, जगदीश चंद्र महतो आदि ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता कालीचरण महतो ने तथा संचालन त्रिलोचन महतो एवं शिव शंकर प्रसाद ने किया। इस मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव शुशील महतो, शुभाष महतो, उप प्रमुख आरती देवी, पंसस पंचानन मांझी, फुलचांद महतो, देवनारायण घआटवआर, सुखराम बेदिया, सोमरा बेदिया, सुखदेव मांझी, सोनाराम महतो, तरुण महतो, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य,महिला समिति सदस्य, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी चुल्हा प्रमुख, आजसू पार्टी कार्यकर्ता एवंग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड के मनीष मुंडा और एल प्लेटोदीप सिंह भारतीय वुशु टीम में

**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। मास्को में आयोजित किए जा रहे मास्को स्टार वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय वुशु दल रवाना हो गया। मास्को पैलेस में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 30 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 1 से 5 मार्च तक आयोजित की जा रही है। भारतीय दल में कुल 32 खिलाड़ी शामिल हैं। झारखंड के राष्ट्रीय पदक विजेता एल प्लेटोदीप सिंह और मनीष मुंडा भी भारतीय दल में शामिल हैं। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर इनका चयन किया गया है। झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रदीप वर्मा सहित चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू, प्रियदर्शी अमर, उदय साहू, शैलेंद्र कुमार, डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, मनोज महतो, रत्नेश कुमार, मनोज साहू, दीपक गोप, एल प्रदीप कुमार सिंह, शैलेंद्र दुबे, सुनील सूर्यांत आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



# अंबा प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। बजट सत्र के दौरान अंबाजीत एवं मोतरा के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बड़कागांव अंचल अंतर्गत थाना नंबर 136 एवं थाना नंबर 139 में स्थित निजी भूमि को जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा जमीन खरीद-बिक्री पर रोक लगाने संबंधी आदेश सब रजिस्ट्रार कार्यालय हजारीबाग को प्रेषित किया गया है। इस संबंध में न तो अंचल कार्यालय बड़कागांव को, और ना ही संबंधित रैयतों को कोई सूचना है। ग्रामीण रैयत जब अपनी भूमि को किसी को केवाला करने के लिए इच्छुक हुए तब उन्हें यह बोलकर मना कर दिया गया कि भूमि की खरीद-बिक्री पर जिला प्रशासन द्वारा रोक लगाई जा रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को आवेदन देकर रैयतों की जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि यह कदम एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन की मिलीभगत से लोगों को परेशान करने के लिए किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से सतीश नारायण दास, अशोक सिंह, संजय दास मौजूद थे।

**अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज**

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# टीएसपीसी के इनामी उग्रवादी संतोष गंझू ने किया आत्मसमर्पण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) का सक्रिय सदस्य एक लाख का इनामी उग्रवादी संतोष गंझू (पिता स्व. बुधन गंझू उर्फ सुधन गंझू, सा. सिरम, थाना बुढ़मू जिला रांची) ने गुरुवार को वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। संतोष गंझू ने आत्मसमर्पण सीआरपीएफ 133 बटालियन एवं रांची पुलिस के अथक प्रयास और आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर किया है। संतोष गंझू पर कई मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने मौके पर उसे एक लाख रुपये का चेक दिया। आत्मसमर्पण करने के बाद संतोष गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**इस तरह संतोष गंझू बना उग्रवादी :** संतोष गंझू ने बताया कि मेरे पिताजी के नाम से गांव में मीन एकड़ जमीन थी। इसे मेरे पिताजी ने बेच दिया था। इस कारण परिवार को जीवन यापन करने के लिए कुछ नहीं बचा था। वह घर में ही रहकर मजदूरी कर अपने माता-पिता एवं पत्नी का भरण-पोषण करता था। वर्ष 2011 में पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद वर्ष 2013 में पड़ोसी गांव सलयाटांड़, थाना बुड़मू जिला रांची के रहने वाले टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर सागर गंझू उर्फ दलाल गंझू उर्फ ललिंद्र गंझू पिता शीतल गंझू गांव में आया और बैठक की। इस बैठक में सागर गंझू ने नौजवानों को संगठन विस्तार एवं दस्ता मजबूत करने के लिए संगठन में जुड़ने के लिए दबाव बनाया। इसी दबाव में आकर मैं सागर गंझू के संगठन में शामिल हो गया। वर्ष 2015 के मई महीने में ओरमांझी थाना अंतर्गत गंजा के पास रेलवे लाइन बिछाने का कार्य कर रहे मजदूरों पर संगठन के सदस्यों के साथ जाकर लेवी के लिए दबाव बनाने को गोली चलाई। वर्ष 2015 में ही इचादाग, पिस्का, हलवादी एवं नया टोली में चल रहे केशर के मालिक से लेवी का पैसा वसूलने के लिए संगठन के लोगों के साथ केशर के मुंशी, मजदूर एवं गार्ड के साथ मारपीट की। इस दोनों घटनाओं को अंजाम देने में सागर जी उर्फ दलाल जुं लालिंद्र गंझू, मनिष महतो, गोपाल गंझू उर्फ निर्भय, तारालाल गोप, मनिलाल महतो, उमेश महतो, भोला महतो, किशन गंझू, मुकेश महतो, अमन साहु आदि शामिल थे। लगभग तीन वर्ष संगठन में रहने के बाद बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरपिरी गांव की सबिता कुमारी से शादी कर ली और अपनी पत्नी को लेकर राजस्थान चला गया। राजस्थान में झुंझन नामक स्थान में पत्नी के साथ मुर्गा फार्म में मजदूरी करने लगा। कई बार अलग-अलग थानों द्वारा घर में कुर्की जब्ती की गई। जब

# माधवी मिश्रा बनीं धनबाद की डीसी वरुण रंजन का हुआ तबादला



**रांची।** 2015 बैच की आईएएस माधवी मिश्रा को धनबाद का डीसी बनाया गया है, जबकि धनबाद डीसी के पद पर पदस्थापित 2015 बैच के आईएएस वरुण रंजन को झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की रात सरकार ने जारी कर दी है।

## न्यूज बॉक्स

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा खलारी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



**खलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलारी के भवन निर्माण के लिए जगह संबंधी निर्णय लेने स्थानीय विधायक समरीलाल शुक्रवार को खलारी पहुंचे। इसे लेकर खलारी प्रखंड सभागार में एक बैठक किए। जिसमें खलारी बीडीओ, सीओ सहित भाजपा कार्यकर्ता व अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित थे। सीएचसी खलारी के लिए भूमि अधिग्रहण का भौतिक सत्यापन और कागजी अनापत्ति पत्र विभाग को दिलाने के संबंध में चर्चा हुई। बुकबुका व खलारी मौजा में तीन-चार जगहों पर विचार विमर्श के बाद कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय खलारी के बगल में सीएचसी बनना तय हुआ। समरीलाल ने कहा कि वे चाहते हैं कि चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाय। उन्होंने बताया कि खलारी सीएचसी इलाज के आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। बताया कि विभागीय सचिव से उनकी बातचीत हुई है। खलारी सीएचसी में रेडियोलाजी में अल्ट्रासाउंड, एक्स रे, डायलिसिस की सुविधा होगी। पैथोलाजी में आधुनिक लैब व विशेषज्ञ तकनीशियन होंगे। दो कार्डियोलाजी सुविधा वाला एंबुलेंस होगा। चिकित्सको में गायनेकोलाजी, मेडिसिन, पेडियाट्रिक्स, एनेस्थीसिया आदि के विशेषज्ञ डाक्टर होंगे। विशेषज्ञ व आधुनिक मशीनों के साथ एक ब्लड बैंक भी होगा। इसके अलावा सरकार द्वारा उपलब्ध सभी दवाएं होंगी। 24 घंटे आपात सेवा उपलब्ध रहेगी। सीएचसी खलारी की स्वीकृति को लेकर समरीलाल ने कहा कि चुनाव में किया गया वादा पूरा किए। खलारी में सीएचसी खुलवाने के लिए चार बार विधानसभा में बात रखे। चौथी बार में सरकार निर्णय ली। बैठक में खलारी बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अम्बस्ट, जिप सदस्य खलारी पश्चिमी सरस्वती देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, अरविन्द सिंह, प्रीतम साहु, रामसूरत यादव, भरत रजक, प्रदीप प्रमाणिक, राजू गुप्ता, विनयप्रसाद झा, रतनलाल, अशोक शुक्ला, रामप्रीत यादव, संतोष राम, रामधारी गंझू, शिवकुमार चौधरी, अनिल तुरी, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण



**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों के डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर स्थापित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच के मद्देनजर उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लेने के क्रम में सफलतापूर्वक डिस्पैच कार्य संपन्न करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों एवं की जाने वाली विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीसीएल में पासिंग आउट प्रशिक्षुओं के लिए दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन



**रांची।** मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल ने इस वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए एक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। पाठ्यक्रमों के सफल समापन पर, 80 प्रशिक्षुओं को योग्यता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इनमें 41 अकाउंट्स, 23 मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियनें, 3 वायरमैन, 5 सर्वेक्षक और एक-एक शॉर्ट फायर/ब्लास्टर, एसबीए शामिल हैं। इन्होंने विभिन्न विषयों में सीसीएल मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया था और एनएसडीसी एवं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एआईटीटी 116 और सीबीटी 23 टेस्ट पास किया था। सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग ने कहा कि यह पहल हमारे कार्यबल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, समाज में सार्थक योगदान देने के सीसीएल के मिशन के अनुरूप भी है। इस अवसर पर बीके सिंघा, क्षेत्रीय निदेशक, आरडीएसडीई, बीके मांडवी, उप निदेशक, एसडीई और हिमांशु गुप्ता, सहायक निदेशक, एसडीई उपस्थित थे। मौके पर आरके पांडे, महाप्रबंधक (एचआरडी), संजय कुमार सिंह, निदेशक वित्त के तकनीकी सचिव, संजय, मुख्य प्रबंधक (पी/एचआरडी), राकेश कुमार, प्रिंसिपल, सीईटीआई, डीपी गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (खनन), बीटीटीआई, डॉ आरके सिंह, सीएमओ, गांधीनगर एवं मानव संसाधन विकास विभाग के सभी अधिकारी भी उपस्थित थे। मनीष रंजन, उप प्रबंधक (ईएंडएम/एचआरडी) ने स्वागत भाषण दिया एवं सीसीएल द्वारा किए गए प्रशिक्षुता के संबंध में विभिन्न प्रशिक्षण और विकास गतिविधियों के बारे में बताया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। कविता कुमारी, प्रबंधक (पी/एचआरडी) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### चौथे दिन भी सिरका कोलियरी में दंगल की लड़ाई पर नहीं लगा विराम

**रामगढ़ ।** जिले के सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र में सिरका कोलियरी पिछले चार दिनों से बंद पड़ी हुई है। यहां दंगल की लड़ाई पर विराम लगना मुश्किल होता जा रहा है। शुक्रवार को रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने एक बार फिर इस लड़ाई को खत्म करने की पहल की। लेकिन लोकल सेल समिति ने किसी भी मांग को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। लोकल सेल समिति के इस रवैया के खिलाफ कांग्रेसी नेता समसूद खान कुछ मजदूरों के साथ अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों की इच्छा सूत्री मांग पर सहमति नहीं बनती है, तब तक कांटा घर चालू नहीं होगा। ना तो वहां गाड़ी अंदर जाएगी और ना ही वहां से लोड गाड़ी बाहर निकलेगी। पांच बार की वार्ता में लोकल सेल समिति के सदस्यों ने एक ही रट लगा रखी है। उनका कहना है कि कांग्रेस को पांच दंगल पहले ही मिल चुका है। जिसमें मजदूरों की संख्या भी शामिल है। लेकिन पांच वर्षों के बाद जब कोलियरी दोबारा शुरू हुई, तो यहां कांग्रेस के द्वारा दबंगई की जा रही है। कांग्रेस के नेता सत्ता में शामिल होने का दंभ दिखा रहे हैं।

# सभी 69 विद्यार्थियों को सेमेस्टर 1 और 2 में मिले एक ही अंक, यह कैसे संभव : अभिषेक

## खाद्य आपूर्ति का कार्य करने वाले एनसीसीएफ पर कॉपी जांचने का काम करने का आरोप

**छात्र आजसू ने कहा, रांची विवि जांच कराए और दोषियों पर कार्रवाई करे**

**राजभवन सचिवालय एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को सौंपा मांग पत्र**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजभवन सचिवालय एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को विश्वविद्यालय के पीजी मास कॉम के सत्र 2021-23 के रिजल्ट के मार्क्स में हुई गड़बड़ी को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के पीजी पत्रकारिता विभाग में सत्र 2021-23 के सभी 69 छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर 1 और 2 में एक ही अंक दिए गए हैं। यह साफ-साफ दर्शाता है कि रांची विवि का परीक्षा विभाग कैसा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन एवं परीक्षा विभाग द्वारा कैसे इतने बड़े पैमाने पर गलती हुई। विवि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहन जांच कराए और इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि अगर सात दिनों के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्र आजसू के राज्य संगठन के सदस्य रांची विश्वविद्यालय के परिसर एवं नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) के दफ्तर में तालाबंदी करेंगे। बता दें कि रांची विश्वविद्यालय के पीजी मास कॉम विभाग के सत्र 2021-23 के परीक्षा परिणाम में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 69 विद्यार्थियों ने चारों सेमेस्टर की परीक्षा दी थी। इसमें सेमेस्टर 1 और 2 में सभी 69 विद्यार्थियों को एक समान नंबर मिले हैं। यानी, जितना सेमेस्टर 1 में अंक मिले हैं, उतना ही अंक सेमेस्टर 2 में भी मिले हैं। इसमें खाद्य आपूर्ति का कार्य करने वाले एनसीसीएफ पर कॉपी जांचने के काम करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में संवाददाता द्वारा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। अभिषेक शुक्ला ने यह भी कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में सेमेस्टर 2 के लगभग 75 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को 29 अंक देकर फेल कर दिया गया है। यह किसी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। अभिषेक शुक्ला ने बताया कि मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि मामले की गहन जांच कर ली जाएगी। जल्द ही सच्चाई सामने आएगी और दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई भी की जाएगी। छात्र आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, परीक्षा नियंत्रक एवं डीएसडब्ल्यू को दो टूक कहा कि अगर हमारी जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो छात्र आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से विशाल कुमार यादव, मनजीत कुमार, आकाश नयन, राहुल कुमार, मनोज कुमार समेत कई सदस्य मौजूद थे।

**एनसीसीएफ रांची यूनिवर्सिटी के साथ काफी पहले से काम कर रही है। इसके तहत डाटा एंट्री और ओएमआर शीट में बारकोड प्रिंटिंग का काम करते रहे हैं। जहां तक कॉपी काटने की बात है, तो यह हमारे लिए संभव नहीं है और इस तरह का काम हमारी संस्था को नहीं मिला है।**

**– प्रिंस कुमार, मैनेजर, नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड।**

## एक नजर

### पंकज उधास की याद मे श्रद्धांजलि का आयोजन

**रांची।** 'मेरी आवाज मेरी पहचान' ने शुक्रवार को अपने सदस्यों के बीच सर्टिफिकेट और पौधा वितरण किया। हरमू स्थित क्राफ्ट्स मेला 2024 में पंकज उधास की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान पौधों का वितरण किया गया। 'मेरी आवाज मेरी पहचान' के संस्थापक अध्यक्ष एक्टर देवेश खान ने कहा कि अपने-अपने घरों में पौधों का रोपण जरूर करें। इस मौके पर एक्टर देवेश खान, सिंगर कुमार गहलोत, सिंगर कविता होरो, सचिव बुलंद अख्तर, मोहम्मद रिजवान, सुशीला लकड़ा और विवेक जी खासतौर से मौजूद थे ।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने बढ़ाया दिव्यांग खिलाड़ियों का हौसला

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा रांची ने शुक्रवार को मोरहाबादी ऑक्सीजन पार्क में दिव्यांग खिलाड़ियों को सहयोग किया। ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी में मारवाड़ी युवा मंच, महिला समर्पण शाखा रांची की ओर से दिव्यांगजन खिलाड़ियों हौसला बढ़ाने के लिए पारा कबड्डी खिलाड़ियों को एक जैसा टी शर्ट एवं टोपी दी गई। मौके पर मौजूद स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने समर्पण शाखा का तहेदिल से धन्यवाद दिया।

### रिम्स में स्पाइना बिफिडा के मरीजों के लिए कार्यक्रम आज

**रांची।** रिम्स के शिशु शल्य विभाग के ओपीडी में स्पाइना बिफिडा से ग्रसित मरीजों के लिए पेशेंट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन शनिवार (2 मार्च) को होगा। लीलावती अस्पताल, मुंबई के चिकित्सक डॉ संतोष करमाकर द्वारा ऐसे बच्चों का निःशुल्क मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें वैसे बच्चे जिनकी रीढ़ की हड्डी/पीठ अथवा सिर पर मांस का गोला, घाव, सिर का बड़ा होना/पानी भर जाने के साथ मल मूत्र में कमजोरी, सीधा खड़े होने या चलने में समस्या इत्यादि बीमारी है, उन्हें मुफ्त इलाज एवं परामर्श दिया जाएगा।

### हास्य कवि सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में शुक्रवार को कवि सम्मेलन आयोजन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अशोक नारसरिया ने होली के अवसर पर 23 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन में आयोजित होने वाले हास्य व्यंग कवि सम्मेलन के संदर्भ में विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन में इस वर्ष देश के कई नामी गिरामी सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, अनिल अग्रवंशी, साक्षी तिवारी लखनऊ, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी, सहित अन्य कई हास्य कवि भाग लेंगे। कवि सम्मेलन में 3000 लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है तथा महिलाओं के लिए भी विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है। दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे। बैठक में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 12 विशेष सहयोगी सदस्यों को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां दी गईं।

# सीवरेज निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानी

**अमित कुमार। रांची**

फेज वन के तहत सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम के लगाने का काम रांची शहर के कई वार्डों में शुरू कर दिया गया है। इस विकास कार्य से आम लोगों को लाभ होना चाहिए था, लेकिन उन्हें विपरीत रूप से हर तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, लोगों का यह भी कहना है कि यदि यह सिस्टम असफल रहा, तो यह चिंताजनक होगी। सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम के लिए शहर में सड़क के बीचो-बीच गड्ढे खोद कर पीवीसी पाइप लगाया जा रहा है और मेन होल तैयार किया जा रहा है। इसके बाद दो फीट सड़क को खोद कर उसमें बजरी बालू आदि भरा जा रहा है। फिर उसे 15 से 20 दिनों के लिए छोड़ दिया जाएगा। जब यह बजरी बालू पूरी तरह से जमीन के साथ बैठ जाएगा, उसके बाद वहां पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस तरह एक लंबी प्रक्रिया के बाद व्यवस्था दुरुस्त होगी। इस बीच, आम लोगों को उसी उबड़-खाबड़ पथरीली मार्ग से हो कर गुजरना होगा। निगम के अधिकारियों का कहना है कि पानी अपने आप छोटे पाइप से होते हुए मुख्य पाइप तक चला जाएगा, जो अंत में बड़गाई में निर्मित ट्रीटमेंट प्लांट में गिरेगा। बीच में कहीं-कहीं मोटर पंप सिस्टम भी लगाया जाएगा। इधर, आम लोगों का कहना है कि पंडरा से गंदा पानी कैसे अपने आप बड़गाई तक जाएगा।



### क्या कहते है आम लोग

**राजा विद्यार्थी**



छोटे आकार के पाइप से गंदा पानी बिना किसी सिस्टम के कई किलो मीटर तक जा सकेगा। जबकि, रांची का स्वरूप पहाड़ीनुमा है। यह सिस्टम मैदानी क्षेत्रो में अधिक सफल होगा।

**डॉ अंशु बैठा**



सीवरेज का गंदा पानी गुरुत्वाकर्षण के तहत नीचे की और जाएगा। ऐसे में ऊंचाई वाले क्षेत्र से यह कैसे गुजरेगा। सिस्टम असफल रहा, तो सभी घरों में गंदा पानी भर जाएगा।

**हैदराबाद सहित देश के कई मेट्रो सिटी में यह व्यवस्था कारगर साबित हुई है। सभी पाइप में पानी एक ग्रेविटी फ्लो सिस्टम के तहत आगे बढ़ता जाएगा। जहां-जहां पर पानी की धारा बाधित होगी, वहां पर मोटर पंप सिस्टम लगाया जाएगा।**

**– अमित कुमार, नगर प्रशासक, रांची।**

### 150 एमएम से 1200 एमएम तक है पाइप का डायमीटर

**सभी गली के मुख्य मार्ग में 450 से 500 एमएम का पीवीसी पाइप बिछाया जाएगा। मुख्य मार्ग से जुड़ी सभी गलियों में 150 तथा 200 एमएम का पाइप होगा। ट्रंक लाइन में इसका डायमेंशन 1000 तथा बड़गाई स्थित सीवरेज ट्रीटमेट प्लांट के पास इसका डायमीटर 1200 एमएम हो जाएगा।**

## आड्रे हॉउस में दो दिवसीय 'चुनाव का पर्व, कला महोत्सव' का हुआ आगाज

# किसी भी दिन हो सकती है लोकसभा चुनाव की घोषणा : के रवि कुमार

**चित्रकारों ने बनाई चुनाव थीम पर कलाकृतियां**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आड्रे हॉउस में शुक्रवार को दो दिवसीय 'चुनाव का पर्व, कला महोत्सव' का शुभारंभ हुआ। इसका समापन शनिवार को होगा। उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है। हम सब को मतदान के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहना है। मतदान केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि पूरे देश के नागरिकों के लिए लोकतंत्र का महापर्व की तरह है। इस बार के चुनाव में युवाओं को खुद तो वोट करना ही है, इसके साथ-साथ अपने घर वालों, दोस्तों को भी मतदान केंद्र पर साथ लाकर मतदान करवाना है। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम घर वालों या दोस्तों के साथ घूमते हैं, मॉल जाते हैं, सिनेमा जाते हैं, उसी प्रकार अपने मतदान केंद्र पर हमें साथ आकर अपने मत का प्रयोग करना है। इस कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों के बीच पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव के प्रति युवा वर्ग को जागरूक और शिक्षित करना है। कार्यक्रम में मॉक पोल द्वारा भी युवा वोटरों को मतदान प्रक्रिया के बारे में पदाधिकारी जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम में युवाओं के बीच पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की गईं। इसमें उन्हें वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपने वोटर लिस्ट में नाम जांचने की जानकारी के साथ-साथ नैतिक मतदान के प्रति जागरूक एवं शिक्षित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने चुनाव थीम पर शानदार चित्रकारी की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने भी एक-एक पेंटिंग पर हाथ आजमाया। इस दौरान अधिकारियों एवं आम नागरिकों ने सिग्नेचर अभियान में भी भाग लिया। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ-साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नेहा अरोड़ा, उपायुक्त-सह-निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं रांची जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



झारखंड निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आॅड्रे हाउस में आयोजित 'चुनाव का पर्व कला महोत्सव' का उद्घाटन किया।

### वार्ड 18 में बनी बोरिंग टंकी सहित चबूतरे का उद्घाटन

**रांची।** रांची शहरी क्षेत्र की वार्ड संख्या 48 अंतर्गत निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर एवं अल्बर्ट एक्का चौक के निकट वार्ड 18 में सीपीआई ऑफिस के पास बनी बोरिंग टंकी एवं चबूतरे का उद्घाटन शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी ने किया। इनका निर्माण झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी की सांसद निधि से हुआ है।

उद्घाटन के मौके पर मोहल्लेवासियों को संबोधित करते हुए सांसद ने आश्वस्त किया कि वे हमेशा जनता के हित में काम करेंगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री मधु मंसूरी, वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी, नंद किशोर सिंह चंदेल, महेंद्र पाठक, अजय सिन्हा, सुशांतो, नागेंद्र चौधरी, महेंद्र सिंह, अनूप कुमार, अमन ठाकुर, महेंद्र पाठक, मीना कुमारी, दुलाल चंद्र बोस, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार, पार्वती देवी, सीमा देवी, संजू देवी, पुष्पा टोप्पो, अनीता कश्यप, सरस्वती देवी, शांति देवी, सुदीप घोष, संदीप मुखर्जी, एवं मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# श्याम प्रेमियों का दल 11 मार्च को जाएगा श्री खाटूधाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल के 108 श्याम प्रेमियों का दल आगामी 11 मार्च (सोमवार) को प्रातः 10:30 बजे एयर इंडिया के विमान से श्री खाटूधाम राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगा। सभी भक्तजन फाल्गुन माह के रंग रंगीला मेले में भाग लेंगे। रांची से विमान द्वारा दिल्ली जाएंगे और वहां से बस द्वारा एक साथ श्री खाटूधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। वे मंडल के खाटू स्थित विश्राम भवन में प्रवास करेंगे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया यह जानकारी देते हुए बताया कि खाटूधाम की अनुपम यात्रा 2024 के लिए मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी को यात्रा का संयोजक एवं राजीव रंजन मित्तल को उप संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष व यात्रा के संयोजक सुरेश सरावगी ने बताया कि 12 मार्च को रिंग्स में भजन संकीर्तन व अखंड ज्योति प्रज्वलित करके निशान पूजन किया जाएगा। फिर भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ भजन संकीर्तन करते हुए पवित्र ध्वज को लहराते सभी भक्तजन 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर श्री खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर में पवित्र तथा पूजित निशानों को खाटू नरेश को अर्पित कर बाबा श्याम को नमन करके अपनी-अपनी हाजिरी दर्ज करेंगे। सभी भक्तजनों एक तरह के पोशाक पहनकर एक कलर का पवित्र निशान लेकर पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा संयोजक सुरेश सरावगी ने बताया कि 13 मार्च बुधवार को सभी यात्री राजस्थान के लोकप्रिय देव स्थल सालासर धाम और झुंझुनू के श्री रानी सती मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन करेंगे।

**श्री श्याम भंडारा आज**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में हर शनिवार को सांय 5 बजे से श्री श्याम भंडारा आयोजित होता है। दो मार्च को 102वां भंडारा श्रीमती गीता देवी सरावगी और उनके परिवार द्वारा निवेदित की जाएगी।

## केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे उद्घाटन

# बीएयू में एग्रोटेक किसान मेला आज से

**समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में दो मार्च से चार मार्च तक एग्रोटेक किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। मेले के समापन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह में रांची के सांसद संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा तथा भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित विशिष्ट अतिथि होंगे। 4 मार्च को अपराह्न 3.00 बजे से आयोजित समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख होंगे। मेला के दूसरे दिन 3 मार्च को पशु-पक्षी प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो होंगे। महिला कृषक गोष्ठी की मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी होंगी। बीएयू के कुलपति डॉ दुबे ने उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन किसानों, कृषक महिलाओं एवं युवा उद्यमियों को उन्नत कृषि, पशुपालन, वानिकी, डेयरी, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण, खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन तथा घरेलू एवं अन्य कुटीर उद्योगों से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मेला का केंद्रीय विषय वस्तु 'कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय तथा रोजगार संवर्धन' है। उन्होंने कहा कि मेले में 150 स्टॉल लगाए जाएंगे। हर स्टॉल में किसान अपनी-अपनी उपज को दिखाएंगे। मेले में मडुवा पर भी फोकस किया जाएगा। मेले में आधुनिक कृषि और कृषि से रोजगार को प्राथमिकता दी जाएगी।



**मेला के मुख्य आकर्षण**

- धान, दलहनी एवं तेलहनी फसलों की उत्पादन तकनीक तथा फूलों एवं सब्जियों की संरक्षित खेती का जीवंत प्रदर्शन
- विश्वविद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक व निजी संस्थानों द्वारा कृषि यंत्र, कृषि रसायन, कृषि साहित्य का प्रदर्शन एवं बिक्री
- फसल एवं सब्जियों के संकर बीज एवं पौध सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री
- मिट्टी एवं जल की निःशुल्क जांच सुविधा
- पशु रोगों की जांच एवं निदान के लिए परामर्श
- प्रयोगात्मक प्रक्षेत्रों का परिभ्रमण

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि स्नेहिल सह महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला का उद्घाटन आज



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवाटोली पिठोरिया के तत्वावधान में 12 दिवसीय महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेला सह शिव समर्पण अलौकिक विवाह समारोह का उद्घाटन शनिवार को धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर शिव भक्ति के लिए विशेष 12 ज्योतिर्लिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही, विशेष पूजा-अर्चना, कीर्तन आदि कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में शिव भक्त हजारी लगाएंगे। महोत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके राजमती, अशोक उरांव, रवि रंजन मिश्रा, स्वामी दिव्यज्ञान, संपति देवी, आशुतोष द्विवेदी, राजू पोद्दार, राजीव रंजन अपनी सेवा दे रहे हैं।

### शिव बारात में शामिल होने को रांची एसडीओ को दिया आमंत्रण



**रांची।** पहाड़ी मंदिर, रांची के मुख्य द्वार से आगामी आठ मार्च को निकलने वाली भव्य शिव बारात में शामिल होने के लिए श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति ने रांची के एसडीओ को आमंत्रण दिया। शिव बारात के संस्थापक नंद किशोर चंदेल ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) द्वारा 5 मार्च को पहाड़ी मंदिर स्थित महाकाल मंदिर में सुबह 11 बजे से हल्दी, मेंहदी एवं बाबा भोले का भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया है। इस मौके पर महाआरती भी होगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल होंगे। नंद किशोर चंदेल ने बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसे लेकर मुख्य आयोजक राजू काठपाल द्वारा रोजाना बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही रांची के सभी गण्यमान्यों को शिव बारात में शामिल होने के लिए न्योता भी भेजा जा रहा है। इसी क्रम में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के सदस्य आज नंद किशोर चंदेल के नेतृत्व में रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार के कार्यालय जाकर उनसे मिले और उन्हें 8 मार्च को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से निकलने वाली भव्य शिव बारात में शामिल होने का न्योता दिया। महासमिति के महासचिव जीतू अरोड़ा ने उन्हें माता की चुन्नी ओढ़ाकर सम्मानित किया और अध्यक्ष गुलशन मिढ़ा ने निमंत्रण पत्र सौंपा। निमंत्रण देने वालों में नंद किशोर चंदेल, गुलशन मिढ़ा, जीतू अरोड़ा, राजू काठपाल, नरेश मक्कड़, विनय सिंह एवं अजीत सिंह शामिल थे।

### पंचायत सचिवालय संघ आज बनाएगा मानव शृंखला



**रांची।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को पंचायती राज मंत्री सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी पांच सूत्री मांगों को मंत्री के समक्ष रक्षा। इन मांगों में स्वयंसेवकों की सेवा स्थायीकरण, मानदेय, समायोजन, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करना शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री आलमगीर आलम से पंचायती राज विभाग की संचिका को कैबिनेट से पास करवाने का आग्रह किया। इधर, प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद ने कहा कि शनिवार (2 मार्च) को हजारों की संख्या में विधानसभा रोड में मानव शृंखला बनायी जाएगी। मानव शृंखला के माध्यम से सरकार से निवेदन किया जाएगा कि हम लोगों की मांग को अगले कैबिनेट में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा घेराव का चौथा दिन है और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का आज 242 दिन है।

### यातायात एसपी एवं आरटीए सचिव से मिला सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नए यातायात पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल एवं आरटीए सचिव संजीव कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे एवं प्रदेश महासचिव गुड्डू श्रीवास्तव ने यातायात एसपी और आरटीए को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। महासंघ ने आरटीए सचिव से सीएनजी ऑटो परमिट की संख्या बढ़ाने के संबंध में बातचीत की एवं जल्द से जल्द ऑटो चालकों को परमिट मिल सके, इसके लिए अनुरोध किया। उन्होंने ऑटो चालकों से अनुरोध किया कि वे अपने ऑटो के कागजात एवं अपना पहचान पत्र व आधार कार्ड महासंघ के पदाधिकारी के पास जमा करें, जिससे कि परमिट एवं रूट दिलाने में आसानी हो। यातायात पुलिस अधीक्षक ने ऑटो चालकों को रांची शहर में बेवजह चौक-चौराहा जाम नहीं करने की नसीहत दी।

### हेमंत सोरेन का विकास कार्य केंद्र को पचा नहीं इसलिए जेल भेजा : झामुमो




**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें पलामू जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति के सदस्य शामिल हुए। मौके पर झामुमो के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा, केंद्र सरकार ने ईडी का सहारा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा है। हेमंत सोरेन राज्य का विकास कर रहे थे और यह बात केंद्र सरकार को पची नहीं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार के अमृत काल में देश का पैसा लेकर भागने वाले काफी हैं। भाजपा सरकार के बाद आप इंतजार करें, उनके सभी घोटाले उजागर होंगे। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू जिला से केंद्रीय सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, चन्दन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, नगर अध्यक्ष रंजित जयसवाल, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फजाएल, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरूदीन अंसारी, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइंया, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, आदि मौजूद थे।

# झारखंड के विकास में अड़ंगा लगा रही कांग्रेस और झामुमो : पीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य के धनबाद के सिंदरी में हर्ल कारखाने का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में नारा लग रहा है, अबकी बार 400 पार। यह नारा यूं ही नहीं लग रहा है। मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा है। साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार में शामिल दलों झामुमो और कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से क्षमा मांगता हूं। क्योंकि, यह पंडाल छोटा पड़ गया। सिर्फ पांच प्रतिशत लोग ही इस पंडाल में बैठ सके। बाकी 95 प्रतिशत लोग इस धूप में खड़े होकर मुझे सुन रहे हैं। आपकी इसी तपस्या से मुझे ऊर्जा मिलती है। आप लोगों का स्नेह आशीर्वाद और यह तपस्या मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। देश का विकास कर मैं आपकी तपस्या पूरी करूंगा। इसका मैं आपको गारंटी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि सिंदरी फर्टिलाइजर का उद्घाटन करने का आज मुझे सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि आपने जिसकी आशा छोड़ दी थी उसमें ऊर्जा भरने के लिए मोदी को काम करने का मौका दिया और यही वजह थी कि आज मोदी के गारंटी पूरी हुई। खाद कारखाना शुरू हुआ। इससे पूर्वी भारत के किसानों को बहुत लाभ होगा। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही कहा कि भाजपा का मतलब और मकसद है, विकास और तेज विकास। पीएम मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस या उसके सहयोगी दल विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नॉर्थ कर्णपुरा के बिजली कारखाने का शिलान्यास पिछली सदी के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी करके गए थे लेकिन फिर कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार आई और इस प्रोजेक्ट पर ताला लटका दिया। वर्ष 2014 में मोदी ने इस प्रोजेक्ट को फिर से जिंदा करने का गारंटी दी थी। आज बिजली कारखाने से करोड़ों घर रोशन होंगे और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने झारखंड में केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही अमृत भारत योजना के तहत राज्य के 27 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ है। झारखंड में तेजी से विकास के लिए जरूरी है कि यहां पर ईमानदार सरकार हो, कानून व्यवस्था हो लेकिन जब से यहां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत खराब हुई हैं। तुष्टीकरण के चलते घुसपैठ बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथ ही कहा कि यहां जेएमएम और कांग्रेस नेताओं का एक ही काम रह गया है अपनी तिजोरियां भरना। इन लोगों ने झारखंड की जनता को लूटकर अपनी तिजोरी भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो लोग आपके खून पसीने की कमाई को लूट लिए हैं, उन्हें जेल जाना पड़ेगा। जो जनता का लूटा है, वो जनता को लौटाना होगा। यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि हम पानी की योजना पर काम कर रहे हैं लेकिन यहां की झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार उस काम को पूरा करने में अड़ंगा लगा रही है। इतने वर्ष बाद भी झारखंड जल जीवन योजना का 50 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हो सका है। ये इंडी वाले विकास विरोधी है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का कल्याण और आदिवासी समाज का विकास भाजपा की प्राथमिकता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण झारखंड राज्य का बनना है। आदिवासियों के लिए 24,000 करोड़ की प्रधानमंत्री जन मन योजना की शुरूआत की गई है। आदिवासियों के घर बना रहे हैं। रोजगार के साधन निकाले जा रहे हैं। इसके अलावा हमारी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा का संग्रहालय बनाया। उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया।


पुनरुद्धारित हर्ल के मॉडल से प्रधानमंत्री को प्रस्तुति देते अधिकारी

## सिंदूरी धरती फिर उगलेगी सिंदूरिया सोना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** सिंदरी झारखंड के धनबाद जिले की औद्योगिक नगरी है। इसकी प्रसिद्धि यहां के उर्वरक कारखाने के कारण है। लेकिन, इस उर्वरक कारखाने 2002 में बंद कर दिया गया था। यहां एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी (एसीसी) भी है। साथ ही, इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी (इस्को) भी है, जिसे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) संचालित करती है।

ज्ञात हो कि सिंदरी शब्द सिंदूर का अपभ्रंश है। यहां लैटेराइट मिट्टी पाई जाती है, जो कि सिंदूरी रंग की होती है। लैटेराइट मिट्टी में लौह ऑक्साइड और पोटाश की मात्रा अधिक होती है, इस कारण इसका रंग सिंदूरी या लाल होता है। इसके अलावा, यह स्थान हरा-भरा और सुंदर था, इसलिए इसे सिंदरी कहा गया। क्योंकि, सिंदरी शब्द स्थानीय भाषा में सुंदरी के लिए भी प्रयोग किया जाता है। धनबाद से सिंदरी सड़क और रेलमार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। सिंदरी बोकारो स्टील सिटी केवल 60 किमी दूरी पर स्थित है। यह नगर कोलकाता से 260 किमी, रांची से 180 किमी और पटना से 290 किलोमीटर देर है। सिंदरी वर्ष 1944 में भौगोलिक स्थितियों की वजह से एक उर्वरक कारखाना स्थापित करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प के रूप में चुना गया था। सिंदरी उर्वरक और रसायन लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र की पहली कंपनी के रूप में दिसंबर 1951 में अस्तित्व में आया था। 31 अक्टूबर 1951 और मार्च 1952 में कारखाने में अमोनियम सल्फेट का उत्पादन शुरू हुआ था। इसके बाद अन्य उर्वरक का भी उत्पादन किया गया। ज्ञात हो कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था कि वे सिर्फ एक उर्वरक कारखाने का उद्घाटन नहीं कर रहे है, बल्कि आधुनिक भारत के एक मंदिर का उद्घाटन कर रहे हैं।

सिंदरी उर्वरक संयंत्र मुनाफे में संचालित किया जाता रहा। लेकिन, बाद में आधुनिकीकरण के बावजूद कारखाना घाटे में चलने लगा। उसके बाद कंपनी उर्वरकों की उच्च उत्पादन लागत और अपेक्षाकृत कम बिक्री मूल्य के कारण केंद्र सरकार ने सितंबर 2002 में कारखाने के आपरेशन के बंद का फैसला किया गया। अप्रैल 2007 में केंद्र सरकार ने सिद्धांत रूप से बंद सिंदरी उर्वरक कारखाने को पुनर्जीवित करने का फैसला किया। वर्ष 2010 में सिंदरी कारखाने को बचाने के लिए रणनीति बनाई गई। वर्ष 2018 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंद पड़े सिंदरी हर्ल उर्वरक कारखाने को चालू करने का संकल्प लिया, तो इसे पुनर्जीवित करने के कार्य में तेजी आई। और, अंततः 1 मार्च 2024 को हर्ल उर्वरक कारखाने का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया। इस उर्वरक कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 4,100 मीट्रिक टन है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एनटीपीसी की पहली यूनिट देश को समर्पित किया

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चतरा जिला के टंडवा में एनटीपीसी के पहली यूनिट को देश को समर्पित किया। वहीं टोरी -शिवपुर के तीसरे लाइन का भी आनलाइन उद्घाटन धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। उक्त आयोजन को लेकर एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा उड़ान स्टेडियम में आनलाइन प्रसारण के लिए कई बड़े-बड़े एलइडी स्क्रीन लगाये गये थे। जहां मोदी का वक्तव्य सुनने के लिए सैंकड़ों लोग मौजूद थे। ज्ञात हो कि एनटीपीसी द्वारा लगभग 7526 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पहली यूनिट से उत्पादित 660 मेगावाट बिजली का वाणिज्यिक संचालन भी शुरू हो गया। वहीं बुधवार अहले सुबह ही दूसरे यूनिट के 72 घंटे का ट्रायल परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा। परियोजना के प्रमुख विशेषताओं की बात करें तो निर्मित वाटर रिजर्वायर की कुल क्षमता 18 मिलियन क्यूबिक मीटर है जो देश में पहली एयर कूल्ड कंडेसर (एससी) के साथ तैयार किया जा रहा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट है। जिससे अन्य परियोजनाओं की अपेक्षा प्रोजेक्ट में 5 प्रतिशत भू क्षेत्र की बचत होने के साथ औसतन पानी की बचत 30.5 मिलियन क्यूबिक मीटर हुई है। यह पानी 15 लाख लोगों के दैनिक जल आपूर्ति के लिए काफी है। परियोजना प्रबंधन के अनुसार निकटवर्ती कोल खदानों से कोयले की आपूर्ति हो रही है जिससे देश के झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराया जा रहा है। कोल परिवहन लागत को कम करने के लिए लगभग 7.5 किलोमीटर लम्बी कन्वेयर बेल्ट निमार्णाधीन है। मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, एनटीपीसी सीजीएम स्वप्नेंदु कुमार पांडा, विधायक किसुन कुमार दास, एसडीओ सन्नी राज, डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, बीडीओ देवलाल उरांव, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय समेत परियोजना के सभी जीएम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कामगार व विस्थापित -प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

**टोरी-शिवपुर के तीसरे रेल लाइन का उद्घाटन :** पीएम ने 894 करोड़ रुपए की लागत से 44.37 किलोमीटर निर्मित टोरी-शिवपुर के तीसरे लाइन का भी आनलाइन उद्घाटन किया गया। बताया जाता है कि इस लाइन से कोल डिस्पैच में दोगुना वृद्धि हो जायेगा। शिवपुर रेलवे स्टेशन में सीसीएल का आम्रपाली कोल प्रबंधन व पूर्व- मध्य रेलवे द्वारा आयोजन स्थल पर विस्तृत तैयारी की गई थी। पीएम ने हरी झंडी दिखाकर तीसरे लाइन में मालगाड़ी का ट्रायल रन कराया।




एनटीपीसी का नवनिर्मित प्लांट


कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन करते प्रधानमंत्री, साथ है झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

## भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों : झामुमो



**रांची।** झामुमो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरन राजनीतिक प्रवचन भी हुआ। हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों है। भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री ने वैवाहिक जीवन की गारंटी ही नहीं निभाई तो उनको परिवार को क्या समझ होगी? देश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेलमंडल चक्रधरपुर है लेकिन यात्री सुविधा ना के बराबर है। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हैं लेकिन वे हेमंता विश्वशर्मा, अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, नारायण राणे, बीएस वेदुरप्पा, शुभेन्दु अधिकारी जैसे भ्रष्टाचारियों की बात नहीं करते। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासियों की बात करते हैं। कानून व्यवस्था की बात करते हैं लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने छल-प्रपंच के जरिए जिस आवाज को जेल में बंद रखा है उसकी आवाज खुले आसमान में गूंज रही है। मोदी के कान में एक ही आवाज आती होगी, मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं।

## झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी का होगा संपूर्ण सफाया



**रांची।** भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि शुक्रवार को धनबाद में लाखों की भीड़ प्रधानमंत्री को सुनने आई। प्रधानमंत्री के एक-एक वाक्य पर गगन भेदी नारे लग रहे थे। इसे देखकर गठबंधन सरकार सकते में आ गई है और झारखंड मुक्ति मोर्चा अनर्गल बयान बाजी कर रही है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी को यह स्पष्ट रूप से पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनके गठबंधन का 14-0 से सफाया होने वाला है। सत्ताधारी गठबंधन के नेता हताशा, निराशा और कुंठा के दौर से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति हुई है। जबकि झामुमो ने 4 वर्ष में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। इस दौरान 70,000 करोड रुपए के घपले, घोटाले का आरोप ठग बंधन सरकार पर लगा है। प्रतुल ने कहा कि झामुमो को जिस चीज ने सबसे कचोटा है वह प्रधानमंत्री की झारखंड में भ्रष्टाचार में लूटे गए पैसे को वापस वसूलने की गारंटी है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड में हुए भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पसंदीदा अधिकारियों और दलालों का होटवार जेल में अब तक बंद होना है।

## प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे धनबाद मुख्यमंत्री सोरेन ने किया स्वागत

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड के दौरे के तहत सिंदरी पहुंचे। डोमगढ़ हेलीपैड पर उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी 15 मिनट की देरी से हर्ल पहुंचे। हर्ल और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, केंद्रीयमंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्ण, झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और हर्ल सिंदरी के एमडी एसपी मोहंती मौजूद हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सड़के किनारे खड़े लोगों का हिलाकर किया अभिवादन किया।

## 753 करोड़ की रेल योजना

**देवघर।** रेल मंत्रालय के अनुसार 753.48 करोड़ की मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन की लंबाई 38.110 किलोमीटर है। इस रेललाइन में पांच स्टेशन मोहनपुर, खड़ियाडीह, हरलाटांड़, ककनी व हंसडीहा है। इस नयी रेललाइन में पहली बार चलने वाली देवघर डिब्रुगढ़ ट्रेन है। यह नयी रेललाइन के चालू होने से देवघर से गोड्डा रेल लाइन से सीधे तौर पर जुड़ जायेगा। देवघर और गोड्डा आने जाने वाले यात्रियों को दुमका व नोनीहाट से गुजरना नहीं पड़ेगा। इस रेल लाइन के चालू होने से यात्रियों के ढाई घंटे की बचत होगी।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के सत्र के उपलक्ष्य में विधानसभा सदस्यों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित सांसद, विधायक व राज्य के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी पर विधानसभा में सत्ता पक्ष का तंज, मांगी राज्य की बकाया राशि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड के धनबाद दौरे पर आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा ` सदन के भीतर पीएम मोदी के झारखण्ड दौरे पर सियासत दिखा `बीजेपी के चुनावी स्लोगन मोदी की गारंटी की पर सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने जमकर तंज कसा। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के विधायकों ने ताबड़तोड़ एक के बाद एक मांगों की झड़ी लगा दी। सत्ता पक्ष के नेताओं ने कहा कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी आज झारखंड के एक लाख, 36 हजार करोड़ रुपए की बकाया राशि देने का वादा करे, झारखंड विधानसभा से पारित अलग सरना धर्म कोड को लागू करने की घोषणा कर दें, ओबीसी की आरक्षण सीमा बढ़ाये जाने की अनुशंसा को अनुमोदित कर दें और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को सहमति प्रदान करने की घोषणा कर दें तो सही मायने में झारखंड की जनता अपने आप को उपकृत समझेगी।







स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मोदी की गारंटी की आलोचना करते हुए आरोपों की झड़ी लगा दी ` उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी की गारंटी यह भी थी कि 2 करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाएगा। पेट्रोल और डीजल के दाम कम किए जाएंगे आखिर यह गारंटी कब और कैसे पूरा की गई। यह सब हर कोई जानता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिस आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत झारखंड की धरती से की गई, यहां के करीब 33 लाख लोगों को केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना से दूर कर रखा है, जिसकी भरपाई राज्य सरकार कर रही है।

झारखंड सरकार के श्रम और उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पीएम के दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि मंडल डैम के शिलान्यास के बाद केंद्र सरकार के द्वारा उसे भुला दिया गया` उसी तरह रोजगार देने के मुद्दे पर केंद्र सरकार फिसडी साबित हुई` ऐसे में एक बार फिर लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले जुमलेबाजी कर राज्य की जनता को बरगलाने की कोशिश करने पीएम मोदी झारखंड आए हुए हैं। झामुमो के नेता सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अभी तक तो पीएम मोदी की 15 लाख रुपए बैंक खाते में आनेवाली घोषणा, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी वाली योजना तो पूरी ही नहीं हुई है, लेकिन अगर ये चार घोषणा कर दें तो राज्यहित में होगा` उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो लोकसभा चुनाव में 2019 के नतीजे पर सवाल उठेंगे।

## अबुआ आवास के नाम पर छल कर रही सरकार : जयप्रकाश

**रांची।** बजट सत्र के छठे दिन मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय में शामिल अनुदान मांग की प्रति सभा पटल पर रखी गई, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। कटौती प्रस्ताव पर भाजपा विधायक जेपी पटेल ने बजट और सरकार पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि जंगल की बात की जाती है लेकिन जंगल की कटाई हो रही है। जमीन की बात की जाती है लेकिन जमीन की लूट हो रही है। पांच लाख को नौकरी का झूठा वादा किया। अबुआ आवास के नाम पर छलावा हो रहा है। कई राज्य टूरिज्म से आगे बढ़े हुए हैं लेकिन खनिज संपन्न होकर भी हम गरीब हैं। विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं। रेंजर, डीएफओ, सिपाही के पद खाली हैं। 1932 की बात कहकर 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लिया लेकिन लागू नहीं कर पाए। अनुबंध कर्मियों को स्थाई करने का वादा भी अधूरा है।

## प्रदेश कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पीएसी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पीएसी के सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कसकर तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएससी की सदस्यों की भूमिका चुनाव से पहले अत्यंत ही महत्वपूर्ण है देश में एक बार चुनाव शुरू हो जाने के बाद आपकी भूमिका अलग होती है और चुनाव के पहले आपकी भूमिका अलग है।

अभी हमें सभी लोकसभा सीटों पर केंद्रित होकर ऐसी तमाम कमजोरी को दूर करने पर बल देना है जिनकी वजह से चुनाव का परिणाम थोड़ा बहुत भी प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि झारखंड के संदर्भ में हमारे गठबंधन की मजबूती को देखकर भाजपा बौखलाहट में है । झारखंड की जनता ने इनका असली रंग पहचान लिया है जरूरत सिर्फ इस बात की है कि जनता जिस तरह से हम पर विश्वास है कर रही है उस विश्वास को हम बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हमारी मिली जुली मेहनत और जनता के साथ से झारखंड का परिणाम चौंकाने वाला होगा जिसकी कल्पना भारतीय जनता पार्टी कभी नहीं कर सकती। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी उपस्थित थे। बैठक में आगामी आने वाले लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा लोकसभा के सभी सीटों का क्षेत्रवार विश्लेषण किया गया।



### दयामनी बरला कांग्रेस में शामिल

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कार्यालय में समाजसेवी सह आंदोलनकारी दयामनी बरला एवं सेंगल पार्टी के पूर्व अध्यक्ष पुष्पा टेटे ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पार्टी का पट्टा एवं माला पहना कर उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाया। दयामनी के खूंटी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है।

## एक नजर

### पेयजल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व संवेदक को लगी फटकार

**रजरप्पा।** नल-जल योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार चितरपुर के केवट मुहल्ला पहुंचे। इस दौरान योजना का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद पेयजल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व संवेदक को फटकार लगाई। डीसी ने विभाग को तीन दिनों के अंदर ग्रामीणों की शिकायत दूर करने को कहा। इसके साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को भी पेयजल योजना का बेहतर व्यवस्था में लाभ लेने को कहा। डीसी ने कहा की सभी लोग नल से ही जल लें और कोई अगर नल में मोटर लगाकर पानी लेता पकड़ा जाता है तो उसपर एफआइआर कर कानूनी कारवाई की जाएगी।

### समाजसेवियों ने किया कुजू ओपी प्रभारी का स्वागत

**रामगढ़ / कुजू।** क्षेत्र के समाजसेवियों ने कुजू ओपी के नवपदस्थापित प्रभारी दिगंबर पांडेय का बुके देकर स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखने व संदिग्ध चरित्र के लोगों की गतिविधि की समय समय पर जानकारी साझा करने का भरोसा दिलाया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान स्वागत करने वाले लोगों में विस्थापित व श्रमिक नेता राजेश्वर गंझू, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष मो अलियास, जिला सचिव मंजर हुसैन समेत अन्य लोग शामिल थे। सभी लोगों ने मिलकर पुष्पगुच्छ देकर ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को यहां पदस्थापित होने पर बधाई देते हुए स्वागत किया। ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की।

### फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

**रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति के लिए फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त चंदन कुमार ने संज्ञान लिया है। उपायुक्त के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता ने रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### पोल्ट्री फार्म में आग लगने से जलकर मर गईं 17 सौ मुर्गियां

**रामगढ़।** छत्तरमाण्डू वार्ड-32 में एक पोल्ट्री फार्म में आग लग गई। इस घटना में पोल्ट्री फार्म में पल रहे करीब 17 सौ मुर्गियां जलकर खाक हो गई। जाबकी पोल्ट्री फार्म में लगा सभी सेटअप भी जल कर राख हो गया। इस घटना को लेकर पोल्ट्री फार्म संचालक विशाल गुप्ता ने रामगढ़ थाने में एक आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि अज्ञात लोगों ने उसके पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी है। आग लगने की सूचना अहले सुबह 3 बजे उसे प्राप्त हुई। जब वो वहां पंहुचा तो देखा की उसका पोल्ट्री फार्म लगभग जल चुका था।

## गुप्त सूचना के आधार पुलिस ने की कार्रवाई

# तीन अफीम तस्करों को चौपारण पुलिस ने पकड़ा, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बहेरा में स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास बोलेरो बाहन सं०- जेएच 02एएल- 2526 में बैठकर कुछ व्यक्ति अफीम तस्करी करने को लेकर आपस में लेन-देन कर रहे हैं। इस सूचना पर नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास पहुँचा तो देखा कि उक्त बोलेरो सं०- जेएच02 एएल 2526 होटल के बाहर खड़ी है तथा पुलिस बल को देखकर बोलेरो पर सवार दो-तीन लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति संजय यादव, विजय साव , मिथुन दांगी को पकड़ लिया गया तथा बोलेरो वाहन सं०- जेएच 02 एएल 2526 को विधिवत तलाशी लेने पर बोलेरो गाडी के अंदर एक प्लास्टिक में रखा 01 (एक) किलोग्राम अफीम एवं 20000/- (बीस हजार) रुपया नगद पाया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं०- 55/24 दिनांक- 29/02/24 धारा 414/34 भा0द0वि0 एवं 17(सी) /18(इ)/ 22(सी) एनडीपीएस एक्ट अंकित कर पकड़ाये तीनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया छापामारी दल में नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही , पु०अ०नि० दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना, स०अ०नि० भानु एक्का चौपारण थाना, जैप सशस्त्र बल शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव में गरम होगा विस्थापितों का मुद्दा : भुवनेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापित प्रभावित को लेकर गंभीर दिख रहे है। पूरे झारखंड में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं लेकिन इन विस्थापित पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार अनदेखी कर रही है जिसके कारण आज हजारीबाग और चतरा जिले के हजारों ग्रामीण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2013 में भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया लेकिन पूरे झारखंड में इस कानून का पालन कहीं नहीं किया जाता है बल्कि जिनकी जमीन होती है उनका शोषण कंपनी से लेकर सरकार तक और जिला प्रशासन के लोग जमकर करते हैं। जिसका ताजा उदाहरण हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा और चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड है। गोंडलपुरा गांव में पांच गांव के ग्रामीण लगभग एक वर्ष से धरना प्रदर्शन आमरण अनशन अन्य तरह का कार्यक्रम कर रहे हैं लेकिन राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक इन ग्रामीण से मुंह फेरने का कार्य कर रही है। सरकार ने अडाणी ग्रुप को गोंदलपुरा कॉल ब्लॉक आवंटन कर दिया है जिससे हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी जमीन देने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि उनकी उपजाऊ जमीन चली जाएगी और बदले में कुछ मिलेगा नहीं।

## न्यूज बॉक्स

### राधा गोविंद विवि में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला और अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कंप्यूटर साइंस विभाग, राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 4 से 8 मार्च तक 'ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण' के विषय पर होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यशाला में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुल 60 विद्यार्थी एवं बीआईटी मेसरा के 10 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जिन्हें ड्रोन से संबंधित व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा जिनमें डॉ. पीएस बालाजी, डॉ. एस के दास, डॉ. के संपथ कुमार सभी एन आई टी राऊरकेला, डॉ. कौशिक कुमार बी आई टी मेसरा, डॉ. चिकेश रंजन प्रोजेक्ट इंजीनियर, डॉ. अवनीश कुमार विभागाध्यक्ष वक्ता के रूप में शामिल है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों में ड्रोन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियों पर प्रकाश डालेगी। यह कार्यशाला पूरे झारखंड प्रदेश की पहली ऐसी कार्यशाला होगी जिसे एन आई टी राउरकेला और राधा गोविंद विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे है। यह जानकारी कार्यशाला कॉर्डिनेटर डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. चिकेश रंजन ने दी है।

### जदयू ने मनाया नीतीश का जन्मदिन




**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई द्वारा बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थानीय बीएसएनल ऑफिस के समीप प्रोवाइड रिसोर्ट में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री लंबे समय तक बिहार समेत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देते रहे। वे स्वस्थ और दीघार्यु रहे ताकि इसका लाभ पार्टी और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता ले सके। बिहार विकसित राज्य और भारत देश विकसित देशों की गिनती में आ जाए इस अवसर पर केक काटा गया और मिठाइयां बांटी गई। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, चंद्र मोहन पटेल,राकेश गुप्ता, प्रवक्ता राकेश ठाकुर, महासचिव बसंत मेहता,जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल,महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष खुशबू कुमारी जिला सचिव सुजाता सिंह,प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा, रघुनंदन महतो, गुजरी देवी, कंचन देवी, बिट्टू कुमार, वीरेंद्र राम, संजय महतो समेत जदयू के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

### वॉलेंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन के द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ नियमित रक्तदाता पुतलुरी रामाकृष्ण रेड्डी एवं उनकी धर्मपत्नी पुतलुरी प्रत्युषा ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात सचिन कुमार, बजरंगी भुइया, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, सौरभ कुमार, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन, मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ नीरज कुमार, टेक्नीशियन आखैरी, मुकीम अख्तर, शीला कुमारी, शमशाद , मधु कुमारी एवं उदय कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### सदन में लगातार जनहित के मामले उठा रहे हैं विधायक उमाशंकर अकेला



**बरही ।** चालू बजट सत्र के दौरान स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव लगातार जनहित के मामले उठा रहे है. बीते दिन बरही के रियाडा के प्रदूषण, होमगार्ड नियुक्ति के मामले के बाद शुक्रवार को विधायक अकेला ने नल जल और अनुबंधित स्वास्थ्यकर्मियों के मामले को सदन में उठाया. सदन में बोलते हुए विधायक ने कहा कि जल नल योजना में संवेदक की लापरवाही और अनियमितता चरम पर है. उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा बरही विधानसभा के बरही, चौपारण, पदमा व चंदवारा में जल नल योजना हर घर को नल से जोड़ने की योजना चलाई जा रही है. जिसमे निर्माण कार्य घटियापूर्ण तरीके से किया जा रहा है. साथ ही जनप्रतिनिधियों को नजरंदाज कर भूमि पूजन भी नही कराया जा रहा है. जो जनप्रतिनिधियों के लिए असहनीय है. वही राज्य में अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को अब तक स्थाई नही किया जा रहा है. जबकि यह सभी पिछले दस वर्षो से भीं अधिक समय से अपनी सेवा दे रहे हैं. इन मुद्दों पर उन्होंने सरकार से उचित कदम उठाने की मांग किया है.

### आर्चरी कोर्स के वर्ल्ड आर्चरी लेवल 2 के लिए प्रकाश राम का चयन

**रामगढ़।** सिल्ली के बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के मुख्य कोच प्रकाश राम का वर्ल्ड आर्चरी लेवल 2 आर्चरी कोर्स के लिए चयन हुआ है। वर्ल्ड आर्चरी एक्सलेंस सेंटर स्विट्जरलैंड में लेवल 2 आर्चरी कोर्स के लिए भारत से कुल 7 कोच का चयन हुआ है। जिसमें सिल्ली के सीनियर कोच प्रकाश राम भी शामिल हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय तीरंदाजी संघ इन 7 सदस्यीय भारतीय दल को 4 मार्च को दिल्ली से स्विट्जरलैंड के लिए रवाना करेगी।

# 10 मार्च को आयोजित होगी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता



**नवीनं मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के कपका स्थित पाचु महतो सेवा संघ द्वारा प्रखंड के मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से दसवीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा चार ग्रुप में होगा जिसमें प्रथम ग्रुप ए में कक्षा प्रथम से तृतीय तथा ग्रुप बी में कक्षा चौथा से छठवीं ,ग्रुप सी में कक्षा सातवीं एवं आठवीं तथा ग्रुप डी में कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा कुल 100 अंक का होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय तथा ओएमआर शीट पर लिया जाएगा। परीक्षा में गणित ,सामाजिक विज्ञान ,विज्ञान सामान्य, हिंदी ,अंग्रेजी और सामान्य कंप्यूटर से होंगे। कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च तक है । परीक्षा का केंद्र बरकट्ठा, पचफेड़ी, गयपहाड़ी, कपका एवं बेडोकला में बनाया जाएगा। परीक्षा 10 मार्च को सभी केंद्रों पर होगा। परीक्षा का परिणाम 17 मार्च को जारी किया जाएगा। मुख्य ट्रस्टी सत्येंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कंप्यूटर, द्वितीय पुरस्कार साइकिल ,तृतीय पुरस्कार हाथ की घड़ी तथा टॉप - 20 को स्कूल बैग पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा ।

## कटकमदाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने की एक घर में छापेमारी

# 200 किग्रा गांजा के साथ युवक गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड राज्य में भी नशे का कारोबार अच्छी तरह से फल फूल रहा है। यहां के युवा भी नशाखोरी के चपेट में आने लगे हैं। हर जगह नशा का प्रचलन देखने को मिल रहा है। हालांकि सरकार ने नशाखोरी पर काफी सख्ती से रोक लगाई है लेकिन चोरी छुपे तस्करों द्वारा इसका कारोबार चलाया जा रहा है। कल रात्री को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि कटकमदाग थानाअंतर्गत आजाद मोहल्ला कूद में रिंकु अंसारी के द्वारा अपने घर में गांजा का अवैध व्यापार करने के लिए अवैध गांजा को छुपाकर रखा गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पु. उपा. (मु०), हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान उक्त घर में एक व्यक्ति को पाया गया, जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम, उम्र करीब 35 वर्ष, पे.- शेखावत अंसारी बताया। रिंकु अंसारी ने आगे बताया कि हम अपने घर के बगल में अपने चाचा के घर में गांजा छुपाकर रखे हैं। गांजा को आज शाम में ही महताब उर्फ लक्की, पे.-बालो, सा.- हबीबी नगर, खिरगांव के द्वारा लाकर दिया गया है। तलाशी के क्रम में घर के अन्दर कुल आठ (08) बोरा में 154 छोटा-बड़ पैकेट गांजा जिसका कुल वजन 200 कि०ग्रा० बरामद किया गया। इस संदर्भ में रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम के विरूद्ध कटकमदाग थाना काण्ड सं.-34/24, दिनांक- 01.03.2024 धारा 20 (बी) (ii) (सी) एन०डी०पी०एस० एक्ट दर्ज किया गया है। बरामद समानों में गांजा 200.8 कि. ग्रा. जब्त किया गया। इस छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), थाना प्रभारी कटकमदाग, हजारीबाग के साथ साथ सशस्त्र बल एवं पैंथर मोबाईल दस्ता शामिल रहे ।

**झारखंड में भी फल-फूल रहा है नशीले पदार्थों का कारोबार, नशे की चपेट में आ रहे युवा**

### मजदूर हित में इंटक सीसीएल प्रबंधन को करेगा मदद

**रामगढ़ / रजरप्पा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (इंटक) रजरप्पा क्षेत्र के उपाध्यक्ष सह संयुक्त सचिव हाजी अख्तर आजाद व संयुक्त सचिव राजेन्द्रनाथ चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता गुरुवार को सीसीएल रजरप्पा के नए जीएम बिनोद कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान यूनियन नेताओ ने बुके देकर जीएम का स्वागत किया। मौके पर हाजी अख्तर आजाद ने यूनियन संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मजदूरों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। मौके पर उन्होंने कहा की मजदूर हित मे इंटक सीसीएल प्रबंधन को हर संभव मदद करेगा। वही रजरप्पा जीएम बिनोद कुमार ने भी आपसी सामंजस्य बैठाकर काम करने का आश्वासन दिया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव असलम खान के अलावे मुख्तार अंसारी, किरण कश्यप , हेमलाल महतो, शशिकांत सिंह, रामपोदो महतो, सुरेंद्र महतो सहित कई मौजूद थे।

# आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस उदासीन पीड़ित ने वरीय अधिकारियों से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी अंतर्गत हरिजन टोला निवासी प्रमुख भुइयां ने आरोपियों की गिरफ्तारी में बरकट्ठा पुलिस की उदासीन रवैए को लेकर वरीय पदाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पीड़ित प्रमुख भुइयां ने मुख्यमंत्री झारखंड, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिल्ली, पुलिस महानिदेशक झारखंड, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रमंडल हजारीबाग को पत्र लिखकर बताया कि झुरझुरी हरिजन टोला निवासी रामजित भुइयां, पिता केदार भुइयां एक जनवरी शाम से लापता हुआ और चार जनवरी को उसका शव एक कुएं से बरामद हुई थी। इस बाबत बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर हत्या कर शव को कुएं में डाले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं पुलिस ने पहले बरकट्ठा थाना कांड संख्या 25/24 यू डी के तहत मामला दर्ज किया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर 13 फरवरी को बरकट्ठा थाना में ग्रामीणों के साथ परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया गया।
विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी बद्री भुइयां समेत दो लोगों को पकड़ कर थाना लाया गया और पुछताछ के बाद छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि बरकट्ठा पुलिस और झुरझुरी पंचायत के एक प्रतिनिधि पैसे लेकर अभियुक्तों को सहयोग कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

बरकट्ठा थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि यह मामला हमारे पदभार संभालने से पहले का है। इस बाबत वरीय पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही मामले पर कारवाई की जाएगी।

### वरिष्ठ आचार्य के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से सेवानिवृत्त हुए विज्ञान के आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनके पैर पखारे गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी एवं आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। बताया गया कि आचार्य योगेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने जीवन के लगभग 26 वर्ष विद्यालय को दिए। वे शुरू से ही मृदुल भाषी एवं अपने कर्तव्यों के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहे हैं। 1998 से विद्यालय में काम करते हुए विभिन्न विभागों एवं दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अधिकारियों ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया।

## डीसी तक पहुंची अबुआ आवास में धांधली की शिकायत

# ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पदमा प्रखंड के ग्रामीण शुक्रवार को समाहरणालय पहुंचकर डीआरडीए निदेशक पंकज तिवारी को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में अनियमितता बरती गई है, सुखी सम्पन्न लोगों का चयन अबुआ आवास के लिए किया गया, कुछ वैसे भी लोगों को स्वीकृति पत्र दिया गया जिसे पूर्व में पीएम आवास मिल चुका है, जबकि प्रखंड के योग्य, लोगों का चयन बहुत कम ही किया गया, साथ ही जियो टैग कर रहे अधिकारियों के द्वारा रिश्वतखोरी का भी मामला सामने आया हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पदमा प्रखंड में अबुआ आवास को लेकर जोर-शोर से धांधली की जा रही है। करीबियों को अबुआ आवास का लाभ देकर धड़ल्ले से जियो टैगिंग की जा रही है। साथ ही यह भी बताया की प्रखंड के योग्य लाभुकों की सूची में ओपेरेटर के द्वारा लाभुकों के केटेगरी में भी फेर बदल की गई हैं एसटी लाभुकों को एससी की सूची में डाल दिया गया है एवं ओबीसी लाभुकों को एससी सूची में डाल दी गई है, साथ ही कुछ योग्य लाभुकों की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पोर्टल पर इंट्री की गई है परन्तु अबुवा आवास के पोर्टल पर इंट्री नहीं की गई है। प्रखंड क्षेत्र की लगभग सभी पंचायतों में इस प्रकार का घालमेल किया जा रहा है।

### ईंट-भट्ठे में अवैध कोयला भंडारण को लेकर वन विभाग ने की छापामारी

**रामगढ़ / मांडू।** मांडू गोविंदपुर स्थित दांदू दोहर में रमेश साव के ईंट भट्टा में अवैध कोयला भंडारण को लेकर वन विभाग ने छापामारी की। अवैध भंडारण की शिकायत वन विभाग के अधिकारी को मिल रही थी। अधिकारी के आदेश के बाद मांडू विभाग हरकत में आते हुए उक्त स्थल में छापामारी की।। छापामारी के दौरान भट्टा से 7 बोरा अवैध कच्चा कोयला को जब्त किया गया। साथ ही जब्त किये गये कोयला को वन परिसर ले लाया गया। मामले को लेकर प्रभारी वनपाल ने भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा 52 के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही रमेश साव पर कार्रवाई को लेकर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को पत्र भी प्रेषित किया गया। ज्ञात हो कि रमेश साव जंगलों को काटकर ईंट भट्टा का संचालन कर रहा है। कुछ दिन पूर्व वहां रह रहे विरहोर परिवार ने उनके खिलाफ उपायुक्त व वन प्रमंडल को आवेदन देकर कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

## सीओ के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

# न्याय नहीं मिला तो सप्ताह बाद फिर किया जाएगा आंदोलन : सूरज

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मासोमात सुदामा को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एआईएमआईएम ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया. जिसका नेतृत्व विस प्रभारी सूरज दास कर रहे थे. मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ रामनारायण खलखो ने धरना के पहले ही दिन प्रदर्शनकारियों की मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया. सीओ के बात से संतुष्ट होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरने को पहले ही दिन समाप्त कर दिया. विस प्रभारी ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर मसोमात वृद्धा को हक नही मिला तो पुनः आंदोलन चलाया जायेगा. गौरतलब है कि मलकोको की उक्त अंबेडकर आवास की पहली राशि और अंचल कार्यालय द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने के बाद भी आवास नही बना पा रही है. आवास निर्माण के लिए उपलब्ध करवाए गए भूखंड को स्थानीय व्यक्ति अपना बता कर काम करने से रोक रहे है. इस संबंध में विधवा ने कई बार अधिकारियो को सूचित करते हुए न्याय की गुहार लगाई है. परंतु किसी भी प्रकार की कारवाई नही मिली है. विधवा को न्याय दिलाने के उद्देश्य से ही एआईएमआईएम ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था. धरना प्रदर्शन में एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव नदीम खान सहित अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी सहित पीड़िता मसोमात सुदामा देवी, गुलाब कु० दास, शंकर दास, रामसुंदर दास, कांशी दास, दासो तुरी, नेपाली सिंह,बिनोद दास, रंजीत यादव, शमशेर अंसारी, मनोहर मिर्धा, सकुना देवी, जमुनी देवी, देवन्ति देवी, तेतरी देवी, कविता देवी, मीणा देवी, चंदा देवी, सुदामा देवी, मुंद्रिका देवी, बासो देवी, राखी देवी, आशा देवी आदि कई लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### लाखों खर्च करने के बाद भी लोग प्यासे, चुंआ का पानी पीने को मजबूर

**जलडेगा।** जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग की महत्त्वपूर्ण जल जीवन मिशन योजना का मुख्य लक्ष्य यह है, कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवार जिन्हें पानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है वे प्यासे न रहें। लेकिन जलडेगा प्रखंड के पंचायत कोनमेरला भुंडूपानी बांध टोली में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लाखो रूपए खर्च कर जल जीवन मिशन के तहत पांच हजार लीटर वाला सोलर सिस्टम अधारित जलमीनार लगाए जाने के बाद भी यहां के ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात नही मिल पाई है।

### अज्ञात शव मिलने से जलडेगा में सनसनी जांच में जुटी पुलिस

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोनमेरला खरवागढ़ा क्षेत्र में खेत में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेत में शव होने की सुचना कोनमेरला मुखिया द्वारा जलडेगा थाना को दी गई जिसपर अविलम्ब जलडेगा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक करवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया है। इस बारे में थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया की फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हुई है एवं इसके बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं हत्या एवं आत्महत्या के सवाल पर थाना प्रभारी ने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है फिलहाल पुलिस हर पहलु पर जाँच कर रही है।

### गाटीबांधु में वन विभाग ने की कार्रवाई, 50 बोटा सखुआ जब्त



**बानो।** बानो प्रखंड के गाटीबांधु में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित पचास पीस सखुआ बोटा को जब्त किया हालांकि तस्कर भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार बानो क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लकड़ी तस्करी की जाती है। इसकी सूचना वन विभाग को मिली थी।इसके तहत वन विभाग के द्वारा टीम बनाकर गाटीबांधु इलाके में ये छापामारी किया गया।जहां लगभग 50 पीस बोटा सहित ट्रक में लोड करते हुए वन विभाग की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। वन विभाग की टीम ने गाड़ी सहित करते हुए वन विभाग परिसर लाया गया.छापामारी में वन विभाग के वनपाल विवेक कुमार,वनरक्षी लखिंद सहित अन्य लोग शामिल ले। बानो रेंजर अभय सिंह ने बताया कि खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### 46 करोड़ की लागत से बने छात्रावास व आवासीय परिसर का हुआ उद्घाटन

# कृषि संस्थान पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत में किसानों को उन्नत प्रशिक्षण दिलायेगा : मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** केंद्रीय कृषि मंत्री व किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता आदि की उपस्थिति में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के प्रांगण में 46 करोड़ की लागत बने छात्रावास व आवासीय परिसर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर कृषक गोष्ठी सह उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया. अपने अभिनंदन संबोधन में निदेशक ए के सिंह ने बताया कि शुक्रवार से परिसर छात्राओं के लिए 175 बेड, छात्राओं के लिए 156 बेड वाला गर्ल्स हॉस्टल सहित आवासीय परिसर का शुभारंभ हुआ.




उन्होंने बताया कि वर्तमान में 240 वैज्ञानिक अध्यनरत है. जो कृषि, पशुपालन और वानिकी के क्षेत्र में शोध कर रहे है. उन्होंने बताया कि यह संस्थान पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत में अपना नाम रौशन करेगा. केंद्रीय कृषि राज्य सह किसान कल्याण मंत्री श्री मुंडा ने ऑर्गेनिक कृषि पर जोर देते हुए हरित क्रांति पर जोर दिया. उन्होंने नैनो विधि से खेती करने पर जोर देते हुए नैसर्गिक तरीको से खेती करने पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि देश में कृषि का विकास जोरो पर है. मिट्टी की जांच पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि 23 करोड़ रुपए किसानों के लिए उपलब्ध करवाए गए है. उन्होंने संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान यहां के किसानों को भी उन्नत प्रशिक्षण मिलेगा. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने पर जोर दिया. मौके पर दो आईएआरआई के दो नए पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे, कैलाश चौधरी, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, महानिदेशक व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग डॉ हिमांशु पाठक, निदेशक रांची आईसीएआर डॉ सुजय रक्षित, डॉ अभिजीत कर, डॉ निशा, आईएआरआई निदेशक डॉ एके सिंह, भारतीय कृषी अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (बीज) डॉ डीके यादवा, विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशालनाथ, डॉ प्रियरंजन, हजारीबाग ऊपरी भूमि धान अनुसंधान केंद्र अध्यक्ष डॉ एनपी मंडल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### देर रात सदर अस्पताल पहुंचीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा

# घायल महिला व सर्प दंश से पीड़ित बच्चे का हाल जाना

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिप सदस्य जोसिमा खाखा गुरुवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंच अस्पताल में भर्ती धनमती देवी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। जोसिमा ने बताया कि कुरडेग के बइघमा अबटोली धनमनी देवी जंगली सुअर के हमले से घायल हो गयी है। उनका एक पैर जंगली सुअर के हमले से टूट गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद चिकित्सको ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इसके बाद जोसिमा ने रिम्स भेजवाने के लिए108 एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई। रात अधिक हो जाने के कारण परिजनों ने



सुबह में रिम्स ले जाने की बात कही। वहीं जोसिमा ने दुरभाष के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर जंगली जानवरों के हमसे घायल होने पर मिलने वाले मुआवजा राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। अस्पताल पहुंची जोसिमा ने अस्पताल में भर्ती सर्प दंश से घायल बच्चे से भी मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। साथ ही चिकित्सकों को बच्चे का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। बानो निवासी दोनों भाइयों को जहरीले सांप ने दश लिया था। जिससे एक भाई की मौत हो गई। जबकि एक फिलहाल खतरे से बाहर है। जोसिमा ने उनके परिजनों को विभाग से मुआवजा राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया।

### बिजली की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता

# विद्युत सस्याओं को शीघ्र दूर करे बिजली विभाग : श्रद्धानंद बेसरा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विद्युत विभाग में बिजली से संबंधित अनेकों जनता की समस्याओं को लेकर भाजपा नेता सह विभागीय सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग श्रद्धानंद बेसरा ने विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी से मुलाकात की एवं श्री बेसरा ने जनताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए छः सूत्री मांग रखते हुए कहा कि बिजली की समस्याओं को शीघ्र करें बिजली विभाग ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। नगर क्षेत्र के सुन्दरपुर कुम्हार टोली में एक ही विद्युत खंभे से अनेकों उपभोक्ताओं ने दूसरे के खेतों में बांस के सहारे विद्युत तार खींचे गए हैं, जिसके कारण खेती बाड़ी के समय खेत मालिकों से बराबर विद्युत उपभोक्ताओं से झगड़े होते रहते हैं। इन्हें विद्युत पोल उपलब्ध कराया जाए और व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए



और कितने ही ऐसे ग्राम है उन्हें चिन्हित कर व्यवस्था को दुरूस्त करें। दूसरा - जिन जिन गांवों में खुले नंगे तार झुल रहे हैं, उन्हें हटाकर कवर वायर की व्यवस्था की जाए, ताकि वर्षा के दिनों में भी निर्वाध रूप से विद्युत मिलता रहे एवं जन मानस भी इस व्यवस्था से अपने को सुरक्षित महसूस करें। तीसरा - विगत दिनों विद्युत विभाग कि ओर से जिनका विद्युत कनेक्शन वैध था और जो नियमित विद्युत बिल भुगतान कर रहे थे उन लोगों का कनेक्शन काट दिया गया और उनपर एफआईआर दर्ज कर दिया गया जिनके कारण वे कोर्ट कचहरी का चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे समस्याओं का समाधान करें और कम से कम उन्हें एक मौका दें। अन्यथा इस तरह अनावश्यक रूप से परेशान करने पर जनता के द्वारा आन्दोलन किया जाएगा।साथ ही साथ जिनके घर वैध कनेक्शन और नियमित विद्युत बिल भुगतान किया जा रहा है और यदि उनके घर में विद्युत मीटर नहीं लगाए गए हैं, ऐसे लोगों को विद्युत विभाग मीटर लगाने में विभाग सरलता से सहयोग करे।

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को ई रिक्शा का हुआ वितरण

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सिमडेगा संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी सिमडेगा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सिमडेगा के द्वारा पंचायत टुकूपानी, बिरू, हेठमा, टैंसेरा, बरसलोया, पाकडटांड, उरते, बानो, लचड़ागढ़ एवं समसेरा हेतु कुल 10 पंचायतों के मुखिया के हाथों में ई रिक्शा की चाभी सौंपते हुए हरी झंडी दिखा कर डोर टु डोर कचरा कलेक्शन के लिए बैटरी से संचालित ई-रिक्शा को रवाना किया गया।इस ई- रिक्शा का उपयोग संबंधित पंचायतों के सभी राजस्व ग्रामों से सूखा एवं गीला कचरा कलेक्शन हेतु किया जाएगा एवं कचरा कलेक्शन कर पंचायत स्तर पर बने कचरा संग्रहण सेड में जमा किया जाएगा मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया, सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, स्वच्छता कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

# उर्दू सहायक शिक्षकों की नियुक्ति करे सरकार : भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के शून्यकाल में राज्य में रिक्त पड़े उर्दु सहायक शिक्षकों की नियुक्ति कराने की मांग की है। विधायक ने बताया कि राज्य में शिक्षक नियमावली 2012 के अनुसार उर्दु सहायक शिक्षक के कुल रिक्त पद कुल 4401 के बिरुद्ध हुई बहाली के बाद कुल 3712 पद रिक्त है। अल्पसंख्यक आयोग के पत्रांक 746/2015 में इंटर एवं स्नातक उर्दु टेट पास अभ्यर्थियों के लिए आवेदन मांगा गया था। पर अब भी कुल 3712 पद रिक्त है। विधायक ने कहा कि उर्दु शिक्षकों का नाम भी बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया है। साथ ही ग्रेड में भी घटा दिया गया है। जो विधिसम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि उर्दु सहायक शिक्षकों की बहाली नहीं होने कई स्कूलों में उर्दु शिक्षकों



का घोर कमी हो गई है। इससे मुस्लिम छात्र उर्दु की पढ़ाई करने से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द सहायक उर्दु शिक्षकों की बहाली करे। ताकि मुस्लिम समाज के सभी बच्चे उर्दु का ज्ञान प्राप्त कर सके।

# साइबर फ्रॉड को लेकर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु रांची से भारतीय रिजर्व बैंक से नितिन गौरव और साख फाउंडेशन से एरिया मैनजर मृतुन्जय चन्द्रा द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन साख फाउंडेशन द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम एसएस प्लस टू हाई स्कूल बंबलकेरा एवं दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिमडेगा में आयोजित की गई। जानकारी देते हुए कहा गया कि वर्तमान में हम सभी को साइबर फोर्ड से सावधान रहने की जरूरत है, साथ ही इसके बारे में जानकारी भी रखनी है और दूसरे लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि हम सभी विद्यार्थियों और युवाओं को अभी से ही बचत करना सीखना है साथ साथ ही हमें कम्पाउंडिंग की शक्ति को भी जानना है। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी साथ ही इस बार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी थीम 'करो सही शुरूआत, बनो वितीय स्मार्ट' पर जानकारी देते हुवे बचत और कम्पाउंडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग अनिवार्यता और डिजिटल और साइबर स्वच्छता पर गुणवत्तापूर्ण विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

# उपायुक्त ने युवाओं को मतदान प्रक्रिया से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिला-स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह सहित अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त एवं अन्य मंचासीन अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार द्वारा स्वागत संबोधन सह विषय प्रवेश कराया गया। जिला युवा अधिकारी द्वारा बताया गया है पड़ोस




युवा संसद का आयोजन पूरे देश में प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम में युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जा रही है और मॉक पार्लियामेंट का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही मतदाता जागरुकता पर कार्यशाला, प्रश्नोत्तरी एवं मतदाता पहचान पत्र पंजीयन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा ने उपस्थित युवाओं को जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी के लिए ये बहुत ही अच्छा अवसर है कि आज मॉक पार्लियामेंट के आयोजन द्वारा आप संसदीय प्रक्रिया से अवगत होंगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सबको अपनी भूमिका निभाना है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उपायुक्त सिमडेगा ने युवाओं को संबोधित करते हुए मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं संसदीय प्रक्रिया से अवगत करवाया। उन्होंने युवाओं से अपील की जो युवा 18 वर्ष पूरा कर चुके है वो जल्द से जल्द अपना नाम मतदाता सूची में प्रपत्र 6 भरकर नाम दर्ज कराएं और मतदान के दिन मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि जैसे ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी उसके बाद अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कर पाएंगें। उन्होंने कहा स्वतंत्र और

**लोकतंत्र के महापर्व में हम सबको अपनी भूमिका निभानी है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है**

निष्पक्ष चुनाव कराना भारत निर्वाचन आयोग की जिम्मेवारी है और यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। उन्होंने युवाओं को सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की भी अपील की और कहा कि आपको सोच समझ कर बिना किसी लोभ लालच में आए उचित उम्मीदवार को अपना बहुमूल्य मत दे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आपको आपके संसदीय क्षेत्र का कोई उम्मीदवार उचित ना लगे तो आप नोटा का प्रयोग करें लेकिन मतदान अवश्य करें और एक जिम्मेवार नागरिक होने का परिचय दे।

### बागवानी को बढ़ावा देने के लिए किसानों को किया जागरूक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत नावाटोली पंचायत सभागार में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड का एक दिवसीय किसान जागरुक कार्यशाला का आयोजन किया गया । भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मंत्री सह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार उनके मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भारत सरकार एवं कृषि भवन कांके रांची झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में कोलेबिरा प्रखंड के ग्रामीण किसानो के बीच कृषि योजनाओं के बारे जागरुकता कार्यशाला की जा रही है किसानो से कहा कि अधिक से अधिक किसान लाभ ले । जिसमें जिला बागवानी कृषि विज्ञान केंद्र जिला प्रशासन और अग्रणी बैंक प्रबंधकों आदि के समन्वय और सहयोग से किसान लाभ उठा सकते है । कार्यक्रम में कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से प्रगतिशील किसान एवं महिला किसानो ने भाग लिया ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट,
जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

**"सूचना"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत एस०बी०डी० आधरित ई–निविदा अमंत्रण सूचना का प्रसंग संख्या–RCD/RAMGARH/143/2023-24 (3rd Call) दिनांक– 26.02.2024 का P.R No.- 320477 Road (23-24) D द्वारा आमंत्रित ई–निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित तिथि | संशोधित की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.03.2024 12:00 बजेदिन तक | 11.03.2024 12:00 बजेदिन तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि | 11.03.2024 12:00 बजेदिनतक | 12.03.2024 12:30 बजे दिन तक |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

PR 321070 Road(23-24)#D



**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा**

**(द्वितीय) अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2023–24 दिनांक 29.02.2024**

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09 | सहाना रोड लाला बाबु के घर से NH-31 तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 1236400.00 | 24800.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 02-02-2024 | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 09-03-2024 | |
| C | Date of opening Tender | | | | 11-03-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | Helpline No. | | | +91-8434850985 | | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 321049 Urban Development(23-24)#D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 35/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 09.03.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 11.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 11.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान: जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खूँटी | बिरहु पंचायत अन्तर्गत बिरहु रोड से आरसेटी तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 826400.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 2 | खूँटी | फुदी पंचायत अन्तर्गत कालामाटी में गुसू मुण्डा के घर से बरटोली टंगरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2369300.00 | 48000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | खूँटी | भण्डरा पंचायत अन्तर्गत ग्राम चिकोर बरटरेली में भीम स्वांसी के घर से नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2494700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | खूँटी | गुटजोरा श्मशान घाट में शेड निर्माण। | 753400.00 | 16000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 5 | कर्रा | राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जरियागढ़ में एक–एक अदद बालक एवं बालिका शौचालय का निर्माण कार्य। | 1472000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | कर्रा | डुमरगढ़ी पंचायत अन्तर्गत ग्राम मानपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मानपुर में किचन शेड का निर्माण कार्य। | 497000.00 | 10000.00 | 750.00 | 3 माह |
| 7 | कर्रा | हाकाजांग पंचायत अन्तर्गत हाकाजांग काली रोड से लोधमा–नगड़ी मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2483500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 8 | कर्रा | दतिया मेन रोड गोबिन्दपुर से गुस्सा अम्बा टोली तक करीब 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1281800.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | मुरहू | कुंजला पंचायत अन्तर्गत ग्राम कुंजला में शमशान घाट जाने वाले रास्ता में पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1105300.00 | 23000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | रनियाँ | खटखुरा पंचायत अन्तर्गत खास बेलकीदुरा में कालीकरण पथ से चबुतरा तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1111400.00 | 23000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 11 | रनियाँ | ताम्बा पंचायत अन्तर्गत कैम्प के नीचे तालाब में छठ घाट का निर्माण कार्य। | 630400.00 | 13000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 12 | तोरपा | फटका पंचायत अन्तर्गत ग्राम फडिंगा में आखिरी पानी टंकी से लेकर विकास प्रधान के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1616800.00 | 33000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 13 | तोरपा | हुसीर पंचायत अन्तर्गत रोन्हे रोड से मदलोर तक पथ निर्माण कार्य। | 1199400.00 | 24000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 14 | अड़की | मॉडल विद्यालय, अड़की तक पहुँच पथ निर्माण। | 262700.00 | 6000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 15 | अड़की | बाड़ीनिजकेल पंचायत अन्तर्गत आवासीय विद्यालय, उलिहातु में किचन शेड का निर्माण कार्य। | 2162300.00 | 43500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 16 | अड़की | मॉडल स्कूल अड़की में सोलर वाटर पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | 605100.00 | 12500.00 | 1250.00 | 3 माह |

नोट :1. जिला परिषद, खूँटी/RWD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
2. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
3.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR 321072 District(23-24)D

# गिरिडीह पुलिस ने पांच साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तार अपराधियों में तिसरी, देवरी और बिरनी के युवक शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस के द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। एक बार फिर पांच साइबर अपराधी को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरिडीह जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने पपरवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस में प्रेसवार्ता कर शुक्रवार को इस बाबत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि तिसरी थाना क्षेत्र के कलवा नदी के पास कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का प्रयोग करते हुए आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई और अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों में तिसरी प्रखंड अंतर्गत किशुटांड़ के 23 वर्षीय निरंजन प्रसाद यादव, भंडारी के 23 वर्षीय मंटू कुमार, 19 वर्षीय सचिन कुमार यादव, देवरी के नया साखो के 24 वर्षीय चंद्रदेव कुमार राय, बिरनी के पाराटांड़ निवासी 21 वर्षीय अजित देव शामिल हैं। वहीं अपराधियों के पास से पुलिस ने 7 मोबाइल, 13 सिम, 1 पासबुक, 2 आधार कार्ड, 3 पेन कार्ड, 1 स्मार्ट वॉच भी बरामद किया गया है। एसपी श्री शर्मा ने बताया कि अपराधी अपने आपको बैंक अधिकारी बताकर आम बैंकधारको को झांसा देकर साइबर ठगी करते थे। साथ ही ये कुरियर सर्विस के नाम पर भी आम लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगी किया करते थे। अपराधी मेडिकल इमरजेन्सी का बहाना बनाकर साइबर ठगी से प्राप्त पैसों की निकासी करते थे।

छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेंद्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेंद्रनाथ महतो, दमोदर प्रसाद मेहता शामिल थे।

# ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग हुए घायल

### ट्रक को ग्रामीणों के सहयोग से कुछ ही दूरी पर पकड़कर घटनास्थल पर ले आया गया



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खुरजिओ के समीप के पास एक ट्रक ने 65 वर्षीय बुजुर्ग को घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग की पहचान खुरजिओ गांव निवासी वासदेव प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रक दत्तलगा गांव से गारागुरु की आ रहा था। तभी खुरजिओ सरकारी स्कूल के समीप के पास ट्रक को घुमाने के चक्कर में बुजुर्ग को अपने चपेट में ले लिया। जिसके बाद बुजुर्ग घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को भागने का प्रयास किया लेकिन सड़क खराब होने के कारण ट्रक को ग्रामीणों के सहयोग से कुछ ही दूरी पर पकड़कर घटनास्थल पर ले आया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को घटना की सूचना नहीं मिली थी। घटना सुनकर बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, मनोज वर्मा, मनोज यादव, महेंद्र राय, चेतलाल यादव द्वारा पहुंचकर जानकारी ली गई।

# बाइक सवार अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लूटे एक लाख रुपये

**घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रतुआडीह जंगल के पास की**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में हथियार बंद अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। दो की संख्या में आए बाइक सवार अपराधी सीएसपी संचालक से एक लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। घटना थाना क्षेत्र के गेनरो पंचायत के रतुआडीह जंगल के पास की है। घटना की सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि सीएसपी संचालक नंदकिशोर साह चपुआडीह बैंक से पैसे निकालकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने रतुआडीह जंगल के पास उन्हें रोका और हथियार का भय दिखा कर पैसे लूट कर फरार हो गये। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस टीम मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। अपराधियों की पहचान एवं धर पकड़ के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर का इंजन पलटा, दबकर खलासी की दर्दनाक मौत

## घटना गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के मनसाडीह ओपी क्षेत्र के जलगोड़ा का

**बिहार के जमुई जिला अंतर्गत गरही थाना क्षेत्र के दीपाकरहा गांव का रहने वाला 25 वर्षीय अनिल हांसदा**



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)।** मनसाडीह ओपी क्षेत्र के जलगोड़ा में शुक्रवार की शाम ट्रैक्टर के असंतुलित होकर पलटने से ट्रैक्टर के खल्लासी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद ड्राइवर व एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गया।

मृत खल्लासी बिहार राज्य के जमुई जिला अंतर्गत गरही थाना क्षेत्र के दीपाकरहा गांव का रहने वाला 25 वर्षीय अनिल हांसदा बताया जा रहा है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि धान कूटने वाली मशीन लगे हुए एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर से अनिल हांसदा, ट्रैक्टर चालक व एक अन्य व्यक्ति राजकीय सीमा पार कर धान कूटने के लिए मनसाडीह के कुंडी गांव आये थे।

जहां काम खत्म होने के बाद जलगोड़ा जाने के क्रम में चरकी ढ़िबर नदी के समीप ही असंतुलित होकर ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। जिससे दबकर खल्लासी अनिल की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं इस दुर्घटना में वाहन चालक और ट्रैक्टर पर सवार एक अन्य व्यक्ति बाल बाल बच गए,जिसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए।

वहीं दुर्घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुड़ गई। लोगों ने मामले की जानकारी मनसाडीह ओपी को दिया। जिसके बाद ओपी प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों की मदद से ट्रैक्टर से दबे खल्लासी के शव को निकाला गया।वहीं घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव को देख रोने बिलखने लगे। मनसाडीह पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### डाक समुदायिक विकास कार्यक्रम का बगोदर डाक घर परिसर में हुआ आयोजन




**गिरिडीह।** बगोदर उप डाकघर में शुक्रवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि डाकघर अधीक्षक संजय कुमार संगम विशिष्ट अतिथि प्रमुख आशा राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किये। वहीं कार्यक्रम का मुख्य उपदेश डाकघर की विभिन्न योजनाओं व प्रदत्त सेवाओं का लाभ लोगों को मिले।कार्यक्रम में उपप्रमुख हरेंद्र सिंह विभिन्न पंचायत के मुखिया डाक निरीक्षक कुमारी सुचित्रा प्रितेश बंसल डाक बैंक के मैनेजर रंजीत सिंह मनोज कुमार शिवकुमार, अमित कुमार, संजय कुमार सिंह, विनोद प्रसाद अजय कुमार विपिन कुमार रमन कुमार सुमन भदानी सुधीर आनंद समेत काफी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

### सड़क और पेयजल की समस्याओं से जिप सदस्य दुर्गेश ने गिरिडीह डीसी को कराया अवगत

**गिरिडीह।** बगोदर प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में ज्वलंत समस्या को लेकर जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मिलकर क्षेत्र के समस्याओं को रखे और समाधान को लेकर बात किये। इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर समाधान को लेकर आगाह किये। जिसमें क्षेत्र के कई तालाबों का जीर्णोद्धार पुल-पुलिया, गार्डवाल निर्माण के साथ ही आदिवासी क्षेत्र अड़वारा पंचायत के अखेना में जर्जर पथ और अटका-कशियाटांड़ पथ से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से अवगत करवाये। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों मे चल रहे जल नल योजना कार्य में गड़बड़ी भी शामिल है।

# गावां में भाकपा माले द्वारा निकाला गया प्रतिवाद मार्च

- अबुआ आवास योजना चयन में गड़बड़ी व बालू गाड़ी पकड़ने के खिलाफ निकला मार्च
- नुक्कड़ सभा के बाद सीओ को सौंपा गया ज्ञापन
- भाकपा माले किसी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी : राजकुमार यादव




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** गावां प्रखंड में अबुआ आवास के चयन में गड़बड़ी व बालू गाड़ी पकड़ने समेत छह सूत्री मांगों के खिलाफ भाकपा माले की ओर से हाट बाजार से ब्लॉक परिसर तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे।

नुक्कड़ सभा के बाद पार्टी की और से प्रखंड कार्यालय में छह सूत्री मांग पत्र सौपा गया। ज्ञापन में पावर ग्रिड के ट्रांसमिशन का एनओसी, मनरेगा में भ्ष्टाचार, क्षेत्र में बढ़ती चोरी डकैती के रोकथाम समेत छह सूत्री का ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गावां हाट परिसर से प्रतिवाद मार्च निकाल कर प्रारंभ किया गया। इस दौरान बैनर व झंडे से लैस माले कार्यकताओं ने बीडीओ व सीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम के बाद राजकुमार यादव समेत माले कार्यकताओं ने खेशनरो निवासी जयप्रकाश यादव को आर्थिक सहयोग किया। विगत दिनों इनका घर आग लगने से जल गया था। मौके पर जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, जयनारायण यादव, सकलदेव यादव, अखलेश यादव, गुड्ड बरनवाल, जित्तू राम, पवन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।


# कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
## (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**

संख्या –35 / 2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 11.03.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरण : 15 वें वित्त आयोग।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | ORMANJHI | BAREDIH | ओरमॉझी प्रखण्ड के अन्तर्गत बारीडीह में जल संरक्षण हेतु तालाब में घाट का निर्माण। | 6,14,100.00 | 42700.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | ORMANJHI | PARPANCHA | ओरमॉझी प्रखण्ड के अन्तर्गत पारपरचा में जल संरक्षण हेतु तालाब में घाट का निर्माण। | 4,32,400.00 | | | |
| | ORMANJHI | CHADU | चाडू पंचायत अन्तर्गत खलारी बस्ती में नाली निर्माण। | 4,53,400.00 | | | |
| | ORMANJHI | CHANDRA | ग्राम बुण्डू में महावीर स्थान मड़ई होते हुए खुदन मुण्डा के घर तक नाली का निर्माण। | 6,34,200.00 | | | |
| | | | कुल | **21,34,100.00** | | | |
| 02 | ITKI | MALTI | मोरो तालाब में छठ घाठ निर्माण, सुन्दरीकरण एवं सिढ़ी निर्माण। | 8,07,000.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | ITKI | ITKI EAST | ईटकी बाजारटाड़ मंडा खुटा से सुधीर का घर होते हुए तिन मुहाना तक नाली निर्माण, | 6,92,900.00 | | | |
| | | | कुल | **14,99,900.00** | | | |
| 03 | KANKE | BARDU | ग्राम ब्रद्धु अन्तर्गत ग्राम समरटोली मस्जिद में नाली निर्माण। | 5,00,100.00 | 29,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | KANKE | KOKODARO | कोकदोरो पंचायत के अन्तर्गत ग्राम कोकदोरो में अफरीज के घर से लेकर नाली निर्माण। | 5,00,100.00 | | | |
| | KANKE | PITHORIA | ग्राम पंचायत पिठौरिया के अन्तर्गत रेयाजूल के घर से आगॅनबाड़ी तक नाली निर्माण। | 4,22,700.00 | | | |
| | | | कुल | **14,22,900.00** | | | |
| 04 | BERO | MURTO | ग्राम चचकोपी सिमरटोली पंचायत मुरतो मे तालाब के सिढ़ी निर्माण। | 7,15,400.00 | 29,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | BERO | bero | बेड़ो मंदिर रोड से ब्लॉक रोड होते हुए खेत तक नाली का निर्माण। | 7,15,500.00 | | | |
| | | | कुल | 14,30,900.00 | | | |
| 05 | CHANHO | Gutwa | गुटवा स्वास्थ्य उपकेन्द्र के पास पुलिया से टांसफर्मर तक दोनों ओर नाली का निर्माण। | 7,15,500.00 | 29,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | CHANHO | SOSE | सोंस पंचायत में ग्राम सोंस में ओम प्रकाश साहु कें घर के पास कलर्भट निर्माण एवं सोंस मस्जिद महली टोला के पास कलर्भट निर्माण। | 7,15,500.00 | | | |
| | | | कुल | **14,30,900.00** | | | |
| 06 | KANKE | HOCHAR | अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत होचर गाम के तालाब का सौंदर्यीकरण। | 7,15,500.00 | 60,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | KANKE | MALSIRING | मालश्रृंग पंचायत के बड़ा तालाब में दशकर्मा घाट में सीढ़ी का निर्माण। | 9,79,400.00 | | | |
| | KANKE | SUKURHUTTU SOUTH | सुकुरहुटु दक्षिणी पंचायत के नयातालाब में पश्चि0 घाट के कोना में सीढ़ी का निर्माण। | 5,20,400.00 | | | |
| | KANKE | DUMARDAG | कॉके डुमरदगा पंचायत के सुगनु गॉव में पुराना पंचायत भवन से C.M School स्कूल के बगल सरकारी तालाब तक नाली निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **29,99,700.00** | | | |
| 07 | MANDAR | KAMBO | माण्डर प्रखण्ड के पंचायत कैम्बो के गुड़गुड़जाड़ी गॉव में मसना बांध से बिरसा उरॉव के घर तक नाली निर्माण। | 7,15,500.00 | 59,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | MANDAR | JHIRJHIRI | माण्डर प्रखण्ड अर्न्तगत झिंझरी पंचायत के टोटाम्बी के ललित बेक बाउण्ड्री से बांध तक नाली निर्माण। | 7,15,500.00 | | | |
| | MANDAR | AMBATOLI | माण्डर प्रखण्ड अर्न्तगत तिगोई अम्बाटोली पंचायत के ग्राम अम्बाटोली में स्कूल गेट से कलाम अंसारी के घर तक नाली निमाण। | 9,94,700.00 | | | |
| | MANDAR | KARGE | करगे पंचायत के ग्राम बहेराटोला में मस्जिद से कब्रिस्तान तक पक्की नाली निर्माण। | 5,05,200.00 | | | |
| | | | कुल | **29,30,900.00** | | | |
| 08 | BURMU | MAKKA | मक्का पंचायत के ग्राम सीरम में आगनबाड़ी केन्द्र में मंगरा गंझू के घर तक गार्डवाल निर्माण। | 4,93,800.00 | 54,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | BURMU | CHAPPAR | पंचायत छापर ग्राम छापर में करमा अखरा कुंजल लोहरा के घर से छापर गड़ा तक नाली निर्माण। | 3,55,000.00 | | | |
| | BURMU | CHAPPAR | पंचायत छापर ग्राम हेमदाग राजेश मुण्डा के घर से जितु मुण्डा के घर तक नाली निर्माण। | 3,55,000.00 | | | |
| | BURMU | TAKURGAON | ठाकुरगॉव छठ तालाब में छठ घाठ का निर्माण। | 14,88,400.00 | | | |
| | | | कुल | **26,92,200.00** | | | |
| 09 | RATU | TARUP | तारुप पंचायत के कनौज गॉव में बधदेव उरॉव के घर से नीचे अखरा तक नाली निर्माण। | 7,78,700.00 | 43,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | RATU | RATU EAST | पंचायत रातू पूर्वी के रानी बगीचा रोड नं0 1 में पक्की नाली का निर्माण । | 6,43,300.00 | | | |
| | RATU | PANDRA | पण्डरा पंचायत में फेडस कॉलोनी पुर्वी रोड नं0 5 आशुतोष गुप्ता के घर से लेकर राम जतन प्रसाद के घर तक नाली निर्माण। | 7,14,900.00 | | | |
| | | | कुल | **21,36,900.00** | | | |
| 10 | NAMKUM | TATISILWAY | टाटी सिल्वे पंचायत के हरिनगर में स्वर्ण रेखा नदी पर घाट का निर्माण। | 9,05,100.00 | 80,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | NAMKUM | SIDROL | सिदरोल पंचायत के पलाण्डू मड़ई के पास डीप बोरिंग का निर्माण। | 5,12,000.00 | | | |
| | NAMKUM | LALA | पंचायत लाला बजरमार में लाखो कच्छप के घर के पास डीप बोंरिग निर्माण। | 6,97,000.00 | | | |
| | NAMKUM | HURDWA | पंचायत हुड़वा गॉव देवगाई में मुक्ती धाम सेड का निर्माण। | 7,49,700.00 | | | |
| | NAMKUM | DUNGRI | प्राथमिक विद्यालय डुंगरी में शौचालय निर्माण। | 8,26,900.00 | | | |
| | NAMKUM | HATIA | हटिया मौजा में पुल के निचे स्थित श्मशान घाट में डीप बोरिंग हैंडपम्प के साथ। | 3,00,020.00 | | | |
| | | | कुल | **39,90,720.00** | | | |
| 11 | SILLI | TUTKI | सिल्ली पूर्वी टुटकी पंचायत के ग्राम हाहलुपुंग कमलिया ताला में स्नान घाट का निर्माण। | 5,11,000.00 | 20,500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | SILLI | SILLI | सिल्ली पूर्वी सिल्ली पंचायत के ग्राम छाता टाड़ दलदली तालाब में स्नाना घाट का निर्माण। | 5,11,000.00 | | | |
| | | | कुल | **10,22,000.00** | | | |
| 12 | SILLI | LOWADAG | पंचायत लोवादाग अन्तर्गत ग्राम सारजमडीह मे पुरूलिया रोड महतो लाईन होटल के पास जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | 30,600.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | SILLI | DEVADU | पंचायत दोवाडू अन्तर्गत गांव दोवाडू में तुपिन सेरेंग में श्मशान घाट निर्माण। | 7,44,200.00 | | | |
| | | | कुल | **15,28,600.00** | | | |
| 13 | SONAHATU | KOKADIH | सोनाहातु प्रखण्ड अन्तर्गत कोकाडीह गॉव में जनक सिंह मुण्डा के घर से तालाब तक नाली निर्माण। | 10,91,800.00 | 21,900.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 14 | RAHE | LOWAHATU | पंचायत लोवाहातु के ग्राम दुलमी में भोला कोईरी के घर से दुलमी चौक तक नाली निर्माण। | 9,90,300.00 | 20,000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 15 | LAPUNG | KARUM | कारूम कैलू टोली से कंडरकेल तक नाली का निर्माण। | 7,15,500.00 | 15,000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 16 | KHELARI | HUTAG | हुटाग पंचायत में छठ घाठ एवं सीढ़ी का निर्माण। | 7,15,500.00 | 15,000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 17 | NAGRI | NAGRI | नगड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत नगड़ी पंचायत के महतो टोली तालाब में सीढ़ी निर्माण। | 7,15,500.00 | 15,000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 18 | LAPUNG | RUNU | रूगू टोली में डीपबोरिंग एवं जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | 62,800.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | BERO | bero | गुमला रोड बेड़ो में जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | BERO | KARKARI | पंचायत करकरी ग्राम नरकोपी बाजार टाड़ मे डीप बोरिंग एवं पानी टंकी का निमार्ण। | 7,84,400.00 | | | |
| | NAGRI | NARO | पंचायत नारो बाजार टॉड में डीप बोरिंग एवं जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **31,37,600.00** | | | |
| 19 | ANGARA | KUCCHU | उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुच्चू में जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | 62,800.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | ANGARA | GURIDIH | गुड़ीडीह पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौतमधारा में जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | ANGARA | BEIJANA | ग्राम सालह मुण्डा टोली सुदीना मुण्डा के घर के सामने जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | ANGARA | SIMILYA | सिमलिया पंचायत के सिमलिया ग्राम में सुरेश महतो के घर के पास जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **31,37,600.00** | | | |
| 20 | MANDAR | KEMBO | माण्डर प्रखण्ड के पंचायत कैम्बो के गुड़गुड़जाड़ी गॉव के सुनील उरॉव के घर के पास जलमीनार निर्माण। | 7,84,400.00 | 78,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | MANDAR | TANGARBASLI | माण्डर प्रखण्ड अर्न्तगत टांगरबसली पंचायत के ग्राम टांगरबसली में सुकरा उरॉव पिता बिरसा उरॉव के घर के पास जलमीनार निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | CHANHO | KARKAAT | करकट पंचायत के दमदमा में जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | CHANHO | SOSE | सोंस पंचायत में आदिवासी मोहल्ला में मंजर अकील के घर के सामने जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | RATU | BIJULIYA | बिजुलिया पंचायत के महादेव टंगरा में शिव मंदिर के पास जल मीनार निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **39,22,000.00** | | | |
| 21 | BUNDU | ULIDA | उलिदा ग्राम मे जलमीनार का निर्माण विजय उरॉव के घर के सामने । | 7,84,400.00 | 62,800.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | BUNDU | BARUHATU | बारूहातु पंचायत में रेदा मोड़ के सामने जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | SONAHATU | SONAHATU | सोनाहातु के कुम्हार टोली में फेकला कुम्हार के घर के सामने जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | SONAHATU | GALAU | गलऊ के इंदिरा कॉलोनी मे जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **31,37,600.00** | | | |
| 22 | TAMAR | HARDHAMLOHAR | हाड़ामलोहर गांव में वीरडीह उच्च विद्यालय वीरगांव में जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | 94,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | TAMAR | HARDHAMLOHAR | हाड़ामलोहर गांव में महिन्द्र सिंह मुण्डा के घर के सामने जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | TAMAR | PENDAIDIH | तमाड पेंडाईडीह गुरूडीह में अहिर टोला मे जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | TAMAR | RAIDIH | तमाड़ रायडीह राधारानी मंदिर परिसर में जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | TAMAR | SARJAMDIH | सारजमडीह पंचायत के राजस्व ग्राम बारलंगा बोनो लोहरा के घर के सामने जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | TAMAR | JANUMPIDI | जानुमपीड़ी पंचायत अन्तर्गत दंलमी गॉव राम मंदिर के सामने जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **47,06,400.00** | | | |
| 23 | KHELARI | KHELARI | खलारी पंचायत प्रजापति मोहल्ला में जल मीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | 94,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | KHELARI | CHURI | खलारी प्रखण्ड के पंचायत चुरी मध्य चदराधौडा में जलमीनार का निर्माण कार्य। | 7,84,400.00 | | | |
| | KHELARI | CHURI | खलारी प्रखण्ड के पंचायत चुरी दक्षिणी ग्राम चुरी होयर आदिवासी मोहल्ला में जलमीनार का निर्माण कार्य। | 7,84,400.00 | | | |
| | KANKE | NEVRI | कॉके प्रखण्ड नेवरी पंचायत में कुम्हारटोली के सामुदायिक भवन के पास बोंरिग सह जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | KANKE | ULLATU | ग्राम चरदी पंचायत उलातु नया टोली रामप्रसाद महतो के घर के पास जलमीनार का निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | ORMANJHI | IRBA | बरटोली में मड़ई के पास जलमीनार निर्माण। | 7,84,400.00 | | | |
| | | | कुल | **47,06,400.00** | | | |

नोट :– 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है ।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें ।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, रॉंची

PR 321130 Panchayati Raj(23-24).D

ईश्वर पर भरोसा रखें जब आप किसी का अच्छा कर रहे होते हैं, तब आपके लिए भी कहीं कुछ अच्छा हो रहा होता है : अज्ञात



# पाकिस्तान जिंदाबाद और चीनी झंडे के मायने

कुछ दिनों पूर्व कर्नाटक में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाना और तमिलनाडु में द्रमुक की ओर से अपने विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की घटना सामने आने से राजनीति तो गर्माई ही है साथ ही सवाल उठ रहा है कि इंडिया गठबंधन के दल आखिर पाकिस्तान और चीन के भक्त क्यों हुए जा रहे हैं? सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन थे वे लोग जो भारत की संसद के लिए निर्वाचित व्यक्ति की जीत की खुशी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे? सवाल उठ रहा है कि ये कौन लोग हैं जो रहते तो हिंदुस्तान में हैं मगर नारे पाकिस्तान के लगाते हैं? सवाल यह भी है कि पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाले ये लोग क्यों ऐसा करते हैं ? इनको जब प्रतिक्रियास्वरूप पाकिस्तान चले जाने का सुझाव दिया जाता है तो कुछ राजनीतिक दल उनके बचाव में क्यों खड़े हो जाते हैं? देश की जनता जानना चाहती है कि आखिर कौन थे वो लोग जो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर निकल गये और अब तक गिरफ्तार नहीं किये गये हैं? देखा जाये तो अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाना कर्नाटक सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल है। कर्नाटक सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को तत्काल गिरफ्तार करे। यदि ऐसी राजनीति को बढ़ावा देते हुए नारा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो उनका हौसला बढ़ेगा और आने वाले समय में वह और भी गंभीर हरकत कर सकते हैं। याद रखना चाहिए कि कर्नाटक में पीएफआई जैसी ताकतें सक्रिय रही हैं इसलिए इस मामले को संवेदनशील समझते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान प्रेमियों को बड़ा संदेश देना चाहिए। जहां तक द्रमुक की ओर से इसरो के विज्ञापन में चीनी झंडा लगाने की बात है तो यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब द्रमुक की ओर से देश विरोधी बात की गयी हो। उल्लेखनीय है कि इससे पहले द्रमुक के एक बड़े नेता ए राजा कह चुके हैं कि हमें अलग देश की मांग करने पर मजबूर नहीं किया जाये। इसके अलावा द्रमुक के एक सांसद संसद के भीतर ही उत्तर भारत पर गंभीर टिप्पणी कर विवाद खड़ा कर चुके हैं।बहरहाल, यह सब दशार्ता है कि द्रमुक किस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। देखा जाये तो कर्नाटक और तमिलनाडु की घटनाएं देशवासियों के लिए चेतावनी भी हैं कि यदि गलती से भी देश गलत हाथों में गया तो अलगावावादियों की भांति सोच रखने वाले तत्व हावी हो जाएंगे। ऐसा करना शरारतपूर्ण और जानबूझकर किया गया कृत्य माना जाना चाहिए । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का 1 मार्च को जन्मदिन था इस अवसर पर बीजेपी ने एमके स्टालिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन पर कटाक्ष किया। बीजेपी तमिलनाडु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एमके स्टालिन की फोटो पर चीन के मंदारिन भाषा का इस्तेमाल करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। बीजेपी तमिलनाडु ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि, डीएमके ने इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स के विज्ञापन में चीनी झंडा का इस्तेमाल किया था। तमिलनाडु के मंत्री के द्वार इसरो से जुड़े पोस्टर पर चीनी झंडे का इस्तेमाल करने को लेकर पीएम मोदी ने भी कटाक्ष किया था। उन्होंने तमिलनाडु में अपने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि डीएमके सरकार चीन की तारीफ कर रही है, न की भारत की। हालांकि, पीएम मोदी के द्वारा कहे जाने के बाद तमिलनाडु सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए गलती स्वीकार की। इस पर मंत्री अनिता राधाकृष्णन ने कहा कि ये एक छोटी गलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन पर एक्स पर पोस्ट करते हुए शुभकामनाएं दी थी।

इन दिनों

# विपक्ष जनभावना को समझने में विफल

**राज्यसभा** चुनाव में जमकर हुई क्रॉस वोटिंग के दम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में दो अतिरिक्त सीट पर विजय हासिल कर ली।



विकास सक्सेना

नेतृत्व के निर्देशों की अनदेखी करके क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर हमेशा की तरह 'बिक जाने' या 'डर जाने' के आरोप लगाये जा रहे हैं लेकिन इस बार की क्रॉस वोटिंग सिर्फ इतने तक सीमित दिखाई नहीं देती। भाजपा और मोदी विरोधी विपक्षी दलों के शीर्ष नेतृत्व ने पिछले कुछ समय में जिस तरह से जनभावना के विपरीत फैसले लिए हैं उनसे इन दलों में तेजी से असंतोष बढ़ा है। खासतौर से अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विपक्षी दलों ने जिस तरह बहिष्कार किया, वह पार्टी के समर्थकों और तमाम नेताओं को रास नहीं आया। तमाम विपक्षी नेता प्रभु राम, सनातन धर्म और संस्कृति के खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे थे लेकिन पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साधे हुए था जिससे कई नेताओं ने बगावती तेवर दिखाये तो कुछ असंतोष की आग को मन में दबा कर बैठे रहे। और अब राज्यसभा चुनाव के मौके पर वे खुलकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खड़े हो गये। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कोई अनोखी बात नहीं है। आज तक राज्यसभा का शायद ही कोई चुनाव हुआ हो जिसमें विधायकों ने अपनी पार्टी के नेतृत्व की अनदेखी करके किसी अन्य दल के उम्मीदवार की मदद न की हो। यह मदद परिस्थितियों के आधार पर तीन प्रकार से की जाती है एक तो विधायक अपना मत सीधे तौर पर विरोधी दल के उम्मीदवार को दे देते हैं, दूसरे वे मतदान में भाग ही नहीं लेते और तीसरे तरीके में वोट तो डालते हैं लेकिन इस तरह कि उनका वोट खारिज हो जाय। तीसरा ज्यादा सुरक्षित तरीका है क्योंकि इसे विधायक की गलती मानकर अनदेखा किया जा सकता है। हाल ही में हुए राज्यसभा के चुनाव में भी माना जा रहा था कि विधायक पार्टी नेतृत्व के फैसले के खिलाफ जाकर क्रॉस वोटिंग करेंगे लेकिन इस इस स्थिति से निपटने के लिए विपक्षी दलों विशेषकर समाजवादी पार्टी



ने उत्तर प्रदेश और कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में कोई खास रणनीति तैयार नहीं की। उत्तर प्रदेश से दस राज्यसभा सदस्यों को चुनकर राज्यसभा जाना था। इसके लिए भाजपा के पास सात तो समाजवादी पार्टी के पास तीन उम्मीदवारों को जिताने के लिए पर्याप्त संख्या बल था। लेकिन भाजपा ने आठवें उम्मीदवार के तौर पर संजय सेठ को चुनाव मैदान में उतार कर यहां का मुकाबला रोचक बना दिया। दरअसल संजय सेठ पुराने समाजवादी नेता रहे हैं। सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बाद में सपा मुखिया अखिलेश यादव से उनके नजदीकी रिश्ते जगजाहिर थे। समाजवादी पार्टी की नीति निर्धारण में भी संजय सेठ का प्रभावशाली दखल रहता था। संजय सेठ ने 2019 में सपा को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। समाजवादी पार्टी के नेताओं के बीच उनकी अच्छी पैठ है। ऐसे में जब भाजपा ने आठवें उम्मीदवार के तौर पर उन्हें चुनाव मैदान में उतारा अखिलेश यादव को तभी ज्यादा सतर्क होकर अपनी रणनीति तैयार करनी चाहिए थी। मतदान से एक दिन पहले सपा मुखिया के रात्रिभोज से नदारद रहकर आठ विधायकों ने अपनी मंशा साफ कर दी थी। इनमें से छह विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाला जबकि अमेठी की विधायक महाराजी प्रजापति ने मतदान से दूर रहकर भाजपा उम्मीदवार की मदद की। गलत तरीके से वोट डालने के कारण बरेली के भोजीपुरा से सपा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी का वोट अमान्य कर दिया गया। सबसे ज्यादा हैरान करने वाला चुनाव हिमाचल प्रदेश में देखने को मिला। यहां से एक राज्यसभा सदस्य का चुनाव किया जाना था। यहां 68 में से 40 विधायक कांग्रेस के, 25 भाजपा और तीन निर्दलीय हैं। सामान्य तौर पर राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय विधायक राज्य में सत्ताधारी दल के साथ खड़े होते रहे हैं इसके अलावा विपक्षी दलों के विधायक भी उसी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करते हैं। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि यहां का मुकाबला कांग्रेस आसानी से जीत जायेगी। लेकिन भाजपा ने यहां से पूर्व कांग्रेसी हर्ष महाजन को उम्मीदवार बनाकर और कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी की राह मुश्किल कर दी। यूं तो सिंघवी की उम्मीदवारी का ऐलान होते ही उनको बाहरी बताते हुए हिमाचल प्रदेश से विरोध के स्वर उठना शुरू हो गए थे लेकिन उनकी असल मुश्किलें हर्ष महाजन के चुनाव मैदान में उतरने से खड़ी हुईं। दरअसल हर्ष महाजन का कांग्रेस से चार दशक से भी पुराना रिश्ता था। वे पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के मुख्य रणनीतिकार माने जाते थे। वह विधायक, मंत्री और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। उन्होंने 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता हासिल कर ली थी। भाजपा की ओर से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा होते ही उनके पक्ष में क्रॉस वोटिंग की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन विधायकों की संख्या में भारी अंतर होने की वजह से उनकी जीत की संभावना कम दिखाई दे रही थी। कांग्रेस नेतृत्व की नाकामी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने विधायकों के अपहरण का हरियाणा पर आरोप मढ़ रहे थे। किसी राज्य की पुलिस और खुफिया तंत्र के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। अगर इस घटना का किसी आतंकवादी समूह ने अंजाम दिया होता तो क्या यह घटना इतनी ही सामान्य तौर पर ली जाती। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग सिर्फ भाजपा के पक्ष में ही नहीं हुई, भाजपा के खिलाफ भी उसके समर्थक विधायकों ने विरोधी दल के उम्मीदवार को अपना मत दिया। उत्तर प्रदेश में भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा के एक विधायक ने सपा उम्मीदवार को वोट दिया। इसी तरह कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस भाजपा विधायक से अपने पक्ष में क्रॉस वोटिंग कराने में कामयाब रही। भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने वाले विधायकों पर आरोप लगाये जा रहे हैं कि वे 'बिक गये या फिर केंद्रीय जांच संस्थाओं के 'डर' की वजह से उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया है। बीते कुछ समय से भाजपा विरोधी दलों के नेताओं ने सनातन धर्म और संस्कृति के खिलाफ जिस तरह विष वमन किया है, उसका क्रॉस वोटिंग करने वाले अधिकांश नेताओं ने प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर उसका विरोध किया था। सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य प्रभु राम, रामचरित मानस और हिन्दू धर्म के खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे थे। तो उदयनिधि स्टालिन जैसे तमाम नेता सनातन धर्म और संस्कृति के खिलाफ जहर उगल रहे थे। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराकर इन दलों के शीर्ष नेतृत्व ने जनभावना की उपेक्षा की सारी सीमाएं पार कर दीं। सपा मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देने वाले ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडे ने तो स्वामी प्रसाद मौर्य को मानसिक विक्षिप्त तक कह दिया था। अखिलेश यादव के फैसले के खिलाफ सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिखकर विधायकों को रामलला के दर्शन कराने का आग्रह किया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह के पुत्र और सुक्खू सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले विक्रमादित्य सिंह पार्टी नेतृत्व के निर्णय के विपरीत जाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे। इसलिए क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के फैसले को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सनातन भारतीय संस्कृति विरोधी फैसलों के खिलाफ बगावत के रूप में भी देखने की आवश्यकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आपकी बात



### बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली अनबुझ पहेली

**विगत** 2 साल से बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली आने का इंतजार राज्य के 2600 बीआरपी सीआरपी कर रहे है ,कई सीआरपी बीआरपी इंतजार करते करते विगत 2 साल में सेवा निवृत हो गये, कई समय पूर्व काल कवलित हो गये है और शेष की कैबिनेट से पास होने की प्रत्याशा में आंखे पथरा गई किंतु सरकार व विभाग का नही कलेजा पसीज रहा है और नही आंख खुल रही है । आखिर ऐसा क्यों? सरकार व विभाग की क्या मंशा है? विदित हो की बीआरपी सीआरपी की लगभग 19 साल की सेवा हो गई किंतु मानदेय 19 हजार भी नही पहुंचा, जबकि पारा टीचर की सेवा शर्त नियमावली 2 वर्ष पूर्व ही लागू हो गया ,2 वार्षिक वेतन वृद्धि भी उन्हें मिल गया, परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी की कई गुणा वेतन वृद्धि हो गई , वर्तमान में बीपीओ को 47000, पारा टीचर को 23400, बीआरसी नाइट गार्ड को 19500, बीआरपी 16500 और सीआरपी को 15500 मिलता है ,क्या यह न्याय संगत है? बीआरपी सीआरपी का विगत 5 साल में एक रुपए की वृद्धि नहीं हुई। क्या बीआरपी सीआरपी के लिए महंगाई नहीं है? परियोजना में कार्यरत बीपीओ अकाउंटेंट की भविष्य निधि कटौती की जाती है जिनकी सेवा अवधि बीआरपी सीआरपी से कम है किंतु बीआरपी सीआरपी को भविष्य निधि कटौती का लाभ नहीं दिया जाता ,ऐसा क्यों? यह दोहरी नीति का कोपभाजान बीआरपी सीआरपी क्यों? सरकार व विभाग के इस रवैया से सभी बीआरपी सीआरपी आहत , मर्माहत और हताश है। कैबिनेट की बैठक से निराशा का क्रम जारी है और आज की कैबिनेट की बैठक से पुनः सभी सीआरपी बीआरपी मर्माहत हुए। माननीय दिवंगत जगरनाथ महतो दा की अंतिम इच्छा की बीआरपी सीआरपी को बेहतर सेवा शर्त नियमावली मिले , कब पूरा कर उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि देगी सरकार ,यह यक्ष प्रश्न है? – **बीआरपी सीआरपी एस एस संघ, झारखंड।**



कृष्णा प्रसाद



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# राहुल की यात्रा ने जब से कदम आगे बढ़ाये हैं तब से पार्टी पीछे जा रही है

**उत्तर** प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग।



डॉ. आशीष वशिष्ठ


ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिये विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिये विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गये। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं।

> **राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से


Dr Vikas Kumar
@drvikas1111
Follow

सर दर्द हुआ, बदन दर्द, दांत का दर्द या किसी भी तरह का दर्द। सबका एक ही इलाज। पेन किलर Pain killer।

आजकल हमारे बर्दाश्त करने की क्षमता कम हो गई है ,थोड़ा सा दर्द और फीवर हुआ नहीं की तुरंत एक गोली खा ली हमने। आये कुछ तथ्य आपके सामने रखता हूं।

पेरासिटामोल,आइबुप्रोफेन, डाइक्लोफिनेक,डिस्प्रिन ,मॉर्फिन जैसी दवाइयां का इस्तेमाल संभाल कर तथा डॉक्टर की सलाह पर ही करें।

यह हमारी किडनी को प्रभावित करती है।
यह हमारी लिवर को प्रभावित करती हैं।
यह बॉडी में पानी और सोडियम के स्तर को प्रभावित करती हैं।
यह बहुत हद तक पेट के अल्सर , गैस्ट्राइटिस के लिए जिम्मेदार हैं।
यह सर के चक्कर को बढ़ावा दे सकती हैं।
यह स्क्रीन में दाने और रिएक्शन कर सकते हैं।

हालांकि पेरासिटामोल को बहुत हद तक सेफ माना जाता है ,फिर भी इनका इस्तेमाल सावधानी से करें।

#HealthTips

# पाकिस्तान को हैवानों ने बना दिया 'ना' पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में कम उम्र के लड़के और लड़कियां न तो अपने घरों के भीतर महफूज हैं और न ही बाहर।



मुकुंद


इस मुल्क के प्रतिष्ठित 'जिओ न्यूज' चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध यह रिपोर्ट सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। यह रिपोर्ट बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन ''साहिल'' ने गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कम से कम 4,213 बच्चों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को 'क्रूएल नंबर्स 2023' शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है। आयोग ने रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि पिछले साल इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान समेत सभी चार प्रांतों से कुल 4,213 बाल दुर्व्यवहार के मामले सामने आये। रिपोर्ट से साफ है कि इन बच्चों का यौन शोषण ही नहीं किया गया, बल्कि उन्हें अपहरण कर बाल विवाह के दोजख के दावानल में झोंक दिया गया। साल 2023 में इस नरक से 2,251 लड़कियों और 1962 लड़कों को गुजरना पड़ा। इनमें से अधिक संख्या 6-15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है। हद तो यह है कि हैवानों ने पांच वर्ष तक के बच्चों की आबरू पर डाका डाला। ऐसा करने में रिश्तेदार और परिवार के सदस्य भी पीछे नहीं रहे। आयोग की चेयरपर्सन राबिया जावेरी आगा का कहना है कि आंकड़े डरावने हैं। कुल 4,213 रिपोर्ट किये गये मामलों में से 75 फीसद पंजाब से, 13 फीसद सिंध से, सात प्रतिशत इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से, तीन प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और दो प्रतिशत बलूचिस्तान से हैं। आगा ने कहा, ''हमें बाल शोषण'' के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। ''साहिल'' के आंकड़े वास्तव में क्रूर हैं, लेकिन एक वास्तविकता है जिसका हमें सामना करना होगा। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए, यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार के पास अभी भी बाल शोषण पर कोई अधिसूचित राष्ट्रीय कार्ययोजना नहीं है।

> **इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को 'क्रूएल नंबर्स 2023' शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है।**

## बोधि वृक्ष

### गढ़वा जिले का गढ़देवी मंदिर

गढ़वा जिला मुख्यालय के बीच शहर में स्थित मां गढ़देवी मंदिर की महिमा न सिर्फ झारखंड, बल्कि आसपास के राज्यों में भी विख्यात है। मां गढ़देवी मंदिर का इतिहास करीब 200 साल पुराना है। यहां विराजमान शक्ति स्वरूपा माता को गढ़वा 'गढ़' की देवी और यहां आसपास की आबादी की 'कुलदेवी' के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन मांगी गयी हर मनोकामना पूरी होती है। यही वजह है कि यहां पूरे साल मां के दर्शन-पूजन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते रहते हैं। श्रद्धालुओं की इस भीड़ में मन्नत मांगनेवाले और मन्नत पूरी होने पर मां के दर्शन करनेवाले दोनों शामिल होते हैं। वर्ष के दोनों नवरात्र के अलावा इस मंदिर में श्रावण मास में भी भक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे अवसरों के लिए मंदिर न्यास को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन का सहयोग लेना पड़ता है। शारदीय नवरात्रि के दौरान तो सप्तमी से दशमी के विसर्जन तक रोजाना यहां 50 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचते हैं। ऐतिहासिक गढ़देवी मंदिर में 109 वर्ष पहले मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआत की जा रही है। बुजुर्गों की मानें, तो मां गढ़देवी मंदिर में पहली बार वर्ष 1914 में दुर्गा पूजा आयोजित की गयी थी। प्रथम पूजा के बारे में बताया जाता है कि गढ़वा गढ़ के राजा बाबू अमर दयाल सिंह ने पुत्र प्राप्ति की कामना को एक ब्राह्मण से परामर्श मांगा, तो उन्होंने बंगाली पद्धति से मां गढ़देवी मंदिर में दुर्गा पूजा करने की सलाह दी थी। **(क्रमशः)**



## टेक वर्ल्ड

### सीसीटीवी की जरूरत पूरा करेगा आपका स्मार्ट फोन

यह बात हम सबको पता है कि सीसीटीवी आज के समय में सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हो चुका है। चाहे वह आपके घर की बात हो या फिर आपकी फैक्ट्री की बात हो, अगर कोई भी घटना- दुर्घटना होती है तो आप सबसे पहले सीसीटीवी चेक करते हैं। स्मार्टफोन आज के समय में हर एक के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सच बात तो यह है कि यह सिर्फ बात करने के ही काम में नहीं आता है, बल्कि फोटो खींचने से लेकर वीडियो बनाने और ऑफिस के काम तक करने में यह इस्तेमाल होने लगा है। कहने को यह बस स्मार्टफोन है लेकिन यह काम किसी कंप्यूटर से अधिक करता है। अब इसी कड़ी में आपको हम बताने जा रहे हैं कि आखिर किस तरह से आप अपने स्मार्टफोन को सीसीटीवी यानी क्लोज सर्किट टेलीविजन के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। यह बात हम सबको पता है कि सीसीटीवी आज के समय में सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हो चुका है। चाहे वह आपके घर की बात हो या फिर आपकी फैक्ट्री की बात हो, अगर कोई भी घटना- दुर्घटना होती है तो आप सबसे पहले सीसीटीवी चेक करते हैं। अब सीसीटीवी मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए आपके स्मार्टफोन से कनेक्ट रहता है। हालांकि अगर कोई घटना होती है तो सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग देखने में काफी समय लग जाता है। ऐसी स्थिति में आप अपने मोबाइल से ही ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे द्वारा रिकॉर्ड होने वाली एक-एक एक्टिविटी को चेक कर सकते हैं। **(क्रमशः)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अखिलेश को ऊंची जातियों व पीडीए के खेमों की आलोचना का करना पड़ रहा सामना



**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मुश्किल में फंस गए हैं। ओबीसी, दलितों और अल्पसंख्यकों पर उनकी रणनीति का उलटा असर हुआ है और ऊंची जातियों और पीडीए वर्गों ने उन पर तीखे हमले किए हैं। हाल के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा के सात विधायकों में से पांच ऊंची जातियों के थे। इनमें से तीन ब्राह्मण व दो ठाकुर थे। उनकी शिकायत थी कि समाजवादी पार्टी ने समावेशिता की नीति छोड़ दी है। ब्राह्मण विधायकों में से एक ने कहा,ह्लपीडीए हमारे लिए कोई जगह नहीं छोड़ता। जिस तरह से स्वामी प्रसाद मौर्य ने सनातन धर्म की आलोचना की और अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, उससे पता चलता है कि उन्होंने मौर्य की आलोचना को अपनी सहमति दे दी।ह्लपार्टी लाइन के खिलाफ जाकर गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने वाले विधायकों में से एक, मनोज पांडे ने कहा, अधिकांश विधायक मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ अयोध्या जाना चाहते थे। हमें लगा कि मंदिर का दौरा पार्टी लाइन से ऊपर होना चाहिए, लेकिन हमारे नेताओं ने न जाने का फैसला किया और हमें इसका पालन करना पड़ा। ऊंची जाति के विधायकों के साथ ही ओबीसी नेता भी पीडीए के फॉमूर्ले पर सवाल उठा रहे हैं। पार्टी विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन की आलोचना की और कहा, जया बच्चन और आलोक रंजन जैसे उम्मीदवारों के चयन में पीडीए कहां है। बाद में वह मान गईं, लेकिन उन्होंने अपना वोट दलित रामजी लाल सुमन को दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा छोड़ने के बाद भी कहा कि सपा सही मायनों में पीडीए का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि 'अखिलेश समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के रास्ते से भटक गए हैं।'सपा के पूर्व सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर बार-बार अखिलेश की आलोचना करते रहे हैं और उन पर पीडीए के फॉमूर्ले को महज नारे के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते रहे हैं।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज आएगी मध्य प्रदेश

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश आ रही है। यह यात्रा शनिवार दोपहर धौलपुर (राजस्थान) सीमा से मुरैना में प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार दो मार्च को दोपहर डेढ़ बजे मुरैना में प्रवेश करेगी। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पार्टी के अन्य नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में पार्टी ध्वज को सलामी दी जाएगी। मिश्रा ने बताया कि इसी दिन दोपहर ढ़ाई बजे मुरैना में अंडर ब्रिज के पास रोड शो होगा, शाम पांच बजे ग्वालियर शहर में चार शहर का नाका से जीरा चौक तक रोड शो होगा। रात्रि विश्राम ग्वालियर में है। यह यात्रा छह मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी।

# अमित शाह आज शहरी सहकारी बैंकों के लिए एनयूसीएफडीसी का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी सहकारी बैंकों के लिए अम्ब्रेला संगठन नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन करेंगे। एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त हुआ है, जिससे इस अम्ब्रेला संगठन को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना से सहकारी बैंकों के लिए विशेष कार्य



और सेवाएं सुनिश्चित होंगी, बैंकों और नियामकों के बीच संचार की सुविधा मिलेगी और शहरी सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों, जैसे पुरानी प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों और सीमित सेवा पेशकशों इत्यादि का समाधान होगा। एनयूसीएफडीसी के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता ने बताया कि अंब्रेला संगठन शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में भी कार्य करेगा। आरबीआई द्वारा एनयूसीएफडीसी को दी गई मंजूरी में सदस्य यूसीबी को फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित सेवाओं की एक शृंखला और अत्याधुनिक आईटी समर्थन प्रदान करने की परिकल्पना की गई।

मेहता ने बताया कि एनयूसीएफडीसी का प्रबंधन निदेशक मंडल और सीईओ द्वारा किया जाएगा, जिनके पास विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में सिद्धहस्तता है और उन्हें आरबीआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नियुक्त किया गया है। दिन-प्रतिदिन के कार्यों का प्रबंधन संगठन में डोमेन ज्ञान वाले पेशेवरों द्वारा किया जाएगा जो कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अत्याधुनिक आईटी प्लेटफॉर्म पर गहन प्रौद्योगिकी से संचालित होंगे।

## एक नजर

### दिल्ली के छावनी बोर्ड अस्पताल में नर्सिंग स्टॉफ से छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली छावनी बोर्ड अस्पताल में एक नर्सिंग स्टाफ ने 27 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत मिली थी,पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम), रोहित मीणा ने कहा, रात की ड्यूटी पर तैनात अस्पताल के एक नर्सिंग स्टाफ ने उसे गलत तरीके से छुआ, जब वह लगभग 1.30 बजे वॉशरूम में गई थी।

### युवक की हत्या के आरोप में 15 को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने 2019 में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में 15 लोगों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई और उन पर जुमार्ना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता रामनिवास पाल ने शुक्रवार को बताया कि 12 अगस्त 2019 को जिले के बुढ़ाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव हुआ था और उस दौरान रफीक नामक एक युवक की मौत हो गई थी और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में बुढ़ाना थाना में 15 लोगों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### एफएसएल रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर कांग्रेस-भाजपा में तकरार


**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने का मामला शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच तकरार का कारण रहा। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट जारी करने को तैयार नहीं है। वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि वह एफएसएल से अतिरिक्त रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने गुरुवार रात सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार के कार्यों से संदेह पैदा होता है क्योंकि वह एफएसएल रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से झिझक रही है। राज्य गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने शुक्रवार को आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि एक और एफएसएल रिपोर्ट लंबित है।

## बरौनी में एचयूआरएल उर्वरक संयंत्र का करेंगे उद्घाटन

# पीएम मोदी आज बिहार को देंगे 21,400 करोड़ के कई उपहार

**एजेंसी। पटना**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे पर औरंगाबाद और बेगूसराय आयेंगे। बिहार में होली के पहले ही प्रदेश के लोगों को कई सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा में गजब का उत्साह है। प्रधानमंत्री सबसे पहले औरंगाबाद पहुंचेंगे जहां वे 21,400 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री गंगा नदी पर छह लेन वाले पुल की आधारशिला भी रखेंगे, जिसे पटना रिंग रोड के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पुल देश के सबसे लंबे नदी पुलों में से एक होगा। प्रधानमंत्री बिहार में नमामि गंगे के तहत लगभग 2,190 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की गई बारह परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री पटना में यूनिटी मॉल का भी शिलान्यास करेंगे। 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाली इस परियोजना की परिकल्पना एक अत्याधुनिक सुविधा के रूप में की गई है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय डिजाइन व्यवहारों, प्रौद्योगिकी, सुविधा और सौंदर्यीकरण शामिल हैं। यह मॉल राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों को एक समर्पित स्थान प्रदान करेगा, जिससे वे अपने विशिष्ट उत्पादों और शिल्प कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 36 बड़े स्टॉल और बिहार के प्रत्येक जिले के लिए 38 छोटे स्टॉल होंगे।



### भारत नए दौर में प्रवेश कर गया है : राजीव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और विकास की राजनीति के कारण आज देश विकसित भारत के नए दौर में प्रवेश कर गया है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया के सामने पिछले 10 वर्षों में भारत कितना बदला है, इसे लेकर प्रजेंटेशन के जरिए एक तस्वीर पेश करते हुए राजीव चंद्रेशखर ने भारत की सबसे ज्यादा विकास दर और नियंत्रित महंगाई सहित मोदी सरकार की कई उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दस वर्षों के शासनकाल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' के कारण आज भारत की विकास दर 8.4 प्रतिशत है, जो दुनिया में सबसे अधिक है।

# एफआईआर के बाद यूपी बोर्ड ने 'पेपर लीक' होने से किया इनकार




**एजेंसी। प्रयागराज (यूपी)**

यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आगरा के फतेहपुर में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 'प्रश्न पत्र लीक' होने की बात से साफ इनकार किया है। दरअसल, बीते दिनों 12वीं का गणित और बॉयलोजी का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा) दीपक कुमार और यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा, परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे बाद प्रश्न पत्र वाट्सग्रुप में शेयर किया गया था। पेपर दोपहर 2 बजे शुरू हुआ था और प्रश्न पत्र 3.15 मिनट पर शेयर किया गया। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा, अगर प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे बाद वाट्सएप पर शेयर किया जाता है, तो हम इसे कैसे लीक कह सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि संयुक्त शिक्षा निदेशालय के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने सूचना दी है कि विनय चौधरी नाम के शख्स ने 'ऑल प्रिंसपल आगरा' के नाम से प्रश्न पत्र वाट्सग्रुप में साझा किए थे। उन्होंने आगे कहा कि चौधरी सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इससे पहले मुकेश अग्रवाल ने कहा, हमने घटना के बाद एक समिति का गठन किया है और उसके अनुसार ही संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संदेशखाली में तनाव भड़काने का आरोप, जुबी गिरफ्तार

**कोलकाता।** ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) की लोकप्रिय युवा नेता जुबी साहा को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तनाव भड़काने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मध्याह्न भोजन कर्मियों के भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व करने के कारण जुबी साहा पश्चिम बंगाल में तेजी से लोकप्रिय हो रही थीं। उन्हें कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके न्यू टाउन में उनकी दोस्त नताशा खान के आवास से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने कहा कि साहा को संदेशखाली में स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को भड़काने की शिकायतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार एआईएसएफ नेता को शुक्रवार को जिला अदालत में पेश किये जाने की संभावना है। संदेशखाली में हालिया तनाव के सिलसिले में गिरफ्तार होने वाले साहा एआईएसएफ के दूसरे नेता हैं। इससे पहले पुलिस ने इसी तरह के आरोप में एआईएसएफ नेता आयशा बीबी को गिरफ्तार किया था, हालांकि उन्हें जमानत मिल गई थी।



## बिजली उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिजली (देर से भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 में संशोधन किया है। इसका मकसद उपलब्ध बिजली उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है और इससे उपभोक्ताओं को बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी। विद्युत मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अधिशेष बिजली को लेकर निश्चित शुल्क का दावा करने के लिए उत्पादक कंपनियों को अब बताना होगा कि बिजली एक्सचेंज में डिस्कॉम ने कितनी बिजली की मांग की थी। संशोधनों के बारे में केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि कुछ बिजली उत्पादक अधिशेष बिजली को बाजार में पेश नहीं कर रहे हैं। अतिरिक्त बिजली की पेशकश नहीं करने वाले उत्पादक अब अधिशेष मात्रा के अनुरूप क्षमता या निश्चित शुल्क का दावा करने के पात्र नहीं होंगे। कुल अवैतनिक बिल जून 2022 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये से घटकर फरवरी 2024 में लगभग 48 हजार करोड़ रुपये हो गए हैं।



# चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए एनसी पीडीपी व कांग्रेस हो रहे तैयार

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बीच सीट-बंटवारे का समझौता होने वाला है और इस आशय की घोषणा कुछ ही दिनो में होने की संभावना है। एनसी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सभी लोकसभा सीटें अपने दम पर लड़ेगी। ऐसा प्रतीत होता है कि डॉ. अब्दुल्ला अपने रुख से पीछे हट गए हैं, क्योंकि नेकां और कांग्रेस के सूत्र अब कह रहे हैं कि उनका इरादा कभी भी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन को खारिज करने का नहीं था। एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अपने पिता के बयान के बाद संवाददाताओं से कहा था कि एनसी कांग्रेस के साथ सीट शेयर करने की बातचीत में लगी हुई है। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने हाल ही में संवाददाताओं से कहा कि एनसी और पीडीपी के साथ सीट शेयरिंग पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि एनसी, पीडीपी और कांग्रेस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर समझौते की घोषणा जल्द ही की जा सकती है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस महीने के पहले सप्ताह के अंत से पहले सीट शेयरिंग की घोषणा की जा सकती है। एनसी श्रीनगर-बडगाम-गांदरबल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी और उमर अब्दुल्ला एनसी उम्मीदवार होंगे। महबूबा मुफ्ती दक्षिण कश्मीर अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र से पीडीपी की उम्मीदवार होंगी और एनसी उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेगी। सूत्रों ने कहा, उत्तरी कश्मीर बारामूला लोकसभा सीट पीडीपी और कांग्रेस द्वारा एनसी को दी जाएगी। ये दोनों दल इस निर्वाचन क्षेत्र से एनसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेंगे।



## पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया शोक

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश समेत तीन राज्यों के राज्यपाल रहे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को राजधानी भोपाल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने 83 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से उनके भतीजे सूफियाना अली ने दी। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक है। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। पूर्व राज्यपाल कुरैशी के बारे में सूफियान अली ने बताया कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। आज ही उनकी जनाजे की नमाज ईशा की नमाज के बाद रात 8.30 बजे सूफिया मस्जिद में नमाजे जनाजा अदा की जाएगी। बड़ा बाग कब्रिस्तान पालीवाल अस्पताल के पीछे भोपाल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। 24 अप्रैल, 1941 को भोपाल में जन्मे अजीज कुरैशी मध्य प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन कमेटी के सचिव, भारतीय युवा कांग्रेस के संस्थापक सदस्य के साथ 1973 में मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में मंत्री रहे।

# शाहजहां की हिरासत पर सीबीआई व एनआईए के साथ ईडी की चर्चा



**एजेंसी। कोलकाता**

शेख शाहजहां के पश्चिम बंगाल सीआईडी की हिरासत में होने के कारण, ईडी के शीर्ष अधिकारी सीबीआई और एनआईए के अपने समकक्षों के साथ इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता को केंद्रीय एजेंसी की रिमांड पर कैसे लिया जाए। शेख शाहजहां 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हुए हमले का आरोपी मास्टरमाइंड है। गुरुवार को, एक डिवीजन बेंच में अपनी याचिका में, ईडी ने शाहजहां के सीआईडी हिरासत में रहने के दौरान महत्वपूर्ण सबूतों के साथ छेड़छाड़ की संभावना पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया था। अब, ईडी के शीर्ष अधिकारी आरोपी को राज्य पुलिस की हिरासत से बाहर निकालने के लिए तकनीकी संभावनाओं पर काम कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि जिस तरह से राज्य पुलिस के एक वर्ग ने निष्क्रियता और शाहजहां की गिरफ्तारी में 55 दिनों की देरी के लिए ईडी को जिम्मेदार ठहराया था, उससे केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी घबरा गए हैं क्योंकि उन्हें पश्चिम बंगाल पुलिस से किसी सहयोग की उम्मीद नहीं है। गुरुवार को शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (दक्षिण बंगाल), सुप्रतिम सरकार ने मीडियाकर्मियों से कहा, राज्य पुलिस के पास कुछ कानूनी बाधाएं हो सकती हैं, लेकिन ईडी के साथ ऐसा नहीं था।

## बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या, 'सुपारी हत्या' का शक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कलबुरगी जिले में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परिवार को संदेह है कि यह 'सुपारी' (ठेके पर) हत्या का मामला है। मृतक की पहचान गिरीश चक्र के रूप में हुई है, जो कलबुरगी से भाजपा सांसद डॉ. उमेश जाधव का करीबी था। यह घटना अफजलपुर तालुक के पास सगनुरा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, गुरुवार देर रात दोस्तों द्वारा एक पार्टी में आमंत्रित किए जाने के बाद गिरीश की हत्या कर दी गई। उन्हें हाल ही में सांसद उमेश जाधव ने बीएसएनएल सलाहकार समिति के निदेशक के रूप में नियुक्त किया था। हमलावरों ने उसे मौत के घाट उतारने से पहले उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाला। स्थानीय अधिकारियों को हत्या में किसी गिरोह के शामिल होने का संदेह है। गंगापुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित के भाई सदाशिव चक्र ने कहा, हत्या की वजह गिरीश की राजनीति हो रही प्रगति है। हमारे समुदाय के कुछ नेता इसमें शामिल हैं।



## एफएसएल रिपोर्ट पर कांग्रेस-भाजपा में तकरार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने का मामला शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच तकरार का कारण रहा। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट जारी करने को तैयार नहीं है। वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि वह एफएसएल से अतिरिक्त रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने गुरुवार रात सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार के कार्यों से संदेह पैदा होता है क्योंकि वह एफएसएल रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से झिझक रही है। राज्य गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने शुक्रवार को आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि एक और एफएसएल रिपोर्ट लंबित है। जी. परमेश्वर ने बताया, रिपोर्ट अभी हम तक नहीं पहुंची है। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद हम कार्रवाई करेंगे। सात व्यक्तियों को पहले ही बुलाया जा चुका है और वॉयस सैंपल एकत्र कर लिए गए हैं। बता दें कि 27 फरवरी को कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार सैयद नसीर हुसैन ने जीत दर्ज की थी। इस बीच विधानसभा परिसर में जश्न के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे।



## पीएम मोदी ने देर रात तक की सीईसी की बैठक

# दो-तीन दिनों में भाजपा की पहली सूची संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक गुरुवार देररात शुरू होकर तड़के साढ़े तीन बजे तक चली। सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय करने के साथ पहली सूची के उम्मीदवारों के नाम पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि भाजपा अपनी पहली सूची दो -तीन दिन में जारी कर सकती है।

भाजपा मुख्यालय में करीब छह घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीयमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, तरुण चुघ, जी किशन रेड्डी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि ने हिस्सा लिया। लोकसभा चुनाव के लिए नड्डा कई दौर की बैठकें राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पहले ही कर चुके हैं। इस बैठक में उम्मीदवारों के नाम तय होने थे। माना जा रहा है कि केन्द्रीय मंत्री जो पहले राज्यसभा से सदस्य थे उन्हें लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। इनमें से भूपेन्द्र यादव, मनसुख मांडविया, धर्मेन्द्र प्रधान शामिल हैं। इसके साथ कमजोर और हारी हुई सीटों पर भी उम्मीदवारों की नामों का घोषणा जल्द ही की जा सकती है। मालूम हो कि विभिन्न राज्यों से लोस सीटवार कम से कम तीन-तीन नाम मांगाए गए हैं।




# महादेव ऐप : हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईडी ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपये की नकदी व कीमती सामान जब्त किए। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में दुबई के हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने इस मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर सहित 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्चपदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता का संकेत मिला है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने छापेमारी के दौरान महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है। ईडी ने छापेमारी में 1.86 करोड़ रुपये की नकदी, 1.78 करोड़ रुपये और 580.78 करोड़ रुपये की अपराध से प्राप्त आय जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि तलाशी में डिजिटल डेटा और संपत्तियों की पहचान सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। ईडी के मुताबिक इस मामले में कुल जब्ती और फ्रीजिंग 1296.05 करोड़ रुपये है।

### ईडी ने दुबई में की कार्रवाई, 3.64 करोड़ नकदी व कीमती सामान जब्त

## पंचायत लगाकर महिला के सिर के बाल काटे

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र में चार बच्चों की मां को घर से भागने के आरोप में पंचायत द्वारा सिर के बाल कटवाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि पूरी घटना देशराजपुर गांव की है, जहां एक महिला पिछले दिनों घर से चली गई थी। जब महिला वापस लौटी तो उसका पति से विवाद होने लगा। इसे लेकर गुरुवार को पंचायत बैठी, जिसमें महिला के पति को पत्नी के सिर से बाल कटवाने के आदेश दिए गए। आरोप है कि पति ने अपनी पत्नी को घर में बंद करके उसके हाथ-पैर बांध दिए और फिर कैंची से सिर के बाल को बुरी तरह काट दिया। पीड़िता के सिर से बाल काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जाता है कि स्थानीय वार्ड पार्षद के पति दीपक कुमार ने पंचायत में यह आदेश सुनाया था। इस मामले की भनक लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। महनार के एसडीपीओ प्रीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस पीड़िता और उसके पति को थाने में लाकर पूछताछ कर रही है।



## नवारो सैन डिएगो ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**सैन डिएगो।** अमेरिका की एम्मा नवारो ने सैन डिएगो ओपन में कैटरीना सिनियाकोवा को 6-3, 3-6, 6-1 से हराकर सीजन के अपने तीसरे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस महीने नवारो की सिनियाकोवा पर यह दूसरी जीत है, जिसने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में चेक खिलाड़ी को तीन सेटों में हराया था। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन की केटी बोल्टर से होगा।

# दिल्ली की आरसीबी पर जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है : मारिजैन कप्प

**एजेंसी। बेंगलुरु।**
डब्ल्यूपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स का दमदार प्रदर्शन जारी है। बॉलिंग ऑलराउंडर मारिजैन कप्प के एक और शानदार प्रदर्शन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 25 रनों से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मारिजैन ने पहले 16 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 194 रन का स्कोर खड़ा किया। इतना ही नहीं उन्होंने अपने स्पैल में मात्र 35 रन देकर दो विकेट भी लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

यूपी वारियर्स के खिलाफ स्पैल में 3/5 लेने के बाद डब्ल्यूपीएल 2024 में यह उनका दूसरा प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार था। उन्होंने कहा हमारे सामने के बल्लेबाजों ने हमारे लिए खुलकर खेलने के लिए खूबसूरती से



तैयारी की। जब तक मेरे हाथ में गेंद नहीं थी तब तक मुझे अच्छा स्कोर लग रहा था। मुझे लगा कि हम थोड़ा पीछे रह गए, लेकिन यह एक अद्भुत टीम प्रयास था।

बल्ले से मारिजैन ने जेस जोनासेन के साथ 22 गेंदों में 48 रनों की साझेदारी की। 194 के बचाव में मारिजैन ने स्मृति मंधाना को आउट करके डीसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती दूर की। फिर, उन्होंने ऋचा घोष को आउट किया। 34 वर्षीय मैरिजेन ने लगातार दो जीत के लिए डीसी की गेंदबाजी इकाई के अन्य सदस्यों को श्रेय दिया। मारिजैन कप्प ने कहा मुझे लगता है कि हमारे पास प्रतियोगिता में सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमणों में से एक है। आपके पास मजबूत बल्लेबाज हो सकते हैं लेकिन अगर आपके पास गुणवत्ता वाले गेंदबाज नहीं हैं, तो आप अक्सर हारने वाले पक्ष में रहेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स अब 3 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अगले मैच में गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी।

## खबरें व्यापार जगत की

## आरबीआई ने भारत बिल भुगतान प्रणाली को किया सुव्यवस्थित

**एजेंसी। मुंबई।**
आरबीआई ने एक संशोधित नियामक ढांचा - भारत बिल भुगतान प्रणाली दिशानिर्देश, 2024 लागू किया है। यह एनपीसीआई भारत बिल पे लिमिटेड और सभी भारत बिल भुगतान परिचालन इकाइयों (बीबीपीओयू) पर लागू होगा।



ये निर्देश बिल भुगतान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, अधिक भागीदारी को सक्षम करने और अन्य परिवर्तनों के बीच ग्राहक सुरक्षा बढ़ाने का प्रयास करते हैं। 29 फरवरी को जारी निर्देश 1 अप्रैल से लागू होंगे।

निदेशों में कहा गया है कि एनबीबीएल भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में अधिकृत इकाई है। निर्देश सिस्टम ऑपरेटर और सिस्टम प्रतिभागियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से बताते हैं।

इसमें कहा गया है कि भारत बिल पे सेंट्रल यूनिट एनबीबीएल के माध्यम से किए गए सभी लेनदेन का गारंटीकृत निपटान प्रदान करेगी।

**यह भी होगा**
- सुनिश्चित करें कि भुगतान आरंभ चरण से सभी लेनदेन में बीबीपीएस संदर्भ संख्या हो।
- सुनिश्चित करें कि सिस्टम में कोई भी धनराशि किसी टीएसपी के माध्यम से प्रवाहित न हो।
- उपभोक्ता विवादों के निवारण के लिए एक रूपरेखा प्रदान करें।
- बिलर ऑपरेटिंग यूनिट (बीओयू) को व्यापारियों के ऑनबोर्डिंग के संबंध में उचित परिश्रम आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

**ग्राहक परिचालन इकाई यह करेगी**
- अपने ग्राहकों को सीधे या एजेंट संस्थानों के माध्यम से डिजिटल/भौतिक इंटरफेस प्रदान करें।
- यह सुनिश्चित करना कि ग्राहकों की बीबीपीएस पर शामिल सभी बिलर्स तक पहुंच हो।
- विवाद उठाने के लिए एक प्रणाली प्रदान करें; और अपने एजेंट संस्थानों की गतिविधियों की जिम्मेदारी लेना, जिसके लिए उन्होंने सीओयू के साथ समझौता किया है।

## दो हजार रुपये के 97.62 फीसदी नोट बैंकों में आए वापसः आरबीआई

**नई दिल्ली।** देश में चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के नोट का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। दो हजार रुपये के बैंक नोट अभी लीगल टेंडर (कानूनी निविदा) बने रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 19 मई, 2023 तक बाजार में प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। रिजर्व बैंक के मुताबिक 29 फरवरी, 2024 को कारोबार बंद होने के बाद प्रचलन में मौजूद दो हजार रुपये के नोटों का मूल्य घटकर अब 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि 2,000 रुपये के बैंक नोट लीगल टेंडर (कानूनी निविदा) बने रहेंगे।

## वेलिंगटन टेस्ट-ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 383 रन पर सिमटी

### कैमरून ग्रीन का नाबाद शतक

### ग्रीन और से जोश हेजलवुड ने आखिरी विकेट के लिए जोड़े रिकॉर्ड 116 रन



**एजेंसी। वेलिंगटन।**
कैमरून ग्रीन और जोश हेजलवुड के बीच आखिरी विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया यहां बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन मजबूत स्थिति में पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी आखिरकार दूसरे दिन लंच से ठीक पहले हेजलवुड के आउट होने के साथ ही 383 रनों पर समाप्त हुई। ग्रीन और हेजलवुड के बीच रिकॉर्ड 116 रन की साझेदारी हुई, इसी के साथ इन दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी विकेट के लिए 114 रनों की पिछली सबसे बड़ी साझेदारी को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले 2004 में ग्लेन मैक्ग्रा और जेसन गिलेस्पी ने गाबा में आखिरी विकेट के लिए 114 रन जोड़े थे। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि हेजलवुड ने 22 रन बनाये।

न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 5, स्कॉट कुग्गेलिन और विलियम ओ'रोउर्के ने 2-2 व रचिन रवींद्र ने 1 विकेट लिया। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में केवल 41 रन पर 5 विकेट खो दिये हैं। टॉम ब्लंडेल 4 और ग्लेन फिलिप्स 8 रन बनाकर खेल रहे हैं।

**आईपीएल 2024**

## 15 मार्च से शुरू होगा केकेआर का मुख्य प्री-सीजन कैंप

**कोलकाता।** आईपीएल 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सभी टीमें अब अपनी-अपनी तैयारियों में जुट रही है। इस बीच दो बार की आईपीएल विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 सीजन से पहले अपना मुख्य प्री-सीजन कैंप 15 मार्च से कोलकाता में शुरू करने की जानकारी दी है। केकेआर का आईपीएल 2024 अभियान 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होगा। फ्रेंचाइजी ने अपडेट में आगे कहा कि उनके कुछ घरेलू भारतीय खिलाड़ी नवी मुंबई में चल रहे डीवाई पाटिल टी20 कप में खेल रहे हैं। जिसके बाद केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इस सप्ताह के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में एक अस्थायी प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की है।

## इंडियन ओपन गोल्फ 28 से 31 मार्च तक दुनिया भर के 144 पेशेवर गोल्फर होंगे शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारतीय गोल्फ संघ ने शुक्रवार को देश के राष्ट्रीय ओपन और प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट- इंडियन ओपन के कार्यक्रम की घोषणा की, जो 28-31 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा।

इस टूर्नामेंट में अमन राज, मनु गंडास और अन्य 31 भारतीय प्रतिभागियों सहित दुनिया भर के 144 पेशेवर गोल्फर शामिल होंगे। हालाँकि, आयोजन के लिए खिलाड़ियों की सूची की अभी भी पुष्टि नहीं हुई है।

कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण 2020 से 2022 तक तीन साल के अंतराल के बाद, 2023 में डीएलएफ जीसी में टूर्नामेंट की वापसी हुई थी, जहां जर्मन खिलाड़ी मार्सेल सिएम ने जीत हासिल की। यह टूर्नामेंट 2024 में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ अपना 57वां संस्करण आयोजित करेगा।




भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ह्लमुझे हीरो इंडियन ओपन 2024 की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह हमारा प्रमुख कार्यक्रम है और हम इससे मिलने वाले उत्साह और सौहार्द की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए इस आयोजन को यादगार बनाएं।

उन्होंने आगे कहा हीरो इंडियन ओपन भारतीय गोल्फ कैलेंडर में एक शिखर के रूप में खड़ा है जो एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां हमारे शीर्ष गोल्फर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और साथ ही प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीख सकते हैं।

यह आयोजन लगातार कौशल, खेल कौशल और सौहार्द का मिश्रण लेकर आया है जिससे ऐसे माहौल को बढ़ावा मिला है जिससे भारत में गोल्फ का स्तर ऊंचा हुआ है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली से देशभर में स्थित सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इनमें से एक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के विभागीय आवासीय परिसर भी है। सीतारमण ने वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए हरियाणा में फरीदाबाद के सेक्टर-28 में 198 क्वार्टर वाले आवासीय परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की वर्चुअल आधारशिला भी रखी। वित्त मंत्री ने मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को पर्याप्त आवास सुविधा मुहैया कराने के लिए नई दिल्ली में द्वारका के सेक्टर-9 में 256 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव विवेक जोशी, सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एलआईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और कैनरा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## रेड कार्पेट दिल्ली ने राजस्थान लेजेंड्स को 27 रन से हराया, रिचर्ड लेवी का शतक

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा।**
इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) का पहला सीजन आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। गुरुवार को वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने जहां अपनी चौथी जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। वहीं 13वें मुकाबले में रेड कार्पेट दिल्ली ने राजस्थान लेजेंड्स को 27 रन से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज कर ली।

इस मुकाबले में पहले खेलते हुए रेड कार्पेट दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 247 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इस लीग में दिल्ली के

**आईवीपीएल**



बल्लेबाज रिचर्ड लेवी ने सीजन में अपना दूसरा शतक ठोका। वहीं श्रीलंका के पूर्व दिग्गज आसेला गुणारत्ने ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली।

रिचर्ड लेवी ने अपनी शतकीय पारी में 53 गेंदों का सामना किया और शानदार 116 रन बनाए। उनकी इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के शामिल थे। उनके अलावा गुणारत्ने ने 53 गेंदों पर नाबाद 85 रन बनाए और अपनी पारी में 6 चौके और उतने ही छक्के जड़े। इस मैच के बाद राजस्थान लेजेंड्स और रेड कार्पेट दिल्ली का एकझएक लीग मैच और बाकी है। आज दोपहर में राजस्थान का सामना मुंबई चैंपियंस से दोपहर के मुकाबले में होगा। वहीं रेड कार्पेट दिल्ली की टीम शाम के मैच में तेलंगाना टाइगर्स से भिड़ेगी। शनिवार को लीग के दोनों सेमीफाइनल होंगे वहीं 3 मार्च रविवार को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## चीन में खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं : हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली।** पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन 8 से 17 सितंबर 2024 तक हुलुनबुइर शहर, इनर मंगोलिया, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में होगा। जो टीमें इस संस्करण में हिस्सा ले रही हैं, उनमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन भारत हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है जहां टीमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम होने का दावा करने के लिए संघर्ष करती हैं। हम पुरुष एशियाई खेलने और अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हैं।

## वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग टूर 2024 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी है भारत की आठ वर्षीय जाराह

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारत की जाराह एन ग्लेडिस महज आठ साल की उम्र में दुबई में वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग टूर 2024 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बन गई हैं।

जाराह ने महिला पार्क इवेंट में भाग लिया। क्वालिफिकेशन राउंड के दौरान 8.50 का स्कोर हासिल किया और बुधवार को 63 प्रतियोगियों में से 61वां स्थान हासिल किया।

पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी ओलंपिक विश्व स्केट रैंकिंग में सुधार करने के इच्छुक स्केटबोर्डर्स के लिए दुबई मीट एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

ओलंपिक्स डॉट कॉम के मुताबिक, चार साल की उम्र में स्केटबोर्डिंग शुरू करने वाली जाराह ने पिछले साल रोम में स्केटबोर्डिंग पार्क वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10.66 था।

मनमोहक स्केटबोर्डर, जो केरल की रहने वाली है, लेकिन वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रहती है, ने अपने दोस्तों से प्रेरित होकर कोविड-19 महामारी के दौरान स्केटबोर्डिंग शुरू की। तब से, उसने कई स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग



लिया है, और संयुक्त अरब अमीरात में अलजादा स्केट जैम और सर्किट एक्स जैसे आयोजनों में खिताब हासिल किया है।

उन्होंने दिसंबर 2022 में अंडर-9 आयु वर्ग में भारत की राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता।

इस युवा लड़की ने अपनी प्रभावशाली स्केटिंग क्षमताओं से दुनिया भर के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। उनके सोशल मीडिया पोस्ट में उनके बोर्ड पर अलग-अलग ऊंचाइयों से छलांग लगाने और कुशलता के साथ सफलतापूर्वक किकफ्लिप पूरा करने के वीडियो शामिल हैं।

## मध्य प्रदेश में ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की अनंत संभावनाएं : प्रणव अदाणी



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह मध्य प्रदेश में लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसकी घोषणा उज्जैन में आयोजित 'रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024' में अदाणी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अदाणी ने की। उन्होंने इस मौके पर बताया कि इस निवेश के जरिए राज्य में विकास के साथ-साथ रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। मध्य प्रदेश के उज्जैन में शुक्रवार से दो दिवसीय 'रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024' शुरू हुआ है, जहां अदाणी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रणव अदाणी ने इस निवेश की घोषणा की। कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया। उन्होंने बताया अदाणी समूह का सबसे बड़ा निवेश इस राज्य को किफायती बिजली तक पहुंच बढ़ाने में होगा। सिंगरौली में कंपनी अपने एनर्जी संयंत्र में बिजली उत्पादन क्षमता को मौजूदा 1 हजार 200 मेगावाट से बढ़ाकर 4 हजार 400 मेगावाट करने के लिए करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वहीं, इस निवेश के जरिए सामान्य बिजली उपभोक्ताओं को भी काफी लाभ होगा।

## नंबर 4 पर खेलते हुए शतक जड़ ग्रीन ने अपनी काबिलियत साबित की : हॉकले

**एजेंसी। वेलिंगटन।**
ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच बेसिल रिर्जव में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की शतकीय पारी चर्चा में रही। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने भी उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ कैमरून ग्रीन की शानदार नाबाद 174 रन की पारी चयनकर्ताओं के उन्हें बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर



बनाए रखने के सही फैसले की गवाही देती है।

## मानसिकता में थोड़ा बदलाव है सफलता का कारण : शैफाली वर्मा

**एजेंसी। बेंगलुरु।**
दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने कहा कि 2024 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार अर्धशतक बनाने के पीछे का कारण उनकी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने की उनकी मानसिकता में थोड़ा बदलाव है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, शैफाली ने 31 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 50 रनों की पारी खेली, जिससे कैपिटल्स ने 194/5 का स्कोर बनाया, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर 25 रन से आसानी से जीत हासिल हुई और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

शैफाली ने इससे पहले यूपी वारियर्स के खिलाफ कैपिटल्स के पिछले मैच में नाबाद 64 रनों की पारी खेली थी, जहां उन्होंने 14.3 ओवर में 121 रनों का पीछा किया था। पिछली बार डब्ल्यूपीएल में, मैं 30 या 40 के स्कोर में आउट हो रही थी।

## ओपनिंग जोड़ीदार स्मृति पर बहुत गर्व है : सोफी डिवाइन

**एजेंसी। बेंगलुरु।**
यह कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी सलामी जोड़ीदार, न्यूजीलैंड की महान ऑलराउंडर सोफी डिवाइन के बीच चल रही आपसी प्रशंसा गाथा में भूमिका के उलटफेर की शाम थी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन के दौरान 99 रनों की तूफानी पारी से स्मृति को चकित करने के बाद अब तारीफ करने की बारी सोफी की थी। जब उन्होंने गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी कप्तान को आरसीबी के दिल्ली विरोधियों के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलते हुए देखा।

सोफी के साथ 77 रन की शुरूआती साझेदारी में स्मृति की पारी लगातार जीत के बाद सीजन की पहली हार में आरसीबी के लिए सबसे उज्ज्वल बिंदु थी, और



न्यूजीलैंड की कप्तान ने इसकी प्रशंसा की।

सोफी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा हां, देखो, मुझे स्मृति पर बहुत गर्व है। उनके लिए इस साल जिस तरह से बाहर आना और बल्लेबाजी करना शानदार रहा है। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की है, जिस तरह से उसने टीम की कप्तानी की है वह शानदार है और इससे वास्तव में आत्मविश्वास झलकता है।

## पेरिस 2024 के लिए तैयार हुआ ओलंपिक गांव

**एजेंसी। पेरिस।**
पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक गांव एथलीटों के स्वागत को तैयार है। 52 हेक्टेयर का यह गांव, सेंट्रल पेरिस के उत्तर में स्थित है और सेंट-डेनिस, सेंट-ओवेन और इले-सेंट-डेनिस की नगर पालिकाओं में फैला हुआ है, जो पैरालिंपिक के लिए 9,000 एथलीटों और उनके कर्मचारियों का स्वागत करने से पहले ओलंपिक के दौरान लगभग 14,500 एथलीटों और उनके कर्मचारियों की मेजबानी करेगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने गुरुवार को ओलंपिक गांव का निरीक्षण किया। मैक्रॉन ने कार्यकताओं से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, ॠयह एक प्रदर्शन है कि हमने अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है।

खेलों के बाद, गांव को 2,800 अपार्टमेंटों के साथ एक

**आयोजकों को सौंपा गया**



पर्यावरण-अनुकूल क्षेत्र में बदल दिया जाएगा, जिसमें दो स्कूल, एक होटल, एक सार्वजनिक पार्क, दुकानें और कार्यालय, साथ ही पैदल चलने वालों और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए वृक्षारोपण क्षेत्र शामिल होंगे। सिन्हुआ के अनुसार, 2,800 अपार्टमेंट में से लगभग एक तिहाई निजी घर मालिकों को बेचा जाएगा, जबकि एक तिहाई सार्वजनिक आवास के लिए होगा, और बाकी किराये के लिए होगा। निर्माणकर्ताओं ने कहा कि खेलों के बाद गांव के 6,000 निवासियों को लाभ होगा। ओलंपिक के बुनियादी ढांचे को वितरित करने के प्रभारी कंपनी सोलिडियो के जनरल डायरेक्टर निकोलस फेरैंड ने कहा, फ्रांसीसी निर्माण उद्योग जो कर सकता है, यह उसकी उत्कृष्ट कृति है।

कम कार्बन कंक्रीट, लकड़ी के ढांचे और नवीकरणीय भू-तापीय हीटिंग का उपयोग करके, आयोजकों का दावा है कि गांव अपने जीवनकाल में मानक निर्माण तकनीकों के साथ निर्मित समकक्ष की तुलना में लगभग आधा कार्बन उत्सर्जन पैदा करेगा।

गांव में अन्य पर्यावरणीय नवाचारों में पानी को रीसाइक्लिंग करने के लिए एक मिनी जल-प्रसंस्करण संयंत्र शामिल है जिसका उपयोग 9,000 से अधिक पेड़ों और झाड़ियों पर किया जाएगा जो साइट पर लगाए जाने वाले हैं।

खेलों से सम्मानित किए जाने के बाद फेरैंड ने सात साल की यात्रा का समापन करते हुए, पेरिस 2024 के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट को गांव की एक प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। आयोजक अगले चार महीनों में गांव को 300,000 से अधिक फर्नीचर और सजावट की वस्तुओं से सुसज्जित करेंगे।

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स 1245 अंक उछला, निफ्टी 22300 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी और मार्च महीने के पहले कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार ने तगड़ी छलांग लगाते हुए अबतक के उच्चतम स्तर को हासिल गया। प्रभावी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ही डेढ़ फीसदी से अधिक की उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 फीसदी की उछाल के साथ 73,745.35 अंक पर बंद हुआ। यह इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भविष्य में कीमतों में बढ़ोतरी और अस्पतालों के विस्तार पर पैदा होगा संकट

**नई दिल्ली।** एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अस्पतालों में एक समान मूल्य निर्धारण लागू करना काफी मुश्किल है। फर्म ने व्यावहारिक चुनौतियों का हवाला देते हुए ये बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि यदि वह क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अस्पताल दरों के लिए प्रस्ताव नहीं लाती है तो वह अंतरिम उपाय के रूप में सीजीएचएस दरों को लागू करेगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक के पास शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सखुआ गांव निवासी सेराजुदिन अंसारी के पुत्र जुबैरन अंसारी उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।इसके बाद घायल व्यक्ति के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे है।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बीडीओ से किया शिष्टाचार से मुलाकात

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में उंटारी रोड प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा शाहू को पुष्प गुच्छ देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने अपने क्षेत्र के जनसमस्याओं जाति , निवास, आय, बनाने में काफी विलंब हो रहा है, जिसको लेकर अनुरोध किया है, वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा शाहू ने आश्वासन देते प्रज्ञा केंद्र संचालकों को कही की जो सर्टिफिकेट बनाने में धीमी गति चल रही है, उसे बहुत जल्द हीं तेज गति से जाति ,आय, निवास बनाई जाएगी। उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक अरविंद मेहता, कुमार सुधांशु कुमार मौजूद थे।

### टीपीसी एवं आरसीसी संगठन के सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 6/19/दिनाक 4 फरवरी 2019 धारा 341,323,457,379,384,386, 387,435,34 भा, द, वि के वांछीत टीपीसी एवं आरसीसी संगठन के सक्रिय सदस्य अभियुक्त बबलू यादव उर्फ डब्लू यादव पिता स्व, शिवा यादव ग्राम खरारी टोला दोमुहान थाना हंटरगंज जिला चतरा को गुप्त सूचना मिलने पर छतरपुर डीएसपी अवध कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर नौडीहा थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचकर धर दबोचा गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विधायक ने हवाई सेवा पर सरकार से मांगा जवाब

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सरकार से डाल्टनगंज से हवाई सेवा शुरू कराने के संबंध में सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा की 2021 में केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत डाल्टनगंज से रांची व डाल्टनगंज से पटना की हवाई यात्रा प्रारंभ करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर सरकार ने जवाब दिया की भारतीय विमान प्राधिकरण के द्वारा राज्य सरकार को सूचित किया गया है की डाल्टनगंज (चियांकी) हवाई अड्डा को भारत सरकार की आरसीएस उड़ान 4.2 के तहत चिन्हित किया गया है।






# एफएसटी और एसएसटी के पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**सजग और सचेत होकर करें कर्तब्ययो का निर्वाहन कार्य**

**आदर्श आचार संहिता व नकदी लेन देन पर नजर रखने के बताये गये गुर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट के ब्लॉक सी के सभाकक्ष व पुराना डीआरडीए भवन में शुक्रवार को एफएसटी(उड़न दस्ता टीम), एसएसटी(स्टैटिक सर्विलांस टीम),और डीएलबीसी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी व सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने सम्बंधित पदाधिकारियों को उनके कार्यों से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी।.इस दौरान एफएसटी टीम को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है इस विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।वहीं सी विजिल एप के बारे में भी विस्तारित जानकारी दी गई। एसएसटी टीम को चुनाव के दौरान भारी मात्रा में नकद लेन-देन पर पैनी नजर रखने के गुर बताये गये। चेक पोस्ट पर जांच के क्रम में अवैध हथियार के साथ आसामाजिक तत्वों की पहचान करना व उनपर कार्रवाई करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।सभी को चार अलग-अलग पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में पांकी,डालटनगंज,विश्रामपुर,छत्तरपुर व हुसैनाबाद विधानसभा के लिये गठित एसएसटी व एफएसटी के सदस्य भाग लिये.

# कासीसोत डैम के निर्माण की घोषणा से किसानों में खुशी

**उपायुक्त के निदेर्शानुसार तत्कालीन डीडीसी ने विभिन्न सिंचाई स्त्रोतों का अवलोकन कर रिपोर्ट उन्हें सौंपा था।**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक में काशीस्त्रोत डैम (मध्यम सिंचाई योजना) के निर्माण के लिए लागत राशि ? 1246.45502 के द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसानों ने खुशी जताई है। वहीं जिला पार्षद अंजू देवी ने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह सहित राज्य सरकार के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में तत्कालीन उपायुक्त अंजनायुल दोड्डे को आवेदन देकर प्रखंड के सिंचाई के लिए काशीस्त्रोत सहित उत्तर कोयल मुख्य नहर की विभिन्न लघु वितरणियों का पुनर्निर्माण कराने की मांग उन्होंने की थी। तत्कालीन उपायुक्त के निदेर्शानुसार तत्कालीन डीडीसी ने विभिन्न सिंचाई स्त्रोतों का अवलोकन कर रिपोर्ट उन्हें सौंपा था। जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह बताया कि काशीस्त्रोत मध्यम सिंचाई योजना से लाभान्वित विभिन्न गांवों के किसानों की समस्या से क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को भी अवगत कराया गया था। जिस पर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस क्षेत्र के किसानों के हित में उचित व सफल पहल करने का आश्वासन दिया था। क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के पहल पर राज्य सरकार ने इस योजना मद में राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है, तो इसका सीधा लाभ गोडाडीह, भाली ,बटउआ, क्वलपुरा, कररिया, सबनवा, पटखोलिया, डाली,गजरही, राणाडीह, भगड़ा सहित दर्जनों गांव के, किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा साथ ही भूमिगत जलस्तर में वृद्धि होगा।

### ग्रामीणों ने प्रेमी युगल की कराई शादी

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह पंचायत में शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल की शादी दोनों की रजामंदी से चौरा गांव के देवी मंदिर में संपन्न कराया। जानकारी के अनुसार चौरा गांव निवासी सुमेर पासवान का पुत्र रूपेश कुमार और बांसडीह गांव की लड़की का प्रेम प्रसंग लम्बे समय से चल रहा था। गुरुवार की रात्रि में ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। शुक्रवार की सुबह गांव के ग्रामीणों की पंचायत बैठी, ग्रामीणों ने लड़का- लड़की की रजामंदी से दोनों की शादी मुखिया प्रतिनिधि के उपस्थिति में करा दिया गया। शादी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में सैकड़ों महिला-पुरूष ग्रामीण उपस्थित हुए। महिलाओं ने विवाह गीत भी गये। हालांकि लड़का के पिता इस शादी से नाखुश दिखे, लड़का पक्ष के एक भी सदस्य शादी में शरीक नहीं हुएं। फिलहाल शादी के बाद लड़की अपने मां के घर बांसडीह में है। इस शादी की चर्चा आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) से जुड़े जमानत के एक मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि सरकारी कर्मी कैसे निचली अदालत में गवाही के दौरान बयान से मुकर (होस्टाइल) गया। इस पर अनुराग गुप्ता की ओर से कोर्ट को स्पष्ट किया गया कि उस सरकारी कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। हाई कोर्ट ने रांची की निचली अदालत को मामले की ट्रायल जल्द पूरी करने का निर्देश देते हुए आरोपित बिरसा मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता लेबर है जो गाड़ी में सामान उतारने और चढ़ाने का काम करता है।

### ताराचंद और हरीश यादव की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद एवं हरीश यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था।

### अफसर अली की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद-बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में ईडी से जानकारी भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। वह बीते साल 14 अप्रैल से न्यायिक हिरासत में जेल में है। इसे देखते हुए उन्हें जमानत दी जाए।

### झारखंड में 9 मार्च को आर्थिक नाकेबंदी

**मेदिनीनगर।**झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से 9 मार्च को आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा चम्पई सोरेन सरकार को चेतावनी है। अलग राज्य के आन्दोलन मे शिरकत किये आन्दोलनकारी मुख्यमंत्री भी उसी राह के राही हैं जो 23 बर्ष के झारखण्ड के साथ आन्दोलनकारियो के साथ मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करते आए हैं। चालू बजट सत्र में झारखंड का कोई भी विधायक व मंत्री ने शुन्य काल मे आन्दोलनकारी के समस्या को नहीं उठाना, अलग झारखण्ड के आन्दोलनकारियो के साथ धोखा है। झारखंडी जनता ने लम्बी संघर्ष और कुबार्नी शोषण जुल्म को झेलते हुए राज्य का निर्माण कराया। झारखंड स्वभाविक राज्य नहीं है कई क्रांतिकारी व आन्दोलनकारियो ने अपनी प्राणों की आहुति दी है। कई माताओं का मांग का सिंदूर धुला है, कई लोगों की गोद सुनी हुई है। आज आन्दोलनकारी के परिवार दोनों टाईम अपने और परिवार को पेट भरने के लिए रोजी-रोटी के तलाश में लिए राज्य से पलायन कर रहे हैं।

### अवैध खनन मामले में भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है। इससे पूर्व गुरुवार को अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने मामले में फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी। साहिबगंज में 1250 करोड़ की अवैध खनन मामले में भगवान भगत एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है।

# झारखंड अवैध खनन मामले में टिंकल भगत की जमानत पर सुनवाई 15 को

नवीन मेल संवाददाता




**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि याचिकाकर्ता द्वारा दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कॉन्सेंट टू ऑपरेट का दस्तावेज सही है या नहीं? इस संबंध में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने दिया। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफिंस में नहीं आता है, जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। याचिकाकर्ता को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कंसेंट टू ऑपरेट भी मिला है। उनकी ओर से इस संबंध में दस्तावेज भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। याचिकाकर्ता को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपित कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ता को भी जमानत दी जाए। ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है।

### समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को लेकर सदन में तकरार

**रांची ।** विधानसभा में शुक्रवार को कटौती प्रस्ताव पर जब कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा पर संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने के आरोप लगाया तो भाजपा विधायक भानु प्रताप ने जोरदार विरोध किया । भानु प्रताप के विरोध पर कांग्रेस के इरफान अंसारी, उमाकांत अकेला सहित कई विधायक प्रदीप यादव के समर्थन में जोर-जोर से बोलना शुरू कर दिया । उसके बाद भाजपा विधायकों ने भानु प्रताप के समर्थन में बोलने लगे , दोनों तरफ से एक-दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप का शोर इतना जयादा होने लगा कि कौन क्या बोल रहा है कुछ समझ में नहीं आ रहा था , इसके बाद स्पीकर ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों तरफ के विधायको को शांत कराया । दरअसल , कांग्रेस विधायक ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, संविधान पर खतरा मंडरा रहा है, संविधान को बचाना एक चुनौती सामने आ गया है, कांग्रेस विधायक ने कहा कि मोदी सरकार संविधान में उल्लेखित समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने की तयारी कर रही है।

# मनातू थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया पाठ

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने शुक्रवार को बूथ जांच के दौरान मनातू बंसी खुर्द पंचायत स्थित प्लस टू विद्यालय में जाकर 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को केमिस्ट्री विषय का पाठ पढ़ाया।साथ ही बच्चो को एक्स्ट्रा क्लास भी दिया। एक्स्ट्रा क्लास के दौरान थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बच्चों को शिक्षा के महत्व, होने वाले लाभ, सरल व सहज तरीके से जीवन को बिताने के बारे में बताया। चाइल्ड क्राइम से बच्चियों को सावधान रहने के बारे में भी बताया। कहा कि शिक्षा एक अनमोल गहना है। इससे मनुष्य अपने संस्कार, विचार, आचरण का निर्माण करता है। इससे आनेवाले भविष्य में कठिनाइयों को सहज रूप से पार कर लेता है। इन दौरान ट्रैफिक, पॉस्को, मोबाइल व शिक्षा से संबंधित बातों को थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चियों को विस्तृत जानकारी दी। यातायात के बारे में उन्होंने बच्चों को बताया कि सरकार की ओर से देश में करोड़ों की लागत से वाहन चालकों की सुविधा हेतु स्पीड लिमिट साईन बोर्ड लगाए गए है। जिनपर अंकित स्पीड के अनुसार अपने वाहन चलाने चाहिए। अधिक तेज व अधिक धीमी गति से गाड़ी चलाना भी कानूनन अपराध है। बाईक चलाते समय हेलमेट व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपने परिजनों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने की नसीहत दी।

## पेज एक के शेष

### विकसित भारत के संकल्प ...

शुरू करने के अपने संकल्प का स्मरण करते हुए कहा, 'यह मोदी की गारंटी थी और आज यह गारंटी पूरी हो गई है।' प्रधानमंत्री ने 2018 में इस उर्वरक संयंत्र के पुनरुद्धार की नींव रखी थी। इसके पुनरुद्धार पर 8900 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये रास्ते खुल गए हैं। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में आज की इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व में तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने नवीनतम तिमाही के आर्थिक आंकड़ों पेश करते हुए कहा कि अक्टूबर से दिसंबर 2023 में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थित थे।

**यूरिया उत्पादन में बनेंगे आत्मनिर्भर :** उन्होंने कहा कि हर साल भारत को 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत पड़ती है और वर्ष 2014 में भारत में सिर्फ 225 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ था। इस बड़े अंतर को पाटने कि लिए भारी आयात की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने बताया, हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में यूरिया का उत्पादन बढ़कर 310 लाख मीट्रिक टन हो गया है। प्रधानमंत्री ने रामागुंडम, गोरखपुर और बरौनी उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि सिंदरी को इस सूची में जोड़ा गया है। पीएम मोदी ने बताया कि अगले डेढ़ वर्ष में तालचेर फर्टिलाइजर प्लांट भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह उस संयंत्र को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि ये 5 संयंत्र तेजी से 60 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन करेंगे, जो भारत को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा।

### सिंदरी खाद कारखाना से ...

प्रशिक्षित किया जा रहा है। किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। ऐसे में जब खेतों में उपज बढ़ेगा तो खाद्यान्न को लेकर हम और आत्मनिर्भर बनेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### बेंगलुरू कैफे विस्फोट में ...

उन्होंने रसोई में गैस पाइप या बॉयलर से रिसाव की संभावना से भी इनकार किया है। पुलिस को विस्फोट में घायल हुई एक महिला बैंक कर्मचारी का आईडी कार्ड मिला है और आगे के सुराग के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस बीच, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा है कि उन्होंने रामेश्वरम कैफे के संस्थापक नागराज से बात की है, जिन्होंने उन्हें बताया कि विस्फोट एक बैग के कारण हुआ जिसे एक ग्राहक ने वहां छोड़ दिया था और यह कोई सिलेंडर ब्लास्ट नहीं था। तेजस्वी सूर्या ने एक्स पर लिखा, विस्फोट में उनका एक कर्मचारी घायल हो गया है। यह बम विस्फोट का स्पष्ट मामला लगता है। सीएम सिद्दारमैया को जवाब देना चाहिए।

### झारखंड विधानसभा ने ...

विधायक नवीन जायसवाल के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय में शामिल 73 करोड़ 87 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांग ध्वनिमत से स्वीकृत दे दी। इसके अलावा सदन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1,28,900 करोड़ रुपये के बजट को ध्वनि मत से पारित किया। बाद में तत्संबंधी झारखंड विनियोग (संख्या दो) विधेयक, 2024 को भी सदन ने ध्वनि मत से मंजूरी दे दी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सभा की कार्यवाही शनिवार 11:00 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

### इनामी नक्सली एनेम हस्सा ...

एसएसबी 26वीं वाहिनी सी कंपनी बासुकोचा तमाड़ के पदाधिकारी एवं जवानों का एक संयुक्त छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंची। इस दौरान एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने खदेड़कर पकड़ लिया। उसने अपना नाम एनेम हस्सा पूर्ति (पिता जोहन हस्सा पूर्ती, सा. डिमनिया बेड़ा, थाना तमाड़, जिला रांची) बताया।


एससपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा है कि वह पूर्व में माओवादी महाराज प्रमाणिक के दस्ते में काम करता था। इसके दस्ते ने तिरुलडीह (खरसावां) थाना की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया था, जिसमें पांच पुलिसकर्मी मारे गये थे। इसके अलावे, इनके दस्ते ने खरसावां के जंगल में आईईडी बिछाकर पुलिस की टीम पर हमला किया था। इनके खिलाफ एनआईए की ओर से पचास हजार रुपये का इनाम रखा गया है। छापामारी दल में सिद्दार्थ आर, सहायक समादेष्टा एसएसबी, 26 वी वाहिनी सी कंपनी बासुकोचा तमाड़, पुअनि अमित कुमार, थाना प्रभारी तमाड़ समेत जिला पुलिस और एसएसबी के जवान शामिल थे।

## दुस्साहस

### दिनदहाड़े डेढ़ लाख की छिनतई

# बेटी की शादी की खरीदारी के लिए निकाले थे पैसे

नवीन मेल संवाददाता




**पलामू।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के जय भवानी संघ चौक के समीप डेढ़ लाख की छिनतई हो गई। एक पिता ने अपनी बेटी की शादी में सामान खरीदने के लिए पीएनबी से पैसे निकाले थे। पैसे लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में पल्सर बाइक से आए दो लुटेरों ने रूपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। दोनों अपराधी सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। पुलिस वीडियो और फोटो निकाल कर उनकी पहचान और गिरफ्तारी में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई छिनतई की इस घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।भुक्तभोगी की पहचान कुंड मोहल्ला निवासी मिथिलेश सिंह के रूप में हुई है। मिथिलेश की बेटी की शादी 25 अप्रैल को होनी है। शादी में सामान सहित अन्य की खरीदारी के लिए मिथिलेश ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा से 2 लाख रूपए निकले थे। 50 हजार सामानों की खरीद में खर्च किए थे। डेढ़ लाख रूपए लेकर जय भवानी संघ चौक की ओर से जा रहे थे। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार होकर 2 अपराधी आए और रूपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बाइक चला रहा अपराधी हेलमेट पहन रखा था, जबकि पीछे बैठा हुआ अपराधी मास्क लगाए हुए था।घटना के संबंध में शुक्रवार को शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इधर इस घटना को लेकर मुक्तभोगी मिथिलेश सिंह में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मिथिलेश ने कहा कि उसकी बेटी की शादी का खर्च जुटाना अब मुश्किल होगा। काफी मेहनत करके पैसे बैंक में जमा किए थे और शादी के समय खर्च करने के लिए रखे हुए थे। इस घटना से उनका बजट बिगड़ गया है। मिथिलेश ने आशंका जताई है कि बैंक से पैसे निकालने के बाद से ही लुटेरे उसके पीछे पड़े होंगे और फिर मौका मिलते ही घटना को अंजाम दिया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कबड्डी खेलने गई पलामू की पुरूष टीम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय सीनियर पुरूष प्रतियोगिता में बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों की टीम 29 फरवरी को रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से जामताड़ा के लिए रवाना हुई। यह टीम जामताड़ा के गांधी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 3 मार्च तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में संगम कुमार सिंह, प्रभात कुमार, चिराग सिंह, रिशु कुमार देव, रितिक अग्रवाल ,जयकुमार पासवान ,छोटू कुमार, मोहित कुमार ,रोशन कुमार, अमित कुमार पाल, सचिन पाल एवं मोहम्मद सैफ अंसारी शामिल हैं। वहीं टीम का कोच -सुनील कुमार व मैनेजर - सोनू पाल हैं। पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के सेक्रेटरी कमला नंद दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे , सचिव संजय कुमार त्रिपाठी वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन , रईफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष सचिव अमरेंद्र पाठक ,सचिव अशोक कुमार सिंह, जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल कुमार पांडे, शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता ,द्वारका प्रसाद , पलामू जिला साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार आदि ने शुभकामनायें दी हैं।




## एक नजर

### तीन महीने बाद गहलोत खाली करेंगे सीएम बंगला



**जयपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की है कि वह शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे और बंगला नंबर 49 में शिफ्ट हो जाएंगे, जो नई सरकार के गठन के बाद उन्हें आवंटित किया गया है। उनकी टीम के एक सदस्य ने कहा, गहलोत दोपहर करीब दो बजे बंगला खाली कर देंगे। राजस्थान में गहलोत को सत्ता से बाहर हुए लगभग तीन महीने हो गए हैं, लेकिन पूर्व सीएम और अन्य पूर्व मंत्रियों ने अभी तक अपने आधिकारिक बंगले खाली नहीं किए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ओटीएस (ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल) में अस्थायी आवास में रह रहे हैं, क्योंकि सीएम का आधिकारिक आवास गहलोत द्वारा खाली नहीं किया गया है। सीएमओ अधिकारियों ने पुष्टि की कि शर्मा होली के बाद बंगले में आएंगे। न सिर्फ वर्तमान सीएम, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी समेत कुछ अन्य मंत्री भी सरकारी आवास आवंटित होने का इंतजार कर रहे हैं।

### बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आग लगने से 44 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देररात आग लगने से कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई और इससे ज्यादा व्यक्ति झुलस गए। इनमें से कई की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। झुलसे लोगों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। स्वास्थ्यमंत्री सामंत लाल सेन ने अस्पताल का दौरा किया है। यह आग राजधानी ढाका के बेली रोड स्थित सात मंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी। इस आग में छह रेस्तरां, गैजेट, गियर और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग का आउटलेट, एलीन नामक कपड़े का शोरूम आदि राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग पहली मंजिल से शुरू हुई और लपटों ने तेजी से सभी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। स्वास्थ्यमंत्री डॉ. सामंत लाल सेन, ढाका-8 के सांसद एएफएम बहाउद्दीन नसीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। स्वास्थ्यमंत्री सेन ने रात दो बजे मीडिया को बताया कि 33 शवों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है।

# लोस चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरूआत का प्रतीक होगा: पीएम

**एजेंसी। हुगली/नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि लोकसभा चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरूआत का प्रतीक होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आरामबाग में भाजपा की विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की घटनाएं शर्म की बात है, करीब दो महीने तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। 'संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने मतदाताओं से हर चोट का जवाब वोट से देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि 'टीएमसी को भरोसा है कि उसे अल्पसंख्यकों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन मुस्लिम भी टीएमसी के गुंडा राज के खिलाफ वोट करेंगे। टीएमसी लोकसभा चुनाव में हारेगी। मोदी ने कहा कि इससे बंगाल की सत्ता से विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है उसे देखकर पूरा देश दुखी और आक्रोशित है। टीएमसी के नेता ने संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी, तो बदले में बंगाल सरकार ने टीएमसी नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उस आरोपी को गिरफ्तार किया।



### जो लूटा है वह लौटाना पड़ेगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में केंद्रीय योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार समेत अन्य केंद्रीय फंड में अनियमितता का दावा करते हुए कहा कि वे बंगाल के लोगों से वादा करते हैं कि लूटने वालों को लौटाना ही होगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा।

### 7200 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र में 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल शोधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पश्चिम बंगाल में रेलवे का आधुनिकीकरण उसी रफ्तार से हो, जैसे देश के दूसरे हिस्सों में हो रहा है। इक्कीसवीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है, हम सबने मिलकर 2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। देश के गरीब, किसान, महिला और युवा, प्राथमिकता हैं। पीएम ने कहा कि हमने निरंतर गरीब कल्याण से जुड़े कदम उठाए हैं, जिसका परिणाम आज दुनिया देख रही है। पिछले 10 वर्षो में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये दिखाता है कि हमारी सरकार की दिशा, नीतियां, निर्णय सही हैं और उसका मूल कारण निर्णय सही है।

मोदी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की जनता अपनी सीएम 'दीदी' से सवाल कर रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने संदेशखाली की भयावहता के मुद्दे पर चुप्पी बनाए रखने के लिए विपक्षी इंडी गंठबंधन की भी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना यही एक काम बचा है, यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने महात्मा गांधी के तीन बंदरों की तरह संदेशखाली पर आंख, नाक, कान और मुंह बंद कर रखा है। गठबंधन के सभी कद्दावर नेता संदेशखाली घटना पर चुप हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रमख को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अरे छोड़ो, बंगाल में तो ये सब चलता रहता है।

टीएमसी सरकार पर सभी क्षेत्रों में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए, संदेशखाली में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टिकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 साल में भारत 11वें नंबर की इकोनॉमी से ऊपर उठकर 5वें नंबर की आर्थिक ताकत बना है। जी-20 में कैसे भारत की जय-जयकार हुई, ये हम सबने देखा है। आज भारत स्पेस सेक्टर में अग्रणी बन रहा है। जो काम दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वो हमारे चंद्रयान ने किया। आज स्पोर्ट्स के सेक्टर में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद 500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की इन उपलब्धियों के बीच बंगाल की स्थिति भी आज पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गारंटी है। मैं बंगाल के लोगों से वादा करता हूं कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंन कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसको लौटाना ही पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल आजादी के आंदोलन की प्रेरणा स्थली रही है। गुलामी के विरुद्ध प्रखर नेतृत्व देने वाली यहां की हर संतान का सपना था कि भारत विकास की नई ऊंचाई प्राप्त करे। और मैं कह सकता हूं कि आज का भारत उनके उसी सपने को पूरा कर रहा है!



### राजभवन में पीएम से मिली ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजनीतिक तल्खियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को मुलाकात की। हुगली जिले के आरामबाग में जनसभा को संबोधित करने के बाद कोलकाता लौटे मोदी राजभवन में अतिथि के तौर पर ठहरे हैं। शाम करीब 5:00 बजे मोदी के राजभवन पहुंचते ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुलाकात के लिए वहां पहुंचीं। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की कोलकाता में मौजूदगी के समय उनसे मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात है। हालांकि मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने बताया है कि अचानक ममता बनर्जी ने पीएम से मिलने की इच्छा जताई थी जिसके बाद प्रधानमंत्री ने सहमति दी।

### लोस चुनाव से पहले बीआरएस को लगा एक और झटका

# भाजपा में शामिल हुए सांसद भीमराव बसवंतराव पाटिल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बीआरएस को एक और बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। तेलंगाना के जहीराबाद से बीआरएस के वर्तमान लोस सांसद भीमराव बसवंतराव पाटिल ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने लगातार दो दिनों में बीआरएस को दो बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। इससे पहले गुरुवार को तेलंगाना से बीआरएस के वर्तमान लोस सांसद पोथुगंती रामुलु भी अपने बेटे और अन्य समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव एवं तेलंगाना प्रभारी तरुण चुग, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रेशखर और तमिलनाडु के सह चुनाव प्रभारी सुधाकर रेड्डी की मौजूदगी में शुक्रवार को तेलंगाना की जहीराबाद लोस सीट से बीआरएस के वर्तमान लोस सांसद भीमराव बसवंतराव पाटिल भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने बीआरएस सांसद पाटिल का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि पाटिल बीआरएस की पहली पंक्ति के नेता रहे हैं, दो बार सांसद रह चुके हैं और उन्होंने पिछले 10 वर्षों के मोदी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर हमारी पार्टी में आने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अब बीआरएस तेलंगाना में समाप्त हो चुका है, बीआरएस अब बाप, बेटा और बिटिया की पार्टी बनकर रह गई है और उन्हें अब अपनी पार्टी का नाम बदल कर ट्रिपल बी रख लेना चाहिए।

### बिहार भभुआ के विधायक भरत बिंद भी भाजपा में पहुंचे



**पटना।** बिहार में सरकार बदलने के बाद राजद के विधायकों का अपनी ही पार्टी से मोहभंग होता दिख रहा है। भभुआ क्षेत्र के राजद विधायक भरत बिंद भी शुक्रवार को भाजपा के पाले में आ गए। बिहार में सरकार बदलने के बाद राजद के पांच विधायक भाजपा के पक्ष में आ चुके हैं। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विधानसभा में राजद के विधायक भरत बिंद सत्ता पक्ष की ओर आकर बैठ गए।

### कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने भी दिए पाला बदलने के संकेत



बिहार में विधायकों के पाला बदलने का सिलसिला जारी है। बिहार में कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने भी शुक्रवार को भाजपा के साथ जाने के संकेत दे दिए हैं। पटना में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सांसद बनने का मन कर रहा है, अगर भाजपा नवादा सीट से टिकट देती है तो वे भाजपा में जाने के लिए सोचेंगी।

### आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# दुष्कर्म केस में सजा निलंबित करने की याचिका पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्वयंभू बाबा आसाराम बापू की मेडिकल ग्राउंड पर सजा निलंबित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में 2018 में एक ट्रायल कोर्ट द्वारा पोक्सो अधिनियम और अन्य अपराधों के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद आसाराम जोधपुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सजा निलंबित करने की याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को पुलिस हिरासत के तहत महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट अस्पताल में इलाज कराने की मांग के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष नया आवेदन दायर करने की अनुमति दी।

# अमेरिका के साथ रूस वार्ता को तैयार : पुतिन

**एजेंसी। मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिका के प्रति स्वर नरम और बदले-बदले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ रूस हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने यह घोषणा अपने वार्षिक राष्ट्र के नाम संदेश में की। पुतिन के राष्ट्र के नाम संदेश का देश में सीधा प्रसारण किया गया। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पुतिन ने कहा कि पश्चिम आज परमाणु संघर्ष का जोखिम उठा रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि



अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन युद्ध में अधिक सीधा हस्तक्षेप किया तो उसे परमाणु प्रतिक्रिया की संभावना का सामना करना पड़ेगा। रूसी नेता ने इस सप्ताह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो की टिप्पणियों की ओर इशारा किया, जिसमें यूक्रेन में नाटो सेना भेजने की संभावना जताई गई थी। पुतिन ने कहा कि नाटो देश जो इस तरह के कदम पर विचार कर रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि इस संघर्ष से सभ्यता के विनाश का खतरा पैदा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से पुतिन ने बार-बार पश्चिम के खिलाफ परोक्ष परमाणु युद्ध की धमकी दी हैं। लेकिन अब उनके रुख में कुछ बदलाव हुआ है। वह अमेरिका के साथ हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। उधर, अमेरिका, यूक्रेन को हथियार प्रदान करने पर फिर विचार कर रहा है।

### सेना के चेतक हेलीकॉप्टर की तकनीकी खराबी की वजह से खेत में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर।** कुचामन के डीडवाना में मेगा हाईवे पर स्थित गोपाल गोशाला में शुक्रवार सुबह ग्यारह बजे अचानक सेना के एक चेतक हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। तत्काल मदद के लिए दूसरा चेतक हेलीकॉप्टर उतरा और दस मिनट बाद दोनों हेलीकॉप्टरों ने फिर से उड़ान भरी। दावा किया जा रहा है कि चेतक हेलीकॉप्टर के इंजन में चिप वॉर्निंग के कारण इमरजेंसी लैंडिंग हुई। दूसरा हेलीकॉप्टर केवल मदद के लिए उतरा था। आर्मी के पायलट और जवानों ने तकनीकी खामी का पता लगाया और दस मिनट में ही इसे दूर कर लिया। इसके बाद दोनों हेलीकॉप्टरों ने वापस उड़ान भरी।

# विधानभवन के गलियारे में भिड़े शिंदे गुट के मंत्री और विधायक

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दोनो को समझाया

**एजेंसी। मुंबई**

विधानसभा के गलियारे में शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना के विधायक और मंत्री आपस से ही भिड़ गए। मंत्री शिंदे गुट के अन्य मंत्रियों और विधायकों ने दोनों को समझाकर मामला सुलझाया। इसके बाद भिड़ने मंत्री और विधायक के साथ शिंदे ने वार्ता कर दोनों को समझाया। इस मामले को लेकर विधानपरिषद में सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिससे सदन का कामकाज एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र का आखिरी दिन विधानसभा के गलियारे में कर्जत विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र थोरवे अपने क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर मंत्री दादा भूसे से बात कर रहे थे लेकिन इसी बीच दोनों में इतना विवाद बढ़ गया कि मारपीट तक नौबत पहुंच गई। मौके पर उपस्थित मंत्री शंभूराजे देसाई, विधायक भरत गोगावले और प्रताप सरनाईक ने बीच बचाव कर मामला शांत किया। इसके बाद शिंदे ने दादा भूसे और महेंद्र थोरवे को बुलाकर आपस में विवाद न करने और थोरवे का काम तत्काल करने का निर्देश दिया है। बाद में पत्रकारों के इस संबंध में पूछे गए सवालों का शिंदे ने कोई जवाब नहीं दिया। विधायक प्रताप सरनाईक ने पत्रकारों को बताया कि महेंद्र थोरवे पहली बार विधायक बने हैं, जबकि दादा भूसे कई बार चुने गए वरिष्ठ विधायक और मंत्री हैं। क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर महेंद्र थोरवे ने आक्रमकता से बात की है। मुख्यमंत्री ने इस विषय को गंभीरता से लिया और दोनों को समझा दिया है। राकांपा विधायक दल के नेता जयंत पाटिल ने विधानसभा में मंत्री और विधायक में हुई मारपीट की छानबीन करने की मांग की है। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में गैंगवार महाराष्ट्र विधानमंडल तक पहुंच गया है।

# नौसेना लक्षद्वीप में नए बेस आईएनएस जटायु से आईओआर पर रखेगी नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के कमांडरों की कॉन्फ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होनी है। इसी दौरान नौसेना लक्षद्वीप में नया बेस आईएनएस जटायु शुरू करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह बेस अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। इसी के साथ नौसेना अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर अपने बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है। नौसेना में विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पहली बार 50 मेहमान देशों के साथ बहुपक्षीय अभ्यास 'मिलन' में हिस्सा लेकर पश्चिमी समुद्र तट के लिए रवाना हो चुके हैं। कारवार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित है और भारत के पश्चिमी तट पर गोवा के साथ अपनी सीमा साझा करता है। कारवार में ही दोनों विमानवाहकों पर अगले सप्ताह कमांडर कॉन्फ्रेंस होनी है, जिसमें नौसेना के टॉप कमांडर्स एक साथ देश की साझा रणनीति और तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

### नौसेना कमांडरों की कॉन्फ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर

### अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल करेगी नौसेना



### आईएनएसवी तारिणी से मॉरीशस रवाना हुईं नौसेना की दो महिला अधिकारी

भारतीय नौसेना ने नौकायन पोत 'तारिणी' से दो महिलाओं को विशेष अभियान पर मॉरीशस के लिए रवाना किया है। गोवा में आईएनएस मंडोवी से रवाना हुई इस नौका के 20 मार्च को मॉरीशस में पोर्ट लुइस पहुंचने की संभावना है। आईएनएसए के तत्वावधान में यह विशेष अभियान नौसेना के महासागर नौकायन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि यह भारतीय महिलाओं की डबल हैंड मोड में की जाने वाली पहली ट्रांसोनिक सॉर्टी है।

### वायु सेना की चार इकाइयों को एक साथ मिलेगा प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड और कलर

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 08 मार्च को वायु सेना स्टेशन हिंडन में भारतीय वायु सेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति के मानक और रंगों से सम्मानित करेंगी। भारतीय वायु सेना के इतिहास में पहली बार चार इकाइयों को एक साथ राष्ट्रपति मानक और रंगों से सम्मानित किया जाएगा।

# पीटीआई समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर खैबर पख्तूख्वा के सीएम चुने गए

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पीटीआई समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया, जबकि पीएमएल-एन के सरदार अयाज सादिक नेशनल असेंबली के स्पीकर बने। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा पर 8 फरवरी के आम चुनावों में 'धांधली' में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। अली अमीन गंडापुर ने पीटीआई की महिला उम्मीदवारों के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने की भी मांग की और पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा से 9 मई की हिंसा की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग बनाने को कहा। उन्होंने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के लिए निष्पक्ष सुनवाई और जेल से उनकी रिहाई की मांग की। उन्होंने इमरान खान की उम्मीदों पर खरा उतरने का वादा किया। आर्थिक स्थिति पर मुख्यमंत्री ने कहा, ₹हमें अपने पैरों पर खड़ा होना होगा, अपना राजस्व



बढ़ाना होगा और गरीबों को राहत देनी होगी। गंडापुर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार इबादुल्ला खान को हराकर मुख्यमंत्री बने। अली अमीन गंडापुर ने केंद्र में पीटीआई के कार्यकाल के दौरान कश्मीर मामलों और गिलगित-बाल्टिस्तान के संघीय मंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्होंने 2013 से 2018 तक खैबर पख्तूनख्वा असेंबली के सदस्य और प्रांतीय मंत्री के रूप में भी काम किया था। नेशनल असेंबली के निवर्तमान स्पीकर राजा परवेज अशरफ के अनुसार, सरदार अयाज सादिक को कुल 291 वोटों में से 199 वोट मिले। सरदार अयाज सादिक ने पीटीआई समर्थित उम्मीदवार अमीर डोगर को हराया, जिन्हें 91 वोट मिले।